राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 22
लखनऊ, शनिवार 20 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



किसानों को समय पर मिले सरकारी योजनाओं का लाभ : सूर्य प्रताप शाही 03

मतदाता सूची की विश्वसनीयता लोकतंत्र के लिए जरूरी : सपा जिलाध्यक्ष 12

सीएम योगी ने पीएम मोदी के व्यक्तित्व पर लिखी पुस्तक के विमोचन व विजन यूपी 2047 के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा

# यूपी के विकास से ही विकसित होगा भारत

▸ गैंगस्टर नहीं हाईवे और उद्योग की वजह से जाना जाता है अब गाजियाबाद

समृद्धि न्यूज

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत तभी विकसित होगा जब उत्तर प्रदेश विकसित होगा। इसलिए हम विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के विजन को लेकर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है कि हमें विरासत का सम्मान करना चाहिए, विरासत के सम्मान के साथ-साथ गुलामी की मानसिकता को जड़ से खत्म करना है। यह बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व पर पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर द्वारा लिखी पुस्तक के विमोचन और विजन उत्तर प्रदेश 2047 के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहीं।



## मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था हुई सुदृढ़

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया के सुदृढ़ अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में विकास किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2025 के बीच 70 फीसदी लोग भारत के सामाजिक सुरक्षा के योजनाओं का लाभ ले रहे हैं, जबकि इससे पूर्व यह आंकड़ा 25 से 30 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का तीसरा स्टार्टअप ईको सिस्टम रखने वाला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश देश के बीमारू राज्य में शामिल था। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद की छवि पहले अच्छी नहीं थी। यह गैंगस्टर के लिए जाना जाता था। यहां पर एक गैंगस्टर के नाम पर फिल्म बन चुकी है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद की पहचान गंदगी और गैंगस्टर से थी। गौतम बुद्ध नगर लूट का एक अड्डा बन गया था। यह अफवाह फैला दी गई थी कि अगर मुख्यमंत्री वहां गए तो दोबारा सीएम नहीं बनेंगे।

उन्होंने कहा कि सेना और वर्दीधारी लोगों का सम्मान करना है। समरसता का व्यवहार करना है और नागरिक कर्तव्य का पालन करना है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति जिस क्षेत्र में काम कर रहा है, वहां पर अपने कर्तव्यों को राष्ट्रीय कृत्य मानकर जब कार्य करेगा तो उसका परिणाम सकारात्मक होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश को लेकर उत्तर प्रदेश के विधानसभा में अगस्त माह में एक मैराथन चर्चा हुई। जिसमें सभी दलों के नेताओं ने भारी संख्या मे भाग लिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत पर चर्चा करने के लिए 300 से ज्यादा बुद्धिजीवी लोग विभिन्न क्षेत्रों में जाकर महिलाओं, उद्यियों, व्यवसायियों, चिकित्सकों, समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों से संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम गुलामी के कालखंड में थे तो हमारे अंदर गुलामी की मानसिकता छा गई थी। हमने भारतीयता को पिछड़ेपन का कारण मान लिया था। हमने मान लिया था कि जो विदेशी है वह सर्वश्रेष्ठ है, जो भारतीय है वह पिछड़ा है।

अगर आप इससे पीछे जाएंगे तो आप पाएंगे कि 17 वीं सदी तक भारत दुनिया की नंबर वन अर्थव्यवस्था हुआ करता था। चीन दूसरे स्थान पर था। बाकी सब देश काफी पीछे थे। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हमारे बीच गुलामी की मानसिकता समाती चली गई, भारत पिछड़ता चला गया। उन्होंने कहा कि बार-बार गौतम बुद्ध नगर जाने के बावजूद भी मैं 5 साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद दोबारा मुख्यमंत्री बना। उन्होंने कहा कि बिजनौर के बारे में कहा जाता था कि रात को मुख्यमंत्री को वहां पर नहीं रुकना चाहिए। मैं वहां गया और वहां पर रात्रि को रुका। आगरा के बारे में कहा जाता था कि सर्किट हाउस में रुकने पर वहां भूत आ जाता है। मैंने भूत से साक्षात्कार करने की ठानी और रात्रि में आगरा में रुका।

## योगी के निर्देश के बाद अयोध्या की पुलिस अलर्ट

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद शारदीय नवरात्र से महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को समर्पित 'मिशन शक्ति' को लेकर अयोध्या जनपद में भी काम शुरू हो गया है। शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने यहां मुख्यालय पर जिले के समस्त थानों में तैनात महिला बीट आरक्षियों के साथ बैठक की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश बताते हुए कहा कि वर्ष 2020 से प्रारम्भ हुए इस अभियान से प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में आशातीत परिणाम मिले हैं। अब तक इसके चार चरण पूरे हो चुके हैं और आगामी 22 सितम्बर से प्रारम्भ होकर यह पांचवा चरण 30 दिनों तक सतत रूप से संचालित होगा। इस चरण में विभागीय समन्वय के साथ व्यापक कार्यक्रम चलाए जाएँ। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की फुट पेट्रोलिंग को और प्रभावी बनाया जाए। पीआरवी-112 की सभी गाड़ियाँ लगातार सड़कों पर सक्रिय रहें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद डा. गौरव ग्रोवर व मिशन शक्ति अभियान के जनपदीय नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत कुमार चौधरी ने महिला बीट पुलिस कर्मियों के साथ गोष्ठी कर सम्बन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये।

## मणिपुर में छह उग्रवादी गिरफ्तार

### भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस एवं सुरक्षा बलों के बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के चुराचांदपुर, तेंगनौपाल और चंदेल जिलों में व्यापक अभियान चलाया है। इस दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य सैन्य उपकरणों का एक बड़ा जखीरा बरामद करने के साथ ही कुल 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए उग्रवादियों में केसीपी के चार, प्रीपाक (प्रो) के एक और सोरेपा के एक कैडर हैं।

मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व जिले के एंड्रो पार्किंग से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय कार्यकर्ता ताओरेम तोमचौ मैतेई उर्फ पेना (45) को गिरफ्तार किया है। इसी कड़ी में एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के लामसांग थाना क्षेत्र से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के 03 सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार कैडरों की पहचान लीशांगथेम टंडन सिंह (34) उर्फ जॉन, लीशांगथेम आनंद सिंह (34) और हेइखम हेमचंद्र सिंह



(41) उर्फ बोइनाओके रूप में हुई है। उनके कब्जे से 2 एसएलआर राइफलें, 1 संशोधित .303 राइफल, 1 इंसास राइफल, 1 संशोधित .303 राइफल बाइपॉड सहित, 1 इंसास एलएमजी मैगज़ीन, 3 इंसास राइफल मैगज़ीन, 7.62 एसएलआर राइफल की 4 मैगज़ीन, 1.303 राइफल मैगज़ीन, 27.303 राइफल के कारतूस, 23 7.62 मिमी एसएलआर के कारतूस, 14 राउंड एके रायफल के कारतूस, 35 राउंड इंसास के कारतूस, 3 मोबाइल फोन और 3 आधार कार्ड की बरामदगी हुई है। इसी कड़ी में सुरक्षा बलों ने प्रीपाक (प्रो) के सक्रिय कार्यकर्ता इचाम खुनौ अवांग लेइकाई निवासी थोंगब्रम टिकेन मैतेई (40) को थौबल जिले के थौबल थाना क्षेत्र के उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया। उसके पास से सिम कार्ड सहित एक मोबाइल फोन जब्त किया गया।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,11,480/ |
| 22 कैरेट | = | 10,2200/ |
| 18 कैरेट | = | 83,650/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,33,000/ |

## आयोग ने 474 गैरमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का पंजीकरण किया समाप्त

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गैर-मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों पर कार्रवाई करते हुए 474 का पंजीकरण समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही पिछले दो महीनों में आयोग 808 ऐसे दलों पर कार्रवाई कर चुका है। आयोग ने 9 अगस्त को 334 दलों की मान्यता खत्म की थी। राजनीतिक दल जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत पंजीकृत होते हैं। इससे पार्टी और उससे जुड़े लोगों को कुछ विशेषाधिकार और लाभ मिलते हैं। हालांकि लगातार छह सालों तक चुनाव नहीं लड़ने की स्थिति में इन पार्टियों का पंजीकरण समाप्त किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने ऐसे दलों की पहचान की और उनके खिलाफ कार्रवाई की। आयोग ने 359 अन्य राजनीति दलों की पहचान भी की है।

## संभल जामा मस्जिद के सदर जफर अली को राहत, कार्यवाही पर रोक

### निषेधाज्ञा उल्लंघन मामले में दर्ज एफआईआर का मामला कोर्ट ने राज्य सरकार से तीन हफ्ते में मांगा जवाब

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल की जामा मस्जिद के सदर जफर अली को निषेधाज्ञा उल्लंघन मामले में अंतरिम राहत दे दी है। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक दर्ज एफआईआर के तहत किसी कार्रवाई पर रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा तथा न्यायमूर्ति अब्दुल शाहिद की खंडपीठ ने जफर अली व तीन अन्य की याचिका पर दिया है।

संभल जामा मस्जिद के सदर जफर अली को मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा में आरोपी बनाया गया है। इस मामले में उन्हें 24 जुलाई 2025 को सशर्त जमानत मिल गई है। जमानत मिलने पर उन्होंने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए एक अगस्त को जेल से रिहा होने पर वाहनों के साथ जुलूस व रैली निकाली। इस पर पुलिस ने 5 अगस्त 2025 को संभल कोतवाली में निषेधाज्ञा के उल्लंघन के आरोप में एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने जफर अली, सरफराज, ताहिर, हैदर और 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। जिसे चुनौती दी गई है। याची का कहना है कि असंज्ञेय अपराध का आरोप है। जिसकी एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती। कम्प्लेंट केस दर्ज किया जा सकता है।

## वैश्विक डाक संघ की प्रशासन परिषद व डाक संचालन परिषद के लिए फिर चुना गया भारत

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई में आयोजित 28वीं यूपीयू कांग्रेस के दौरान भारत को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की प्रशासन परिषद (सीए) और डाक संचालन परिषद (पीओसी) के लिए पुनः निर्वाचित किया गया है। यूपीयू, संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी, डाक क्षेत्र के हितधारकों के बीच सहयोग का प्रमुख मंच है। सीए नीति, नियामक और शासन संबंधी मामलों के लिए जिम्मेदार है, जबकि पीओसी तकनीकी और परिचालन निकाय है जो दुनिया भर में डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण को गति प्रदान करता है। भारत का पुनः निर्वाचित होना भारतीय डाक के नेतृत्व, सुधारों और नवीन डिजिटल पहलों में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के विश्वास को दर्शाता है।

## उत्तर प्रदेश के 59 जिलों में बारिश की संभावना

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** आगामी चौबीस घंटे के दौरान उत्तर प्रदेश के 59 जिलों में मौसम विभाग ने हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं प्रयागराज जिले समेत 11 जिलों में भारी वर्ष की संभावना जताई गई है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग एवं उत्तर प्रदेश मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि अचानक तेज हवाओं एवं मेघगर्जना के साथ अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, आज़मगढ़, फ़तेहपुर, जौनपुर, कौशांबी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, सुल्तानपुर में भारी बारिश की संभावना है। बारिश के दौरान कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। उप्र के प्रयागराज, जौनपुर, प्रतापगढ़, चित्रकूट, महोबा,



कौशाम्बी, हमीरपुर, फतेहपुर, जालौन, रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, इटाह, मैनपुरी, आजमगढ़, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, कानपुर देहात, उन्नाव, औरैया, बाराबंकी, कन्नौज में अचानक 30 से 40 किलोमीटर की गति से चलने वाली हवाओं के साथ मेघगर्जन हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

इसी तरह प्रदेश के सोनभद्र, मिर्जापुर,प्रयागराज, संतकबीर नगर, वाराणासी, गाजीपुर, जौनुपर,बलिया, चित्रकूट, महोबा, बांदा, हमीरपुर, जालौन, बरेली, कानपुर नगर, ललितपुर, झांसी, इटावा, अमरोहा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटाह, हाथरस, मथुरा, कासगंज, आजमढ़, मऊ, अम्बेडकर नगर, देवरिया, अयोध्या, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कानपुर देहात, उन्नाव, औरैया, लखनऊ, बाराबंकी, कन्नौज, हरदोई, फरूख्खबाद, सीतापुर, गोंडा, शाहजहांपुर, रामपुर, अलीगढ़, बदायूं, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, संभल, हापुड़, अमरोहा, गाजियाबाद, मुरादाबाद,मेरठ, बागपत, बिजनौर, मुजफ्फर नगर, सामली, सहारनपुर में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। इसके साथ ही मेघगर्जना और कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत को चुना गया इंटरपोल एशियन कमेटी का सदस्य

**नई दिल्ली।** भारत को सिंगापुर में 19 सितंबर को हुई 25वीं एशियन रीजनल कॉन्फ्रेंस के दौरान इंटरपोल एशियन कमेटी का सदस्य चुना गया। चुनाव बहु-स्तरीय मतदान प्रक्रिया से हुआ। यह समिति एशियन रीजनल कॉन्फ्रेंस को उसके कामकाज में परामर्श देगी और क्षेत्रीय प्राथमिकताओं को तय करेगी। इसमें संगठित अपराध, साइबर अपराध, मानव तस्करी, आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे मामलों पर सहयोग पर जोर रहेगा। समिति हर साल बैठक करेगी और सदस्य देशों के बीच समन्वित कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश देगी। भारत का प्रतिनिधित्व इस सम्मेलन में सीबीआई (सीबीआई) के प्रतिनिधिमंडल ने किया। भारत की जीत के लिए भारतीय राजनयिकों, दूतावासों/हाई कमीशनों और नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (एनसीबी-भारत) ने अन्य देशों से समर्थन मांगा।

### वक्फ बिल पर अंतिम फैसला आने तक आंदोलन रहेगा जारी

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्य समिति ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश की समीक्षा के लिए बोर्ड अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी की अध्यक्षता में एक आपातकालीन ऑनलाइन बैठक की बैठक में विचार-विमर्श के बाद कई प्रस्ताव पारित किए गए। बोर्ड ने बिल के विरुद्ध चलाए गए अभियान में समर्थन के लिए विपक्षी दलों, सांसदों, नागरिक समूहों, मानवाधिकार संगठनों, अल्पसंख्यक नेताओं और न्याय-प्रेमी नागरिकों को धन्यवाद दिया है। बैठक में बोर्ड ने पहले से मौजूद वक्फ बाय यूजर को संरक्षित करने के न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया तथा इसे एक बड़ी राहत बताया।

### दिल्ली-यूपी कॉरिडोर में चलेंगी किफायती दरों पर एसी बसें

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि दिल्ली-यूपी कॉरिडोर में बस कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए किफायती किराया दरों पर छह एसी अंतरराज्यीय बस सेवाएं लोगों के लिए उपलब्ध होंगी।

पंकज सिंह ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा-2025 के दौरान राजधानी और यूपी की जनता को बड़ा तोहफ़ा देने जा रही है।

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने घटाई आजीवन व नई सदस्यता की फीस

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने आजीवन सदस्यता और नई सदस्यता का शुल्क कम करने का निर्णय लिया है। आजीवन सदस्यता का शुल्क 25 हजार की जगह 10 हजार रुपये कर दिया गया तो नई सदस्यता की फीस भी 6600 से घटाकर 5600 रुपये कर दी गई।

लाइब्रेरी हाल में शुक्रवार को हुई एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पांडे की अध्यक्षता में हुई आमसभा में ध्वनिमत से आजीवन सदस्यता का शुल्क 25 हजार रुपये से घटाकर 10 हजार रुपये किया गया जो दिनांक 31 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। इसके अलावा नई सदस्यता का शुल्क 6600 रुपये से घटाकर 5600 रुपये किया गया। यह व्यवस्था शनिवार से लागू होंगी। आमसभा का संचालन महासचिव अखिलेश कुमार शर्मा ने किया। आमसभा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष केके द्विवेदी, उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह सोनू, विवेक मिश्र, राजकुमार त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद मिश्र व दिनेश वरुण, संयुक्त सचिव बैरिस्टर सिंह, शशि कुमार द्विवेदी उग्र, आरडी पांडेय व बिंदु कुमारी, कोषाध्यक्ष अंजनी कुमार मिश्र, गवर्निंग काउंसिल सदस्य अंजली सिंह तोमर, कनक त्रिपाठी, दिवांशु तिवारी, बलदेव शुक्ल, अभिषेक तिवारी, तृप्ति यादव, आरती गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## भारत का पहला मानवयुक्त मिशन 2027 में निर्धारित : इसरो अध्यक्ष

**बेंगलुरु।** भारत का गगनयान कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित वापस पृथ्वी पर लाना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारत का पहला मानवयुक्त मिशन 2027 की अंतिम तिमाही में निर्धारित है। बेंगलुरु में हाइड्रोजन फ्यूल नेशनल वर्कशॉप के उद्घाटन के दौरान मीडिया के बात करते हुये उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम से जुड़े लगभग 80 से 85 प्रतिशत कार्य पहले ही कर लिये गये हैं। श्री नारायणन ने कहा, पहला मानवरहित मिशन इस साल दिसंबर में निर्धारित है।

## एनआईए से यूपी पुलिस के 30 अफसर लेंगे प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के विशेषज्ञों से उत्तर प्रदेश पुलिस महकमे के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से लेकर उपनिरीक्षक तक 30 चुनिंदा अफसर आतंकवाद से मुकाबला और विवेचनाओं की बारीकियां सीखने के लिए प्रशिक्षण लेंगे। यह दो दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण (कैपिसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग) सीबीटीपी के तहत 24 और 25 सितंबर को राजधानी लखनऊ स्थित एनआईए कार्यालय में आयोजित होगा।

एनआईए के वरिष्ठ अधिकारी वैभव सक्सेना, नील कमल, बीबी पाठक, दिलीप श्रीवास, रिद्धिमा सिन्हा, प्रभात कुमार बाजपेई और वीके बासवानी



इस प्रशिक्षण को संचालित करेंगे। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रदेश पुलिस को आतंकवाद से निपटने के लिए और सक्षम बनाना है, ताकि वे बदलते समय के साथ उभरती चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें।

पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण निदेशालय ने सभी कमिश्नरेट और जिलों से उन पुलिसकर्मियों के नाम मांगे हैं, जो वर्तमान में विवेचना (जांच) से संबंधित कार्यों में सक्रिय हैं। इस कोर्स में केवल 30 चयनित अधिकारियों को ही शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से न केवल पुलिसकर्मियों का कौशल बढ़ेगा, बल्कि एनआईए के साथ समन्वय भी मजबूत होगा। यह प्रशिक्षण आतंकवाद के खिलाफ जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगा। इस पहल को पुलिस महकमे में सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिससे प्रदेश की कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। विशेषज्ञ अधिकारियों को आतंकवाद से जुड़े खतरों, उनकी जांच और रोकथाम की आधुनिक तकनीकों के बारे में प्रशिक्षित करेंगे।

## दिग्गज पार्श्व गायक जुबीन गर्ग का सिंगापुर हादसे में निधन

**गुवाहाटी।** असम के मशहूर गायक जुबीन गर्ग (52) का सिंगापुर में एक दर्दनाक स्कूबा डाइविंग हादसे में निधन हो गया। जुबीन को समुद्र से निकालकर पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों की लाख कोशिशों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। प्रसिद्ध असमिया गायक, अभिनेता और संगीत जगत के दिग्गज जुबीन गर्ग, जिन्हें फिल्म गैंगस्टर के हिट गाने या अली के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है, का सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान हुए एक हादसे में दुखद निधन हो गया। सिंगापुर पुलिस ने उन्हें समुद्र से बचाया और पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया।

वार्ता

रक्षा मंत्री ने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शामिल हुए अधिकारियों और सैनिकों से की बातचीत

## पड़ोसियों के साथ रिश्तों के मामले में भारत नहीं रहा भाग्यशाली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के 60 वर्ष पूरे होने पर साउथ ब्लॉक में उस युद्ध में शामिल हुए अधिकारियों और सैनिकों के साथ शुक्रवार को बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ रिश्तों के मामले में कभी भी भाग्यशाली नहीं रहा है, लेकिन हमने इसे नियति नहीं माना है।

किसी भी राष्ट्र का वास्तविक भाग्य खेतों, कारखानों, प्रयोगशालाओं में और रणभूमि में बहाए गए पसीने से बनता है। भारत अपना भाग्य किसी



और के भरोसे नहीं छोड़ता, भारत अपना भाग्य खुद गढ़ता है। इसका एक उदाहरण हमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक बार फिर देखने को मिला। उन्होंने कहा कि 1965 का युद्ध कोई छोटा-मोटा संघर्ष नहीं था, बल्कि वह भारत की ताकत की परीक्षा थी।

उस दौर की परिस्थितियों को देखते हुए पाकिस्तान ने सोचा था कि घुसपैठ या गुरिल्ला हमलों से वह भारत को डरा देगा, लेकिन भारत की मिट्टी में पला हर जवान इस भावना के साथ पला-बढ़ा होता है कि चाहे कुछ भी हो जाए, लेकिन इस देश की संप्रभुता और अखंडता पर आंच नहीं आने देगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि कोई भी युद्ध केवल लड़ाई के मैदान में नहीं लड़ा जाता, बल्कि युद्ध में मिली जीत पूरे राष्ट्र के सामूहिक संकल्प का परिणाम होती है। उन्होंने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों के मामले में भाग्यशाली नहीं रहा है, लेकिन हमने अपनी नियति स्वयं तय की है, जिसका ताजा उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर है। रक्षा मंत्री ने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दिग्गजों के साथ बातचीत में कहा कि हम पहलगाम की भयावह घटनाओं को भूले नहीं हैं।

इस घटना को याद करते ही हमारा दिल भारी हो जाता है और मन क्रोध से भर जाता है। पहलगाम की घटना ने हम सभी को झकझोर दिया, लेकिन हमारे मनोबल को नहीं तोड़ पाई। हमने ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मनों को दिखा दिया कि हमारा प्रतिरोध कितना मजबूत और शक्तिशाली है। हमारी पूरी टीम के करिश्मे ने साबित कर दिया कि जीत अब कोई अपवाद नहीं है। जीत एक आदत बन गई है और हमें इस आदत को हमेशा बनाए रखना चाहिए।

## सुरक्षाबलों पर हमले में असम राइफल्स के दो जवान शहीद

एजेंसी

**इम्फाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार शाम अज्ञात हमलावरों ने असम राइफल्स की गाड़ी पर हमला कर दिया। हमले में 2 जवान शहीद हो गए, जबकि 4 जवान घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने रिम्स अस्पताल पहुंचाया।

घटना के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना शाम करीब 6 बजे नम्बोल सबल लाइकाई इलाके में हुई, जब असम राइफल्स के जवान इम्फाल से बिष्णुपुर की ओर जा रहे थे। हमलावरों ने घात लगाकर वाहन पर अंधाधुंध गोलियां चलाई। जवान ने बताया- अचानक हमले में संभलने का मौका नहीं मिला एक घायल जवान ने बताया कि वे पटसोई से लौट रहे थे। जहां असम राइफल्स की दूसरी टीम ड्यूटी पर थी। तभी अचानक हमला हो गया। बाइक पर सवार हथियारबंद लोगों ने छिपकर अचानक हमला किया। हमें संभलने का मौका ही नहीं मिला। कई राउंड फायरिंग करने के बाद हमलावर भाग गए। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा- हमारे बहादुर जवानों पर घात लगाकर किए गए इस हमले की खबर से मैं गहराई से दुखी हूं। दो जवानों की शहादत और कई के घायल होने की खबर हम सबके लिए बड़ा झटका है।

## खबरें एक नजर में

### एसपी ने चलाया तबादला एक्सप्रेस, तीन इंस्पेक्टर को बनाया प्रभारी, एक को भेजा पुलिस लाइन

**हमीरपुर।** जिले की कानून व्यवस्था को एक बार फिर से एसपी ने तबादला एक्सप्रेस चलाई है।एसपी ने दो प्रभारी निरीक्षकों को यहां से वहां किया है। इसके साथ ही एक प्रभारी निरीक्षक को पुलिस लाइन तो एक निरीक्षक को पुलिस लाइन से थाने का प्रभार सौपा है। जिले में कानून व्यवस्था मजबूत और सुदृण बनाने को लेकर एसपी डॉ दीक्षा शर्मा ने गुरुवार की रात तबादला एक्सप्रेस चलाई है। जिसमे निरीक्षक रामआसरे सरोज को प्रभारी निरीक्षक थाना राठ से हटाकर थाना कुरारा का प्रभारी बनाया है इसके साथ ही निरीक्षक नंदराम प्रजापति को प्रभारी निरीक्षक कुरारा से हटाकर थाना बिवांर का प्रभार सौपा है। निरीक्षक अमित कुमार को पुलिस लाइन से थाना राठ का प्रभारी बनाया है। वहीं निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को प्रभारी निरीक्षक थाना बिवांर से हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया है।

### रक्तदान के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने खून के दिए नमूने



**मुस्करा।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा मंडल अध्यक्ष शक्ति चौरसिया के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित रक्तदाताओं ने अपने अपने रक्त के नमूने दिए। वहीं शक्ति चौरसिया और सीएचसी प्रभारी डॉ.बृजेंद्र राजपूत ने बताया कि 23 सितंबर को सीएचसी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें सभी क्षेत्रवासी और भाजपा कार्यकर्ता रक्तदाता बनकर बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। कहा कि रक्तदान महादान है जिससे किसी की जान बचाई जा सकती है। मानवता में इससे बड़ा कोई दान नहीं हो सकता। इस मौके पर रक्तदान के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष शक्ति चौरसिया, ब्लाक प्रमुख वीर नारायण राजपूत, जिला पंचायत सदस्य करनसिंह, अमित शिवहरे,प्रीती द्विवेदी,मधु गुरुदेव, आशा त्रिवेदी, भूपेंद्र राजपूत, सुनील अग्रवाल सहित पचास से अधिक लोगों ने अपने रक्त के नमूने दिए।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ई रिक्शा सवार दो लोग घायल

**कुरारा, हमीरपुर।** थानाक्षेत्र के कुरारा मनकी मार्ग में अज्ञात चार पहिया वाहन ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाक्षेत्र के कुतुबपुर गांव निवासी राजेंद्र (55) पुत्र रघुवीर, दीपिका (15) पुत्री महेंद्र पाल ई रिक्शा में बैठकर कस्बा से घर वापस जा रहे थे। तभी कुरारा मनकी मार्ग में कुतुबपुर गांव के पास पेट्रोल पंप के सामने एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे राजेंद्र, दीपिका गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आनन फानन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। प्राथमिक उपचार के बाद जहां राजेंद्र की हालत नाजुक देख चिकित्सको ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही दीपिका का उपचार जारी है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**महोबा।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, आल्हा चौराहा महोबा में शुक्रवार को संस्कृति बोध परियोजना अंतर्गत अखिल भारतीय छात्र निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठी से द्वादश तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस वर्ष निबंध विषय वर्गानुसार निर्धारित किए गए थे- बाल वर्ग (कक्षा 6–8): महाकुंभ का पौराणिक व सांस्कृतिक महत्व, किशोर वर्ग (कक्षा 9–10): महाकुंभ के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन, तरुण वर्ग (कक्षा 11–12): महाकुंभ राष्ट्रीय एकता का प्रतीक वर्ग। प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने अपनी मौलिकता, अभिव्यक्ति और लेखन कौशल का परिचय देते हुए निबंध प्रस्तुत किए। चयनित निबंध प्रांतीय समिति कार्यालय को भेजे जाएंगे, जहां से उनका प्रांत स्तर पर चयन होगा। कार्यक्रम प्रमुख सौरभ त्रिवेदी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन कला, चिंतनशीलता और सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य एवं आचार्या बहनों का विशेष योगदान रहा।

### अश्लील गाने व देवी पंडालों में तेज गति से डीजे बजाने पर प्रतिबंध



**अतर्रा/बांदा।** कस्बे मे नवरात्र के चलते सुबह 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक ओवरलोड हुआ बड़े वाहनों पर नो एंट्री रहेगी। विसर्जन के दौरान अश्लील गाने व देवी पंडालों में तेज गति से डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। उक्त बाते उप जिलाधिकारी राहुल द्विवेदी ने थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कही। नवरात्र के चलते थाना परिसर में शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक यूपी जिला अधिकारी राहुल द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें उप जिलाधिकारी ने नगर की सफाई व बिजली व्यवस्था सहित विभिन्न विभागों को नवरात्र के दौरान व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के आवश्यक निर्देश दिए नगर के सभी देवी पंडालू के अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं से आवश्यक सुझाव मांगे गए जिसमें सभी ने बिजली कटौती बंद करने सहित नगर के प्रमुख मार्गों को कस दुरुस्त कर दें व नवरात्र के चलते कस्बे में नो एंट्री बढ़ाये जाने की मांग की जिसमें क्षेत्राधिकारी प्रवीण यादव ने कस्बे मे नो एंट्री बढ़ाते हुए रात्रि 12 बजे से सुबह 400 बजे तक ही भारी वाहनों को कस्बे में प्रवेश देने का भरोसा लोगों को दिया। इसके साथ ही क्षेत्र अधिकारी ने विसर्जन के दौरान अश्लील गाने पटाखे पर पूरी तरह प्रतिबंध की बात कही। इस अवसर पर प्रशिक्षु क्षेत्राधिकार पीयूष कुमार पांडे, कोतवाली प्रभारी ऋषि देव सिंह, कस्बा इंचार्ज एस आई प्रीत कुमार पांडे, प्रेमपाल यादव, रमेश कुमार, बालमुकुंद शुक्ला, दयाशंकर श्रीवास्तव, व्यापार मंडल से अवधेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, सूरज बाजपेई, संजय साहू, श्रीकांत गुप्ता, किसान यूनियन महेंद्र त्रिपाठी, सुशील चौरिहा सहित नगर के सभी देवी पंडालों के कार्यकर्ता व समिति के अध्यक्ष मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में मरीजों को फल वितरण



**कमासिन/बांदा।** अखंड भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्म दिवस पर बबेरू विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कमासिन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमासिन में पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा ब्लॉक प्रमुख कमासिन रावेंद्र गर्ग भाजपा मंडल अध्यक्ष कमासिन प्रदीप मिश्रा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हेमन्त बिसेन की मौजूदगी में मरीजों का हाल–चाल स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुए फल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व सांसद भैरव मिश्रा ने कहा कि सशक्त परिवार स्वस्थ समाज के लिए शासन द्वारा स्वास्थ्य शिविर में माताओ बहनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क उपचार के लिए सभी जागरूक हो रहे हैं ।मोदी के जन्मदिन पर स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के द्वारा जन–जन तक पहुंचाने का यह मजबूत आधार है। फल वितरण कार्यक्रम के दरम्यान भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा, पवन सिंह सहित तमाम भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता सहित प्रदेश परिषद के उद्धव सिंह परिहार व भाजपा मण्डल अध्यक्ष मार्का दिनेश निषाद मौजूद रहे। वहीं स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर संजय जयसवाल, डॉक्टर नरेश कुमार सहित ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक संदीप कुमार गुप्ता, विभव कुमार फार्मासिस्ट, सुरेश सिंह, एलटी धर्म सिंह, विनय सिंह, मरीज का उपचार कर स्वास्थ्य सलाह देकर दवाओ का वितरण किया ।

### पुलिस अधीक्षक ने महिला थाना व परिवार परामर्श केंद्र का किया गया आकस्मिक निरीक्षण



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा महिला थाना व परिवार परामर्श केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान महिला संबंधित प्रकरणों तथा लंबित मामलों की समीक्षा की गई साथ ही पीड़ितों को प्रदान की जा रही सहायता एवं सुविधाओं की वास्तविकता को परखा गया। इस दौरान थाना कार्यालय सहित थाना परिसर की साफ–सफाई, महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रोटेशन, आगन्तुकों के लिए शौचालय, पीने के पानी की सुविधाएं, प्रतिक्षाकक्ष की व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया साथ ही थाने के सीसीटीएनएस, महिला हेल्पडेस्क, अपराध रजिस्टर सहित रिकार्ड रुम व उनके रख–रखाव आदि का अवलोकन किया गया । थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि महिला सम्बन्धी प्रकरणों मे संवेदनशीलता के साथ–साथ उनकी गोपनीयता का भी ध्यान रखते हुए उनके मामलों का शीघ्रता से निस्तारण करें। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा परिवार परामर्श केन्द्र की कार्यप्रणाली को पारदर्शी, संवेदनशील एवं और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सम्बन्धित को स्पष्ट निर्देश दिया कि हर परामर्श सत्र में कम से कम एक अनुभवी, प्रशिक्षित परामर्शदाता रहे जो सामाजिक कार्यकर्ता अथवा विधिक पृष्ठभूमि से प्रशिक्षित हों, ताकि वे दंपत्तियों के पारिवारिक समस्याओं को गंभीरता, गोपनीयता और निष्पक्षता से समझ सकें। परिवार का कोई भी सदस्य (विशेषकर पत्नी) यदि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या धमकी की शिकायत करती है, तो उसकी सुरक्षा, विधिक सहायता और मनोवैज्ञानिक परामर्श की तत्काल व्यवस्था की जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर उच्चाधिकारियों सहित अन्य विभागों से भी सहयोग लिया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक आदि मौजूद रहे।

# बरेली के जेलर व फतेहपुर के डिप्टी जेलर हमीरपुर कारागार में तैनात

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदी की पिटाई के बाद हुई मौत के मामले में निलंबित हुए जेलर और डिप्टी जेलर के स्थान पर जाँच के दौरान बरेली सेन्ट्रल जेल के जेलर को तैनात किया गया है वहीं फतेहपुर जेल के डिप्टी जेलर को अस्थाई तौर पर भेजा गया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सूरजपुर वार्ड निवासी अनिल कुमार द्विवेदी पुत्र कृष्ण कुमार द्विवेदी एससीएसटी के दस साल पुराने मामले में बीते 11 सितंबर को न्यायालय पेशी पर गए थे जहाँ से उसे जिला कारागार भेज दिया गया था। जेल में कैंटीन से अधिक दामों पर गुटखा मिलने के विरोध में उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। समय पर इलाज ना मिलने पर बीते रविवार को उसकी मौत हो गई थी। जिस पर परिजनों ने हंगामा काटा था।मृतक की पत्नी की मांगो का आश्वासन मिलने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया था।इस घटना में हमीरपुर जेल के जेलर जेपी चंदीला, डिप्टी जेलर संगेश कुमार व पुलिस कर्मी अनिल यादव, तीन लम्बरदार दीपक, दिलीप, शफी मुहम्मद, राइटर विनय सिंह व एक अज्ञात के विरुद्ध सदर कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है।जेलर और डिप्टी जेलर को निलंबित कर दिया गया था। जाँच के दौरान तक इनके स्थान पर बरेली सेन्ट्रल जेल के जेलर आनंद सिंह को तीन माह के लिए और फतेहपुर जेल के डिप्टी जेलर केपी सिंह को अस्थाई तौर पर हमीरपुर जिला कारागार में तैनात किया गया है।

### बंदी के हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर तीसरे दिन जारी रहा धरना-प्रदर्शन

**हमीरपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के तत्वाधान में शुक्रवार जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदी अनिल कुमार द्विवेदी की पीट–पीट कर हत्या करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी मांग सहित 18 सूत्री मांगो को लेकर चल रहें प्रदर्शन के तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान जिलाध्यक्ष भगवान दास दीक्षित और महामंत्री शैलेन्द्र सचान ने बताया विचाराधीन बंदी की पीट पीट कर हत्या करने से जेल में निरुद्ध बंदी सहमे और डरे है।कहा कि जिला कारागार में कैदियों से मिलने जाने वाले अधिवक्ताओं के जेल प्रशासन अपमान जनक व्यवहार करता है इसे तत्काल बंद किया जाए। इस मौके पर कमलेश कुमार धुरिया, सुरेन्द्र प्रताप सिंह वरिष्ठ, ओमप्रकाश द्विवेदी, संजय कुमार अवस्थी, अरसान खालिद, अभय तिवारी, रामकिशन यादव, अशोक कुमार शिवहरे, राजेश कुमार मिश्रा, चन्द्रशेखर गौतम, अमित कुमार शर्मा, अजय कुमार पालीवाल सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहें।

### एसपी ने महिला थाने का किया औचक निरीक्षण



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने शुक्रवार को महिला थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के कार्यालय, लॉकअप, अपराध रजिस्टर, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्प डेस्क,सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचना कक्ष, ई–मालखाना, थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया। अभिलेखों को गहनता से चेक किया व समय से अद्यावधिक किए जाने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद थाना परिसर की साफ–सफाई का निरीक्षण कर संबंधित को साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक तथा अन्य पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाली जनता व पीड़ितों से सम्मानजनक व्यवहार करने व जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

### महिला ने दुकानदार पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का दर्ज कराया मुकदमा

**राठ, हमीरपुर।** घर में घुसकर युवक ने महिला के साथ छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि बुधवार की रात करीब नौ बजे वह अपने खेत से घर आ रही थी। घर आते समय रास्ते में गांव के ज्ञान पुत्र भाईलाल की दुकान से उसने अपने पति के लिए बिंडल और गुटखा लिया और घर जाने लगी। बताया कि पीछा करते करते उक्त दुकानदार तौलिया ओढ़कर उसके पीछे पीछे आने लगा। जैसे ही वह घर के अन्दर घुसी। उसी दौरान दुकानदार पीछे से पकड़ गया और छेड़खानी करने लगा। बताया कि उसने जोर जोर से चिल्लाना शुरू किया तो उसका पति व ग्रामीण आ गए। उसके पति ने आकर उक्त दुकानदार के पैरों में दो डंडे मारकर उसे बचाया? और पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस आईं तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

## चेयरमैन ने नगर विकास मंत्री से मिलकर कस्बे की समस्याओं से कराया अवगत



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बे की नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर की समस्याओं व खाद की किल्लत को देखते हुए नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मिलकर समस्याओं को लेकर चर्चा की। नगर विकास मंत्री ने समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया है। कस्बे की नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने बताया की लखनऊ में नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर नगर के प्रकाश के लिए लाइट की समस्याओं के बारे में व किसानों को खाद की उपलब्धता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आगे कुरारा भोली मार्ग क्षतिग्रस्त होने से लोगों को मंडी व अस्पताल जाने में भारी समस्याओं का सामना करने की बात रखी। साथ ही नगर के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू करने के लिए चर्चा की। साथ ही बताया कि नगर विकास मंत्री ने विभिन्न समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए नगर के विकास के लिए व किसानों की खाद की किल्लत को दूर करने का आश्वासन दिया है।

## बंदी की मौत पर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग

- ब्रह्म संस्कार एवं कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बीते दिनों जिला कारागार में हुई बंदी अनिल तिवारी के मारपीट के बाद मौत के मामले में जहां आमजन में आक्रोश है। मामले में सात नामजद सहित एक अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं इस मामले में विभिन्न राजनीतिक और गैर राजनीतिक संगठनों द्वारा जमकर राजनीति की जा रही है। शुक्रवार को ब्रह्म संस्कार एवं कल्याण समिति के ब्रजेन्द्र कुमार गौतम के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें अनिल तिवारी के हत्यारों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने व कठोर से कठोर सजा दिलाने की मांग की गई है। गिरफ्तारी नहीं होने पर संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आकाश त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ सूरजपुर गांव पहुंच पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और दोषियों को कठोर सजा दिलाने के साथ ही पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने की बात कही। बताते चलें कि बीते कुछ दिनों से जिला कारागार में हुई बंदियों की मौतों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई थी। लेकिन अनिल तिवारी की हत्या के बाद सभी राजनीतिक दलों की नजरें हमीरपुर कारागार पर टिक गई हैं और बीते दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और पूर्व मंत्री बादशाह सिंह के नेतृत्व में सपा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भी सूरज पुर जाकर पीड़ित परिवार से मिला था।

## पेंशनरों की समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय स्टेट बैंक महोबा के प्रबंधक दीपक सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर्स भवन में आयोजित बैठक में पेंशनरों की समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बैंक पेंशनरों/वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करेगा। साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी शाखा के नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान, उ.प्र. के महामंत्री बी.के. तिवारी ने पेंशन भुगतान हेतु अलग से काउंटर और सीएसआर योजना से फिजियोथैरेपी उपकरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। अध्यक्ष सुनील शर्मा ने पेंशनरों को नई करेंसी उपलब्ध कराने की मांग रखी, जबकि लघुचन्द्र नारायण अरजरिया ने केवाईसी प्रक्रिया को सरल बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर महेंद्र कुमार गुप्ता, ओ.पी. सिंह, रामसजीवन गुप्ता, शिवकुमार त्रिपाठी और बसंतलाल गुप्ता सहित कई पेंशनरों ने अपनी समस्याएं शाखा प्रबंधक के समक्ष रखीं। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक दीपक सिंह का अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।

### थाना महोबकंठ पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को दबोचा




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध शराब विरोधी अभियान के तहत थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के पर्यवेक्षण में उ.नि. नरेशचन्द्र निगम प्रभारी चौकी सौरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी मुन्नालाल अहिरवार पुत्र घसीटा अहिरवार निवासी ग्राम सौरा को सौरा चौराहा यात्री प्रतीक्षालय के पास से दबोचा। उसके कब्जे से एक पिपिया में करीब 15 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना महोबकंठ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई है।

## रोजगार मेले 113 युवाओं को मिला रोजगार, खिले चेहरे



**कुरारा, हमीरपुर।** विकासखंड क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव के राजाराम डिग्री कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 180 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें 113 युवाओं का चयन हुआ है।

क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव के राजाराम डिग्री कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एंड आयुर्वेदिक, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, प्रथम एजुकेशन फाऊंडेशन, एडुवेंटज प्राइवेट लिमिटेड, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में हमीरपुर, महोबा, बांदा, जालौन आदि जनपदों के कुल 180 छात्र छात्राओं ने प्रभातिया किया। जिसमें साक्षात्कार के बाद 113 छात्र-छात्राओं को नौकरी दी गई। रोजगार मिलने से युवाओं के चेहरे खिल गए। मेले में त्रिपुरेश त्रिपाठी, अभिषेक द्विवेदी, विशाल यादव, योगेश कृष्ण पाण्डेय, शिवनन्दन, इन्द्रजीत, मो.राशिद आदि मौजूद रहे।

## गंदगी और जलभराव से परेशान वार्ड नं. एक के लोग

- नवरात्र से पहले सफाई व्यवस्था ठप, नल कनेक्शन कार्य अधूरा



**महोबा।** वार्ड नं. 1 नया पूरा नेकाना के निवासी इन दिनों नगर पालिका की लापरवाही से परेशान हैं। मोहल्ले की नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। कुछ ही दिनों में नवरात्र का पर्व आने वाला है, ऐसे में श्रद्धालुओं को मंदिर जाने के लिए इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाई कर्मी प्रतिदिन नहीं आते जिससे स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इसके साथ ही हर घर नल योजना का काम भी आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। जल संस्थान द्वारा उपभोक्ताओं को कनेक्शन तो दे दिए गए, परंतु घरों तक लाइन ले जाने का जिम्मा उपभोक्ताओं पर डाल दिया गया। नल से निकलने वाला पानी सीधे नालियों में जा रहा है जिससे नालियां जाम हो रही हैं और जलभराव की समस्या और बढ़ गई है। मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका परिषद महोबा और जल संस्थान से मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए और नल योजना के अधूरे कार्य को पूरा किया जाए, ताकि आमजन व श्रद्धालुओं को राहत मिल सके।

## उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को प्रशिक्षित किया जाए: जिलाधिकारी

- जिला औद्यानिक मिशन समिति की बैठक सम्पन्न

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला औद्यानिक मिशन समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन की समीक्षा करते हुए बागवानी क्षेत्र विस्तार एवं मसाला क्षेत्र विस्तार की समीक्षा करते हुए बागवानी एवं मसाला के लिए विस्तार हेतु एरिया चिन्हित करते हुए उत्पादन बढाने के लिए किसानों को प्रशिक्षित किया जाए। बैठक में बताया गया कि बागवानी क्षेत्र के अन्तर्गत आंवला, करौंदा, पपीता में लागत 45 हजार का 40 प्रतिशत अनुदान प्रति हे0 18 हजार रूपये दिया जाता है। इसी प्रकार मसाला क्षेत्र में प्याज, लहसुन की खेती में लागत रु.50 हजार में 40 प्रतिशत प्रति हे रु.20 हजार का अनुदान दिया जाता है। उन्होंने शंकर साक भाजी खेती हेतु डीसी मनरेगा से समन्वय करते हुए नर्सरी बनाये जाने के निर्देश दिये। जैविक खेती हेतु 5 हे. में लक्ष्य है, जिसमें लागत 3750 रूपये का 40 प्रतिशत प्रति हे. अनुदान 1500 रूपये दिया जाता है। सब्जियों के लिए मचान, घेराबन्दी (तारबाडी) में लागत 03 लाख का प्रति एक हजार रनिंग मीटर में 50 प्रतिशत का अनुदान अनुमन्य है। उन्होंने छोटे किसानों को सब्जी खेती करने वालों को घेराबन्दी अनुदान दिये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने पर ड्राप मोर क्राप माइक्रो एरीग्रेशन के अन्तर्गत ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर हेतु प्राथमिकता पर किसानों को दिलाये जाने के निर्देश दिये।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, उप निदेशक कृषि, जिला उद्यान अधिकारी एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सांप के काटने से 45 वर्षीय किसान की मौत

**राठ, हमीरपुर।** सरीला तहसील के जलालपुर थाना क्षेत्र के बिरखेरा गाँव का निवासी 45 वर्षीय खूबचंद पुत्र लल्लू प्रजापति जो कि बीती रात में अपने घर पर जमीन में बिस्तर लगा कर सो रहा था। तभी उसी दौरान जहरीले सांप ने उसे काट लिया। हमीरपुर में प्राथमिक उपचार के बाद किसान की कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

## जागरूकता शिविर में महिलाओं को दी गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां

- अपर जिला जज ने वन स्टाप सेंटर में किया जागरूक

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**




जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा देवेन्द्र सिंह के निर्देशन में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय के सहयोग से महिलाओं व बालिकाओं को प्राप्त निःशुल्क कानूनी सेवाओं तथा समाज के अतिसंवेदनशील वर्ग के हितार्थ केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के सम्बंध में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन वन स्टाप सेण्टर-बांदा में किया गया। शिविर की अध्यक्षता श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा द्वारा की गयी।

श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा द्वारा अपने सम्बोधन में महिलाओं को प्राप्त मुफ्त कानूनी सहायता, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव, देश की प्रत्येक महिला को सुरक्षा की भावना प्रदान करना आदि के सम्बंध में विस्तार से व्याख्यान किया गया। सचिव ने बताया कि महिलाओं को यौन उत्पीड़न और इनमें सबसे भयावह अपराध बलात्कार जैसे अत्याचारों का शिकार होना पड़ता है। ऐसे उत्पीड़न का शिकार असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाएं, घरेलू काम करने वाली महिलाएं, छात्राएं, निजी या सरकारी संगठनों में कार्य करने वाली महिलाएं होती है। सचिव ने बताया कि महिलाओं को ऐसी किसी प्रकार की समस्या से घिरे होने पर या किसी प्रकार के बड़े अनिष्ट के होने की सम्भावना होने पर वे अपना प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा स्वयं आकर अथवा डाक के माध्यम से भी दे सकती है जिस पर उन्हे मुफ्त कानूनी सहायता व समुचित सहयोग प्रदान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार विधिक सहायता हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित टोल फ्री नम्बर-15100 पर शिकायत दर्ज कराकर विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। रमा साहू, प्रबन्धक वन स्टाप सेण्टर, जिला प्रोबेशन कार्यालय बांदा द्वारा बताया गया कि यदि किसी महिला के साथ कोई व्यभिचार, अश्लील ढगं से उनके कार्यस्थल अथवा घर पर किसी बाहरी अथवा घर के सदस्य द्वारा ऐसा व्यवहार किया जाता है तो उसे तुरन्त संज्ञान में लेकर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। शिविर का संचालन सुमन शुक्ला द्वारा किया गया। शिविर के अन्त में सुमन शुक्ला ने सभी उपस्थित आयें आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर रक्षपाल-जेण्डर विशेषज्ञ, ममता देवी, नीलम कुशवाहा तथा राशिद अहमद डीईओ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण-बांदा के साथ अन्य ओतागण उपस्थित रहें।

**सूचना**

मैने अपने भतीजे प्रमोद कुमार पुत्र स्व0 कृष्ण कुमार व उसकी पत्नी गिरिजावती उर्फ लवली द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी व उनके क्रिया कलापों के चलते उन दोनों से सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 किशोरी लाल निवासी मोहल्ला गोला कोहना, कोतवाली फतेहगढ़, फर्रु0**

**सूचना**

मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम NEEMA KANWAR अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम NEEMA KUNWAR है। NEEMA KUNWAR W/o of No-3009792P, रैंक-हवलदार, दिलवर सिंह राजपूत, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-रोजड़ी, पोस्ट-नेवाड़ी, तहसील-हाटपिपल्या, जिला-देवास, मध्य प्रदेश-455223, द्वारा शपथ पत्र नंबर-45AA868114, दिनांक-18.09.2025, फतेहगढ़ कोर्ट।

**श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, फतेहगढ़ जनपद-फर्रुखाबाद**

धारा 24 के अन्तर्गत राजस्व उ0प्र0 संहिता
मो0 हारून
बनाम
राजेश आदि

**गजट हेतु दिनांक 12.09.2025 नियत दिनांक 23.09.2025**

1. राजेश पुत्र रामआसरे निवासी-नगरिया गहलबरान परगना, भोजपुर तहसील सदर जनपद-फर्रुखाबाद, हाल पता जटवारा थाना बेवर परगना/ तहसील भोगांव जनपद मैनपुरी।
2. शकुंतला पत्नी रामआसरे निवासी-नगरिया गहलबरान परगना, भोजपुर तहसील सदर जनपद-फर्रुखाबाद, हाल पता जटवारा थाना बेवर परगना/ तहसील भोगांव जनपद मैनपुरी।

**उपजिलाधिकारी, सदर फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

# अजेय द अनटोल्ड स्टोरी में सीएम योगी के संघर्ष को देखने पहुंचे युवा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में फिल्म अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी रिलीज हुई। लूलू मॉल स्थित पीवीआर सिनेमा में देखने के लिए दर्शक पहुंचे। फिल्म को लेकर युवा काफी जोश से भरे नजर आए।

फिल्म में सीएम योगी के त्याग, बलिदान, व्यक्तित्व और जीवन संघर्ष को पर्दे पर देखना को मिला रहा है। बतौर सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी में सबसे लंबे कार्यकाल का रिकार्ड बनाया। उनके जीवन पर बनी फिल्म हर वर्ग को प्रभावित कर रही है। फिल्म देख कर निलके युवाओं ने जमकर तारीफकी। दर्शकों ने फिल्म को 10 में से 9 नम्बर दिए। रिलीज के पहले दिन से ही दर्शकों ने इसे प्रेणादायक बताया। सीएम योगी के राजनीतिक विरोधियों को मात, राजनीतिक और धर्म का अद्भुत संगम दिखाया गया। राम मंदिर के निर्माण के संघर्ष को भी दर्शाया गया। धार्मिक नगरी अयोध्या, गोरखपुर, ऋषिकेश और मऊ को विशेष रूप से दिखाया गया। फिल्म देखकर निकले ऋषभ सिंह ने कहा कि फिल्म केवल मनोरंजन नहीं बल्कि प्रेरणा देने वाली कहानी है। जो बताती है कि कैसे कठिन परिस्थितियों में भी एक व्यक्ति अपने संकल्प व समर्पण से बड़ा बदलाव ला सकता है।

# विधान परिषद सदस्यों के चुनाव को मतदाता सूची का पुनरीक्षण 30 सितंबर से

**मतदाता सूची का 30 दिसम्बर को होगा अंतिम प्रकाशन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा प्रदेश की विधान परिषद के पांच स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों तथा छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्यों का कार्यकाल आगामी वर्ष 6 दिसंबर 2026 को समाप्त होने के कारण इन निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कराया जा रहा है। अर्हता तिथि 1 नवम्बर 2025 के आधार पर यह पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में 30 सितंबर से प्रारंभ होगा। इस निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर को किया जाएगा।

स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार लखनऊ, हरदोई, खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली एवं प्रतापगढ़ जनपद तक। वाराणसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, चंदौली, भदोही, मिर्जापुर एवं सोनभद्र तक। आगरा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, मैनपुरी, इटावा,कन्नौज, औरैया, फर्रुखाबाद एवं कासगंज जनपद तक। मेरठ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र विस्तार बुलंदशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली एवं हापुड़ जनपद तक। इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी एवं ललितपुर जनपद तक होगा। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार लखनऊ, हरदोई, खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली एवं प्रतापगढ़ जनपद तक। वाराणसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, चंदौली, भदोही, मिर्जापुर, एवं सोनभद्र तक। आगरा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा आदि।

### छह दिसम्बर को विधान परिषद में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की जो 5 सीटें हो रहीं रिक्त

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अगले वर्ष 6 दिसंबर को विधान परिषद में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की जो 5 सीटें रिक्त हो रही है, उसमें लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ एवं इलाहाबाद–झांसी है। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की जो 6 सीटें रिक्त हो रही है, उसमें लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली–मुरादाबाद एवं गोरखपुर–फैजाबाद है। इन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए 30 सितंबर को सार्वजनिक नोटिस जारी होगा। 15 अक्टूबर को समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुनर्प्रकाशन तथा 25 अक्टूबर को इसका द्वितीय पुनर्प्रकाशन होगा। फार्म 18 या 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर तथा 20 नवंबर को पांडुलिपियों की तैयारी व निर्वाचन नामावलियों का मुद्रण होगा।

निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 25 नवंबर को होगा। दावे आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक है। 25 दिसम्बर तक दावें–आपत्तियों का निस्तारण होगा और अनुपूरक सूची तैयार कर मुद्रित की जाएगी। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर को होगा। स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में नाम शामिल कराने के लिए आवेदक को अर्हता तिथि से कम से कम 3 वर्ष पूर्व स्नातक हो या इसके समकक्ष अर्हता रखता हो। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने हेतु आवेदक को एक नवम्बर अर्हता तिथि से पहले राज्य के माध्यमिक स्तर के शैक्षिक संस्थानों में विगत 6 वर्षों में 3 वर्ष से शिक्षण कार्य किया हो।

## खबरें एक नजर में

### प्रदर्शनी में दुर्लभ सिक्कों में दिलचस्पी रखने वालों की भीड़ जुटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था इसका सबसे बड़ा उदाहरण आज राजधानी लखनऊ में आयोजित अवध प्रदर्शनी में देखने को मिला जहाँ उस समय के चलने वाले सोने के सिक्के लोगों के लिए चर्चा का विषय बने रहे। इस प्रदर्शनी में नवाब वाजिद अली शाह के समय 1852 का सिक्का बना चर्चा का विषय बना रहा साथ साथ हिंदुस्तान का सबसे पहला सिक्कों भी इस प्रदर्शनी में दिखाई दिया प्रदर्शनी के पहले दिन ही दुर्लभ सिक्कों में दिलचस्पी रखने वालो की भीड़ जुटी रही 19 से 21 सितंबर तक इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन इतिहास, सिक्कों और विरासत में रुचि रखने वालों के लिए बेहतरीन अवसर है इस प्रदर्शनी में सिक्कों, बैंकनोटों और पदकों की दुर्लभ प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि इंटैक के अध्यक्ष श्री अशोक सिंह ठाकुर और विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने किया सोसायटी के नेतृत्व में अध्यक्ष रण विजय सिंह,सभापति वी. वी. सिंह, उपाध्यक्ष कपिल अग्रवाल, सचिव मोहम्मद सुल्तान,कोषाध्यक्ष, लव भालोटिया शामिल रहे।

### प्रश्नोत्तरी और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य संग्रहालय लखनऊ संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के अंतर्गत आज पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की प्रेरणा एवं निदेशक राज्य संग्रहालय लखनऊ के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्गों में किया गया। पौधारोपण एवं स्वच्छता में श्रमदान दिया गया। कार्यक्रम में जिला स्तरीय विद्यालयों में राजकीय विद्यालय निशातगंज, विद्या मंदिर गर्ल्स इंटर कॉलेज नरही, राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज लखनऊ, सहाय सिंह बालिका इंटर कॉलेज लखनऊ एमके एसडी इंटर कॉलेज लखनऊ सरस्वती विद्यालय कन्या इंटर कॉलेज लखनऊ, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लखनऊ आदि अन्य विद्यालयों के लगभग 400 छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभा किया गया। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग। मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार पी राजू द्वारा वृक्षारोपण कर स्वच्छता ही सेवा में योगदान देने हेतु संदेश दिया।

### लापता युवक का शव नाले में मिला, हत्या की आशंका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगराम थाना क्षेत्र में लापता युवक का शव गांव के बाहर नाले में मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। शव सलेमपुर शारदा नहर साइफन के पास छतौनी कस्बा मार्ग पर स्थित नाले में मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। मृतक की पहचान छतौनी निवासी रामफेर (35) के रूप में हुई। उनकी पत्नी मीरा ने बताया कि रामफेर गुरुवार शाम करीब सात बजे घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने गांव और आसपास के इलाकों में उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह रामफेर का शव गांव से लगभग 1.5 किलोमीटर दूर कच्चे रास्ते के किनारे ड्रेनेज नाले में मिला। थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वीडियोग्राफी कराते हुए शव को पानी से बाहर निकाला।

### सलेंडर लीकेज से अधिवक्ता के घर लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छितवनपुर मोहल्ले में एक अधिवक्ता के मकान में खाना बनाते समय सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे किचन और आसपास के हिस्से को चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना अधिवक्ता बृजेंद्र सोनकर के घर की है। बताया जा रहा है कि पितृ पक्ष के चलते पकवानों की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान एक गैस सिलेंडर से दो चूल्हे जोड़े गए थे, जिससे गैस लीक हो गई और आग लग गई। धुआं उठते ही अफरा–तफरी मच गई। पड़ोसियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर समय रहते बड़ी अनहोनी को टाल दिया। हालांकि, आग से रसोईघर और घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### मड़ियांव इलाके में पुलिस ने 12 जुआरी किए गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के मड़ियांव इलाके में पुलिस ने एक प्लाट में जुआ खेल रहे 12 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस को एक मुखबिर से सूचना मिली थी कि रायपुर स्थित सिटी लाइफहॉस्पिटल के पीछे कृष्णा कॉलोनी में एक खाली प्लॉट पर कुछ लोग ताश के पत्तों से हार–जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दी। वहां जुआ खेल रहे लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में अभिषेक सोनी, अजीज, इकरार, मोहम्मद, अवधेश कुमार, मोहम्मद अरशद, संदीप, राजू, मोहम्मद नदीम, सिराजुल हसन और सलमान शामिल हैं। मौके से पुलिस ने 89,000 रुपए, 52 ताश के पत्ते और दो नई ताश की गड्डियां बरामद कीं। पुलिस ने धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने हिरासत में लिया है।

### सऊदी एयरलाइन्स ने वापस लिया किराया वृद्धि का फैसला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सऊदी एयरलाइन्स ने लखनऊ से जेद्दा के लिए टिकट किराए में की गई 7,000 रुपये की वृद्धि को वापस लेने का फैसला किया है। इस निर्णय से पुराने टिकट धारकों को अब अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। पहले एयरलाइन ने टिकट का किराया 52,200 रुपये से बढ़ाकर 59,000 रुपये कर दिया था, जिसके बाद पुरानी बुकिंग वाले यात्रियों से 7,000 रुपये अतिरिक्त वसूलने की योजना थी। इस फैसले को रद्द करने के बाद उन यात्रियों को राहत मिली है, जिन्होंने पहले से टिकट बुक कराए थे। उमरा टूर ऑपरेटर्स ने सऊदी एयरलाइन्स के इस कदम का स्वागत किया है और इसे यात्रियों के हित में बताया है।

**सीएम योगी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव का किया भव्य उद्घाटन**

# पं. दीन दयाल उपाध्याय के मंत्र में असंभव को संभव बनाने की शक्ति

**आत्मनिर्भर भारत का आधार है स्वदेशी मॉडल : योगी आदित्यनाथ**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ/मथुरा।** अन्त्योदय के प्रणेता और एकात्म मानव दर्शन के प्रखर वक्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में आयोजित चार दिवसीय स्मृति महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंडित जी का सपना आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित जी ने 1950 के दशक में भारत के राजनीतिक नेतृत्व को जो दृष्टि दी थी, वही आज वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी के रूप में मूर्तरूप ले चुकी है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में असंभव को संभव बनाया गया है, चाहे कश्मीर से धारा 370 हटाना हो, अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हो या 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराना हो।

सीएम ने कहा कि जो कभी असंभव लगता था, वही आज देश की ताकत बन चुका है। यही पंडित जी के मंत्र का प्रभाव है कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचेगा।

### युवाओं के लिए नई राह : स्टार्टअप और स्वरोजगार

मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय युवाओं का है। यूपी के पास सबसे बड़ी युवा ऊर्जा है और यही भारत को आगे ले जाएगी। उन्होंने बताया कि सीएम युवा स्कीम के तहत सरकार 5 लाख रुपए तक का ब्याजमुक्त, गारंटी मुक्त लोन उपलब्ध करा रही है। जनवरी से अब तक 70 हजार युवाओं ने इसका लाभ उठाया है और लक्ष्य 1 लाख युवाओं तक पहुंचने का है। उन्होंने कहा कि आज भारत का युवा जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बन रहा है। स्टार्टअप केवल आईटी सेक्टर में ही नहीं बल्कि ओडीओपी और गो आधारित खेती जैसे क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में किसी विभाग में आउटसोर्स कर्मी हो, उसे मिनिमम मानदेय 16 से 20 हजार रुपए मानदेय हर हाल में मिलेगा। इसकी गारंटी सरकार देने जा रही है।

### कांग्रेस-सपा पर सीधा हमला

सीएम योगी ने कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछली सरकारों में भारत को ताकतवर बनाने की दिशा में 'असंभव' शब्द जुड़ा था। यूपी की स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि आजादी के समय जीडीपी में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला राज्य 2017 तक देश की आठवीं अर्थव्यवस्था बनकर रह गया,लेकिन डबल इंजन सरकार ने यूपी को फिर से देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प पूरा किया है।

### वकील ने पत्नी-बच्चों को दौड़ाया, लाइसेंसी रिवॉल्वर से की हवाई फायरिंग

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के आशियाना थाना क्षेत्र की सेक्टर-जे कॉलोनी में गुरुवार रात एक वकील ने अपने घर में हंगामा किया। वकील अमित त्रिवेदी ने नशे की हालत में अपनी पत्नी स्वाति त्रिवेदी और बच्चों को दौड़ाया और लाइसेंसी रिवॉल्वर से तीन राउंड हवाई फायरिंग की। पुलिस के अनुसार, अमित त्रिवेदी रात करीब 10 बजे घर पहुंचे और पत्नी से झगड़ा करने लगे। विवाद बढ़ने पर उन्होंने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर पत्नी पर तान दी। स्वाति त्रिवेदी ने अपनी दो बेटियों को सास-ससुर के साथ एक कमरे में बंद करके अपनी जान बचाई। कमरा न खुलने पर अधिवक्ता ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से तीन राउंड हवाई फायरिंग कर दी।

# उत्तर प्रदेश महिला अयोग की उपाध्यक्ष की मां समेत पांच पर एफआईआर दर्ज

समृद्धि न्यूज

**जानकीपुरम जमीन घोटाले में विजिलेंस ने की कार्रवाई**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के जानकीपुरम भूमि घोटाले में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव की माँ अम्बी बिष्ट समेत पाँच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की समधन और छोटी बहू अपर्णा यादव की माँ अम्बी बिष्ट के खिलाफ विजिलेंस टीम ने भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। अम्बी बिष्ट उस समय सम्पत्ति अधिकारी थीं। उनके अलावा, लखनऊ विकास प्राधिकरण के तत्कालीन अनुभाग अधिकारी वीरेंद्र सिंह, तत्कालीन उप सचिव देवेंद्र सिंह राठौर, तत्कालीन वरिष्ठ कॉस्ट अकाउंटेंट बी. महादानी और तत्कालीन अवर वर्ग सहायक शैलेंद्र कुमार गुप्ता का भी नाम है। विजिलेंस की एफआईआर के अनुसार, इन सभी पर जानकीपुरम स्थित प्रियदर्शिनी भूखंड योजना में अनियमितताओं का आरोप है। वर्ष 2016 में, सरकार ने जानकीपुरम योजना के तहत भूखंडों के पंजीकरण और आवंटन में हुई अनियमितताओं की जांच सतर्कता विभाग को सौंपी थी।

# उत्तर प्रदेश के 11 पर्यटन साइट बनेंगी 'ईको टूरिज्म आइकान'

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड यूपीईटीडीबी विकसित 11 विश्वस्तरीय ईको-टूरिज्म स्थलों को और आकर्षक व पर्यटक-अनुकूल बनाने की तैयारी कर रहा है।पर्यटकों को परिसंपत्तियों में प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक ईको-फ्रेंडली अवसंरचना का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। बोर्ड इन स्थलों को देश के 'ईको-टूरिज्म आइकान' के रूप में तैयार कर रहा है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ इको-टूरिज्म स्थलों के हब के रूप में विकसित करना है। इन स्थलों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देते हुए पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान किया जाएगा। उत्तर प्रदेश ईको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड यूपीईटीडीबी की नई पहल के तहत अयोध्या, चित्रकूट, बलिया, बाराबंकी, ललितपुर, बांदा, जालौन, कुशीनगर, सीतापुर, महाराजगंज और मिल्कीपुर अयोध्या जिला तक ईको-टूरिज्म परिसंपत्तियों का विस्तार किया गया है। ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड राज्य के 11 प्रमुख स्थलों पर पर्यावरण अनुकूल पर्यटन सुविधाएं विकसित करने और रखरखाव पर विशेष ध्यान दे रही है। विभाग का कहना है कि इन स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए आधुनिक और सस्टेनेबल टूरिज्म टिकाऊ पर्यटन सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।



### फिट इंडिया अभियान में होगा साइकिल राइड

**पर्यटन विभाग 21 सितंबर को 'संडे ऑन साइकिल' का कर रहा आयोजन**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान के क्रम में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। पहल फिटनेस बढ़ावा देने के साथ सक्रिय जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और राज्य के पर्यटन स्थलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। लखनऊ स्थित पर्यटन भवन से 21 सितंबर को 'संडे ऑन साइकिल' की शुरुआत होगी। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने आमजन और स्वास्थ्य के प्रति सजग लोगों को अभियान में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। 21 सितंबर के प्रातः 6.30 बजे पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ से संडे ऑन साइकिल अभियान की शुरुआत होगी। पर्यटन विभाग ने नागरिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी साइकिल लेकर समय से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचें और इस फिटनेस और पर्यावरण जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सरकार नागरिकों की स्वास्थ्य और सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा देने को प्राथमिकताओं में शामिल कर रही है। संडे ऑन साइकिल अभियान के माध्यम से न केवल फिटनेस को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन जागरूकता का संदेश भी दे रहा है।

# नगर निगम में पहला ए.बी.सी. ट्रेनिंग सेंटर शुरू

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** लखनऊ नगर निगम ने पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। नगर निगम द्वारा स्थापित देश का पहला ए.बी.सी. ट्रेनिंग सेंटर अब प्रशिक्षण हेतु आवेदन स्वीकार कर रहा है। इस केंद्र में पशु चिकित्सक, पैरा वेटरिनेरियन और एनिमल हैंडलर्स को ए.बी.सी. रूल्स 2023 के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा।

नगर निगम की पहल के तहत यह प्रशिक्षण केंद्र लखनऊ नगर निगम, एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफइंडिया और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच हुए त्रिपक्षीय अनुबंध के आधार पर स्थापित किया गया है। प्रशिक्षण का कार्य नगर निगम द्वारा चयनित और अनुबंधित संस्था ह्यूमन वर्ल्ड फॉर एनिमल्स के माध्यम से संचालित होगा।केंद्र में आयोजित होने वाला प्रशिक्षण 15 दिन का होगा, जिसमें प्रतिभागियों को थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल सेशन्स भी कराए जाएंगे। इसके लिए अभ्यर्थी को पशु चिकित्सकों के लिए शुल्क 5000,पैरा वेट्स के लिए शुल्क 1500, एनिमल हैंडलर्स के लिए शुल्क 1000 रूपये देने होंगे। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सभी अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य देश में बढ़ते मानव-श्वान संघर्ष को नियंत्रित करने के लिए ए.बी.सी. डॉग रूल्स 2023 और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को ही न्यायोचित विकल्प माना गया है। इसी उद्देश्य से नगर निगम ने इस प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की है। केंद्र के माध्यम से श्वान बंध्याकरण के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाएँ अपने पशु चिकित्सकों, पैरा वेट स्टाफऔर एनिमल हैंडलर्स को प्रशिक्षित करवा सकती हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें तकनीकी दक्षता के साथ-साथ मानक पद्धतियों की समझ भी प्रदान करेगा। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण हेतु इच्छुक उम्मीदवार लखनऊ नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर और निर्धारित शुल्क जमा कराकर पशु कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करना होगा। नगर निगम ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र का पहला सत्र नवंबर माह से शुरू करने की योजना है।

# धूमधाम से सम्पन्न हुआ उ.प्र. मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति (पुनर्गठित) का पहला स्थापना दिवस

**दिवंगत पत्रकार धीरेंद्र श्रीवास्तव की पत्नी को सम्मान धनराशि अंगवस्त्र भेंट**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति (पुनर्गठित) का प्रथम स्थापना दिवस शुक्रवार 19 सितंबर को लोक निर्माण विभाग स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ महापौर सुषमा खर्कवाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया, वहीं मंजू माही की गणेश वंदना ने वातावरण को मंगलमय बना दिया।


राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों पत्रकारों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। समारोह को स्वतंत्रता संग्राम के महान पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी जी और बाबूराव विष्णु पराड़कर जी की स्मृति को समर्पित किया गया, जिन्होंने अपनी कलम से अंग्रेजी हुकूमत को ललकारा था।

इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज की नब्ज पकड़ने वाले कलम के सिपाही हैं। सूचना विभाग पत्रकारों की समस्याओं के समाधान में हर संभव सहयोग करेगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है, जो न केवल जनता की आवाज़ बनती है बल्कि शासन-प्रशासन की खामियों को उजागर कर समाज को नई दिशा देती है। वरिष्ठ पत्रकार भास्कर दूबे ने समिति की भावी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पत्रकारों की स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष तेज किया जाएगा, वहीं समिति के संयोजक प्रभात त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारों की पेंशन व्यवस्था को नियमित और पारदर्शी बनाने तथा पीजीआई में पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई है।

# किसानों को समय पर मिले सरकारी योजनाओं का लाभ : सूर्य प्रताप शाही

**योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, ने शुक्रवार को कृषि भवन के सभागार में कृषि क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और किसान कल्याण योजनाओं पर विस्तृत समीक्षा बैठक की।


इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की अद्यतन स्थिति, उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को बढ़ावा देने और विकसित कृषि संकल्प अभियानश् रबी 20025 के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और कृषि उपकरणों पर जीएसटी में छूट के लाभों पर जानकारी दी।

सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि क्षेत्र के लिए अब तक 3193.50 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की जा चुकी है, जिसमें से 1784.42 करोड़ रुपये यानि 55.88फीसदी का व्यय हुआ है। इस व्यय की गति को बढ़ाया जाए, ताकि किसानों को इसका लाभ समय पर मिल सके।उर्वरक की उपलब्धता और वितरण के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। मंत्री ने सहकारिता विभाग को निर्देश दिये हैं कि आलू, तिलहन और गन्ने की बुवाई को देखते हुए डीएपी और एनपीके को तत्काल पैक्स सोसाइटियों तक पहुँचाया जाए, ताकि किसानों को उर्वरक आसानी से उपलब्ध हो सके।

**पहल** | **युवाओं को इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स, फ्रेंचाइजी मॉडल्स और टेक्नोलॉजी आधारित बिजनेस आइडियाज से जोड़ने की पहल**

# युवाओं को उद्यमिता की ओर आकर्षित करेगा यूपीआईटीएस 2025

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के ग्रेटर नोएडा इंडिया एक्सपो मार्ट में आगामी 25 से 29 सितम्बर तक इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 (यूपी आईटीएस) आयोजित होने जा रहा है। इस शो में सीएम युवा योजना प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगी जो प्रदेश के युवाओं को उद्यमिता की ओर आकर्षित करेगा।

मुख्यमंत्री योगी की महत्वाकांक्षी योजना के जरिए प्रदेश के युवाओं को इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स, फ्रेंचाइजी मॉडल्स और टेक्नोलॉजी आधारित बिजनेस आइडियाज से जोड़ने की पहल की जा रही है। आयोजन के दौरान 27 सितम्बर को सीएम युवा और 27 प्रमुख शैक्षिक संस्थानों के बीच एमओयू का हस्तांतरण होगा। इसके साथ ही हॉल नंबर 18 ए में 150 विशेष स्टॉल्स स्थापित किए जाएंगे, जहां विभिन्न क्षेत्रों के नए-नए बिजनेस मॉडल्स प्रदर्शित होंगे। इस प्रदर्शनी में प्रदेश भर से छात्र-छात्राएं, युवा फेलोज, यूनिवर्सिटी प्रतिनिधि और उद्योग जगत के लोग शामिल होंगे, जिससे युवाओं को सीखने, जुड़ने और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। सीएम युवा योजना के नोडल अधिकारी और ज्वॉइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला ने शुक्रवार को बताया कि इस एमओयू का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों को सीएम युवा योजना से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना है। इसके माध्यम से अंतिम वर्ष में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं और संस्थानों के पूर्व छात्रों को इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करेगी बल्कि प्रदेश सरकार के स्टार्टअप और इनोवेशन विजन को साकार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### 26 सितंबर को होगा रूस-इंडिया बिजनेस डायलॉग

**रूस के साथ नए व्यापारिक अवसरों को मिलेगी सौगात, तकनीकी सहयोग और संयुक्त उपक्रमों को प्रोत्साहित करने पर भी होगा जोर**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की धरती एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय निवेश और साझेदारी का मंच बनने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी नीतियों और निवेश अनुकूल माहौल की वजह से प्रदेश वैश्विक स्तर पर तेजी से अपनी अलग पहचान बना रहा है। इसी कड़ी में आगामी 26 सितंबर 2025 को रूस–इंडिया बिजनेस डायलॉग का आयोजित होगा। यह बिजनेस डायलाग यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) के दौरान इंडिया एक्सपोज़िशिन मार्ट, ग्रेटर नोएडा में होगा। इस वर्ष रूस पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल हो रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश और भारत को नए व्यापारिक अवसरों की बड़ी सौगात मिलने की संभावनाएं हैं। आर्थिक रिश्तों को मिलेगी नई गति राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस आयोजन से उम्मीद है कि भारत और रूस के बीच आर्थिक रिश्तों को नई गति मिलेगी और उत्तर प्रदेश एक ग्लोबल इन्वेस्टमेंट हब के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगा।

उन्होंने बताया कि यूपीआईटीएस में हॉल नंबर 18 ए को विशेष रूप से सीएम युवा प्रदर्शनी के लिए निर्धारित किया गया है।

# नानपारा-रूपईडीहा में 130 किमी घंटा की रफ्तार से स्पीड ट्रायल

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने यात्री सुविधाओं के उन्नयन और परिचालनिक सुगमता के लिए मूलभूत ढांचे के विस्तार में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नानपारा-नेपालगंज रोड स्टेशनों के मध्य 19.33 किलोमीटर की नई विद्युतीकृत रेल लाइन (25,000 वोल्ट ए.सी. क्षमता) के संरक्षा परीक्षण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के दूसरे दिन रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर परिमंडल, प्रणजीव सक्सेना ने पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अभय कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल सहित निर्माण संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस रेल खंड का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री सक्सेना ने बाबागंज हॉल्ट स्टेशन पर स्टेशन अपडेशन, पैनल रूम, फुट ओवर ब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया, यार्ड, पॉइंट्स एंड क्रॉसिंग, सिगनलिंग व्यवस्था, बैटरी रूम, रिले रूम और प्लेटफॉर्म क्लियरेंस का मानकों के अनुरूप निरीक्षण किया। इसके बाद, उन्होंने बाबागंज हॉल्ट से नेपालगंज रोड तक मोटर ट्रॉली द्वारा समपारों, माइनर ब्रिजों और अन्य संरचनाओं की संरक्षा जांच की। निरीक्षण के अंतिम चरण में रेल संरक्षा आयुक्त ने नेपालगंज रोड-नानपारा खंड पर सीआरएस स्पेशल ट्रेन द्वारा 130 किमी प्रति घंटे की गति से सफल स्पीड ट्रायल किया, जो इस रेल खंड की तकनीकी सक्षमता का प्रमाण है। स्थानीय जनता के लिए लाभ नानपारा-नेपालगंज रोड रेल खंड के आमान परिवर्तन और विद्युतीकरण के पूरा होने से तराई क्षेत्र का यह हिस्सा देश के ब्रॉडगेज रेल नेटवर्क से जुड़ गया है।






**रेलवे की प्रतिबद्धता :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा यह परियोजना तराई क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगी। हम यात्री सुविधाओं और परिचालनिक दक्षता को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक प्रसन्न कात्यायन, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर अश्विनी कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**बेहतर कनेक्टिविटी :** क्षेत्र के लोग अब महानगरों तक आसानी से यात्रा कर सकेंगे, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी।
**ट्रांशिपमेंट से मुक्ति :** आमान परिवर्तन के बाद यात्रियों को ट्रेन बदलने की असुविधा से छुटकारा मिलेगा।
**आर्थिक विकास :** स्थानीय कृषि उत्पादों को महानगरों तक पहुंचाना आसान होगा, जिससे किसानों और व्यापारियों को बेहतर बाजार उपलब्ध होगा।
**पर्यावरणीय लाभ :** विद्युतीकृत रेल लाइन से डीजल की खपत कम होगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।
**बुनियादी ढांचे का विकास :** इस खंड पर 1 बड़ा पुल, 10 छोटे पुल और 3 समपारों पर सीमित ऊंचाई के सब-वे का निर्माण किया गया है, जो क्षेत्र की कनेक्टिविटी और सुरक्षा को और सुदृढ़ करेगा।

## नोडल अधिकारी ने डीएम-सीडीओ संग किया ग्रामीण स्टेडियम मरौचा का निरीक्षण



**बहराइच ।** नोडल अधिकारी, सेन्ट्रल प्रभारी, नीति आयोग, संयुक्त सचिव भारत सरकार आलोक तिवारी ने जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ ग्रामीण स्टेडियम मरौचा में धनराशि रू. 63.52 लाख की लागत से निर्माणाधीन मरम्मत और अपग्रेडेशन कार्य का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी श्री तिवारी ने ग्रामीण स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम को निर्देश दिया की निर्माण कार्य को निर्धारित मानक और गुणवत्ता के साथ समय से पूरा किया जाय। इस अवसर पर सहायक अभियंता चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, आयुष चिकित्सक डॉ. पियूष नायक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# बसपा पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक, बूथ कमेटियों को मजबूत बनाने पर जोर

समृद्धि न्यूज

**मिहींपुरवा, बहराइच ।** बलहा विधानसभा क्षेत्र के मिहींपुरवा नगर पंचायत स्थित मोदी भवन में शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्य मंडल प्रभारी रामसूरत चौधरी, जिला प्रभारी श्यामजीत चक्रवर्ती और अजय कुमार गौतम मौजूद रहे।

बैठक की शुरुआत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और बहुजन नायक कांशीराम के चित्रों पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेना और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने साफ कहा कि यदि



पदाधिकारी समीक्षा बैठक में ही शिथिलता दिखाएंगे तो धरातल पर सक्रिय नहीं हो पाएंगे। कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आपसी मतभेद भुलाकर गांव-गांव जाएं और बसपा की नीतियों व योजनाओं को जनता तक पहुँचाएं।

प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए बूथ कमेटियों को सक्रिय करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने हर कार्यकर्ता से अपनी जिम्मेदारी निभाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी का संदेश पहुँचाने का आह्वान किया। बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी 9 अक्टूबर को मान्यवर कांशीराम साहब की पुण्यतिथि पर विधानसभा के हर सेक्टर से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता लखनऊ पहुँचेंगे।

वहीं, कार्यकर्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता उत्तम सिंह चौहान, रोहित गौतम, सत्येन्द्र कुमार मौर्य, तेजपाल गौतम, श्यामता प्रसाद, चंद्रभान गौतम, जयप्रकाश बंजारा, राज कुमार गौतम, वीरेंद्र चक्रवर्ती, दयाराम गौतम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### थानाध्यक्ष की सख्ती, अपराधियों पर लगातार शिकंजा

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय के नेतृत्व में क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।शुक्रवार को उपनिरीक्षक ओंकार यादव व हमराह कांस्टेबल महेन्द्र कुमार ने रेलवे क्रॉसिंग मरदानगर से एक युवक टीपू पुत्र रहीश (उम्र करीब 27 वर्ष), निवासी कादरी मस्जिद के पीछे दरगाह, थाना दरगाह शरीफ, जनपद बहराइच को नाजायज चाकू के साथ दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ मु0अ0स0 339/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय ने कहा कि अपराध व संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।

### प्रथम पुण्य तिथि पर याद किए गए राजयोगी निर्वैर भाई

**परसपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परसपुर सेवा केन्द्र पर सर्व के स्नेही, विनम्रता और सेवा, ज्ञान तथा आध्यात्मिकता, से भरपूर गंभीर स्वभाव मधुर मुस्कान से सुशोभित बहुमुखी प्रतिभा के धनी वरिष्ठ राजयोगी आदरणीय ब्रह्माकुमार निर्वैर भाई जी का शुक्रवार को प्रथम पुण्य तिथि मनाई गई,राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अनामिका बहिन जी के सहित समस्त भाई बहनों के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उक्त अवसर पर डा0 सुरेश चंद्र तिवारी,अनूप सिंह राधेश्याम मिश्रा कमला प्रसाद सिंह राघवेन्द्र पाण्डेय सुनील गुप्ता रामकुमार पाण्डेय पारस नाथ पाठक राम शंकर ओम प्रकाश पिंकी सिंह,उमा मिश्रा, पूनम, सुषमा मन्ना ज्योति पूजा बबिता आदि उपस्थित रहे।

# कतर्नियाघाट के बिछिया में टाइगर के दो हमले

▸ झाड़ियों से निकलकर मारा झपट्टा, बाइकसवार घायल लोगों में दहशत

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले में कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के बिछिया-गिरिजापुरी मार्ग पर शुक्रवार दोपहर दो बाइकसवारों पर टाइगर ने हमला कर दिया। ये दोनों घटनाएं एक ही जगह और लगभग एक ही समय पर हुई, जिसमें दोनों युवक घायल हो गए। हालांकि, उनकी जान बच गई। पहली घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे हुई। बिछिया गांव निवासी वन निगम के जिप्सी चालक सुशील उर्फ पप्पू (29) अपने छोटे भाई का हाल जानने सीतारामपुरवा जा रहे थे।



बिछिया-गिरिजापुरी मार्ग पर सड़क किनारे झाड़ियों में छिपे एक टाइगर ने उनकी चलती बाइक पर झपट्टा मारा। टाइगर का पंजा बाइक की डिग्गी और युवक के चप्पल पर लगा, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर झाड़ियों में गिर गई और सुशील सड़क पर गिरकर घायल हो गए। टाइगर ने दोबारा हमला करने का प्रयास किया, तभी बिछिया जा रहे दीपक गुप्ता और सिंचाई कर्मचारी तारिक फारूकी समेत अन्य राहगीरों ने शोर मचाया। लोगों की आवाज सुनकर टाइगर जंगल में भाग गया। इस घटना के बाद सड़क पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और वन विभाग को सूचना दी गई। सुशील के हाथ, पैर और कंधे में चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली ले जाया गया। कुछ देर बाद, बिछिया से नमाज पढ़कर गिरिजापुरी लौट रहे हाथी महावत के सहायक इरशाद अली (26) की चलती बाइक पर भी टाइगर ने हमला कर दिया। इरशाद ने बाइक की रफ्तार तेज कर वहां से भागने की कोशिश की, लेकिन बाघ का पंजा उनके पैर में लग गया, जिससे वे घायल हो गए। उनका इलाज चफरिया के एक निजी चिकित्सक के यहां कराया गया। इन घटनाओं के बाद इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क किनारे फैली झाड़ियों में हिंसक वन्यजीव अक्सर पनाह लेते हैं, जिससे राहगीरों के लिए खतरा बढ़ गया है। वन विभाग से सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की गई है।

# कांग्रेस ने ही वोट चोरी की परंपरा शुरू की : विश्वनाथ पाल

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल शुक्रवार को बहराइच दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और भाजपा को आड़े हाथों लिया। उनका यह दौरा 9 अक्टूबर को लखनऊ में बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के सिलसिले में था।

पाल ने कांग्रेस पर पुराना आरोप दोहराते हुए कहा कि कांग्रेस ने ही वोट चोरी की परंपरा शुरू की थी। यहां तक कि बाबा साहेब आंबेडकर को भी चुनाव हरवाया गया था। उन्होंने भाजपा सरकार की बुलडोजर नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह नीति दलितों पर अत्याचार करने वालों पर लागू नहीं होती। भाजपा की 'बी टीम' होने के आरोपों को नकारते हुए पाल ने



पलटवार किया असल में कांग्रेस और सपा की नीतियां भाजपा से बनती हैं। उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की बहू भाजपा सरकार में महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। आज़ाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर पर भी निशाना साधते हुए पाल ने आरोप लगाया कि वे दलितों को गुमराह कर रहे हैं, लेकिन दलित समाज उनके झांसे में नहीं आएगा। उन्होंने घोषणा की कि बसपा 2027 का विधानसभा चुनाव दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और न्यायप्रिय सवर्णों को साथ लेकर मजबूती से लड़ेगी।

## आग से तीन दुकानें जलीं, फ्रीजर-एसी जले

**बहराइच।** जरवल नगर पंचायत में गुरुवार देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग में तीन दुकानें जलकर खाक हो गईं। इस अग्निकांड में लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। यह घटना बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर स्थित जरवल नगर पंचायत में हुई। गुरुवार रात करीब दो बजे अनवर की मिठाई की दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और बगल में स्थित सलमान की फल की दुकान तथा शाकिर की एक अन्य दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। अनवर की मिठाई की दुकान में रखा फ्रीजर, एसी और काउंटर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। जरवल चौकी इंचार्ज शिवम कुमार कनौजिया ने बताया कि स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। सूचना मिलने पर दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंचे।

# जब बचपन छिन जाता है, तो मातृत्व भी संकट में पड़ जाता है

▸ कैसरगंज में ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक

समृद्धि न्यूज़

**बहराइच।** मोबियस फाउंडेशन, स्वास्थ्य विभाग और उम्मीद परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में कैसरगंज ब्लॉक में ब्लॉक समन्वय समिति की दूसरी बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी सचिन भारतीय ने की। इसमें मातृत्व स्वास्थ्य, बाल विवाह और जेंडर भेदभाव जैसे गंभीर मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

खण्ड विकास अधिकारी सचिन भारतीय ने कहा कि बाल विवाह केवल बचपन छीनने की सामाजिक बुराई नहीं है, बल्कि यह मातृत्व स्वास्थ्य पर गहरा असर डालता है। कम उम्र की लड़कियां गर्भधारण के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार नहीं होतीं। उन्होंने शिक्षकों, युवाओं और ग्रामीण समुदाय से मिलकर जागरूकता फैलाने की अपील की।बैठक में एआरओ दीपचन्द्र वर्मा, बीसीपीएम रामप्रताप, ब्लॉक आजीविका मिशन, नेहरू युवा केंद्र, स्कूलों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**कम उम्र की गर्भावस्था- एक अधूरी तैयारी**

सीएचसी कैसरगंज के अधीक्षक डॉ. एनके सिंह ने कहा कि 18 वर्ष से पहले विवाह होने वाली लड़कियां शारीरिक रूप से पूरी तरह विकसित नहीं होतीं, जिससे गर्भावस्था में एनीमिया, कुपोषण, जटिल प्रसव और शिशु मृत्यु जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। कम उम्र की माताओं में प्रसव के दौरान मौत की संभावना भी दोगुनी होती है। उन्होंने इसे रोकने के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों स्तरों पर गंभीर प्रयास की जरूरत बताई।

**परिवार पर असर**

ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह ने कहा कि किशोरी के मां बनने पर उसकी शारीरिक कमजोरी और स्वास्थ्य समस्याएं परिवार की अर्थव्यवस्था पर बोझ डालती हैं। असुरक्षित मातृत्व का असर मां के साथ-साथ बच्चे के पोषण, शिक्षा और भविष्य पर भी पड़ता है।

**आने वाली पीढ़ियों पर असर**

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र चौधरी ने कहा कि कुपोषित मां से जन्मा बच्चा कमजोर स्वास्थ्य के कारण शिक्षा और रोजगार में पिछड़ जाता है। इस तरह बाल विवाह और असुरक्षित मातृत्व स्वास्थ्य पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी और बीमारी का दुष्चक्र बनाए रखते हैं।

## बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने पर पुलिस ने ड्रोन किया जब्त

**गोंडा।** दिनांक 18.09.2025 की देर शाम थाना कोतवाली नगर पुलिस को सूचना मिली कि सेमरा चौकी अंतर्गत माधवपुरम कॉलोनी क्षेत्र में एक संदिग्ध ड्रोन उड़ रहा हैं, इस सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी मौके पर पहुँचे और ड्रोन को सीज किया गया एवं ड्रोन उड़ाने वाले व्यक्ति से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वो रेलवे मेडिकल कालोनी थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा का निवासी है । उसके द्वारा बताया गया कि माधवपुरम कालोनी स्थित अपने प्लाट पर निर्माण कार्य हो रहा है, वह ड्रोन द्वारा उसी का वीडियो बना रहा था। उसके द्वारा यह भी बताया गया कि वह बेंगलुरु स्थित कंपनी में काम करता है और ड्रोन से वीडियो बनाना उसका पेशा है। वह अभी बैंगलोर से वापस अपने घर गोण्डा आया है इसलिए उसे यहां की वर्तमान स्थिति तथा फैली हुई अफवाहो के विषय में कोई जानकारी नहीं थी और वह पुलिस को बिना कोई सूचना दिये ड्रोन उड़ाकर अपने प्लॉट पर हो रहे काम का वीडियो एवं फोटो बना रहा था।

# चित्रांश कल्याण समिति के तत्वावधान में वृद्ध आश्रम में हुआ भोज व सुंदरकांड पाठ



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** पितृ पक्ष के अवसर पर जहां पूरे भारत के लोग सनातन धर्मी यथा संभव जरूरत मंद लोगों की सेवा दान व कई धार्मिक कार्य करते हैं इसी क्रम में जनपद की समाजसेवी संस्था चित्रांश कल्याण समिति उत्तर प्रदेश गोंडा के संरक्षक श्री अनिल कुमार, प्रेम शंकर, व ओम प्रकाश श्रीवास्तव की अगुवाई में समिति के महामंत्री सुशील कुमार श्रीवास्तव की कुशल व्यवस्था व मार्गदर्शन में जनपद के वृद्ध आश्रम में मौजूद जनों को भोज कराया गया तथा बृहद सुंदरकांड पाठ व भजन कीर्तन के साथ विशाल सहभोज संपन्न हुआ जिस समय समिति के अध्यक्ष इंजीनियर दिलीप कुमार, इंद्र बहादुर उर्फ मामा, प्रदीप, अरविंद, संतोष श्रीवास्तव विष्णुपुरी, आनंद श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव खरगूपुर, विनय उर्फ लल्ला,सुशील श्रीवास्तव उर्फ पंकज, अजय श्रीवास्तव कांग्रेस, सीपी श्रीवास्तव, सुदीप श्रीवास्तव, दीप नारायण राजकुमार द्विवेदी, अवधेश मौजूद रहे राजकुमार श्रीवास्तव व अतुल श्रीवास्तव की सुंदरकांड पार्टी जिसमें सम्मिलित डीजल सेड कर्मचारी अशोक शर्मा, राम ललित पांडे, जंग बहादुर पाल, अमरेश अरुण सिंह, राम ललित पाण्डेय ने सुंदरकांड पाठ के साथ भजन कीर्तन गाते हुए बैठे श्रद्धालु व वृद्धजनों का मन मोह लिया इसी बीच तमाम वृद्धजन झूमते नाचते दिखे।

# स्वतंत्रता सेनानी का अखिलेश यादव ने किया सम्मान

समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम खान ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवगत कराया कि पूरे प्रदेश में इस वक्त अब मात्र 8 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जीवित हैं जिसमें हमारे जनपद गोंडा ग्राम पतिसा के 105 वर्षीय पंडित राम अचल दुबे आचार्य जी उसमें से एक हैं और उनकी बहुत इच्छा है आपसे मिलने की और आपको आशीर्वाद देने की उन्होंने ने तुरंत मसूद खान से कहा कि उनको लखनऊ लेकर आ जाओ मसूद खान ने 17 सितंबर को आचार्य जी को लेकर लखनऊ सपा कार्यालय पहुंचे अखिलेश यादव ने तत्काल आचार्य जी को बुलाया।

काफी समय आचार्य जी से बात की उनका और परिवार का हाल चाल जाना और आजादी के संघर्ष के बारे में बात की और कहा कि मैं मसूद खां को जिम्मेदारी देता हूं आपका पूरा ख्याल रखें आचार्य जी का लोहिया सभागार में अखिलेश यादव ने भरपूर



तालियों के बीच सम्मान किया उन्हें अंग वस्त्र भेंट किया और उन्हें गुरु दक्षिणा के रूप में 51000 रुपए की नगद धनराशि भी दी और उनके दीर्घायु होने व स्वस्थ रहने की कामना की और कहा कि आजादी के नायक से मिलकर धन्य हो गया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं आचार्य जी का जीवन त्याग संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है समाजवादी पार्टी उनके योगदान को कभी नहीं बुला सकती। आचार्य जी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव व नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी श्यामलाल पाल को भी आशीर्वाद दिया और इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम अचल दुबे आचार्य ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को 2027 में सरकार बनाने और उन्हें मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद दिया और श्रद्धेय नेता जी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए कहा कि नेता जी जब मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने लखनऊ बुलाकर सम्मान दिया था।

# कैडेट्स को दिया फायरिंग व प्राथमिक चिकित्सा का बुनियादी प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** 48 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी गोंडा के तत्वावधान में नंदिनी नगर महाविद्यालय में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 162 तथा प्री आईजीसी शिविर के चौथे दिन कैडेट्स को प्रातः ड्रिल अभ्यास कराया गया उसके पश्चात सैद्धांतिक कक्षाओं का संचालन एएनओ तथा पी आई स्टाफ द्वारा कराया गया। अल्फा कंपनी के कैडेट्स को हथियार चलाने का प्रशिक्षण फायरिंग रेंज में दिया गया।

फायरिंग का अभ्यास प्रशिक्षण अधिकारी फायरिंग लेफ्टिनेंट हरिनाथ सिंह तथा बटालियन के पी आई स्टाफ के द्वारा दिया गया। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज के डॉक्टर राकेश शुक्ला की मेडिकल टीम ने कैडेट्स को प्राथमिक चिकित्सा संबंधी बुनियादी जानकारी प्रदान की द्यप्राथमिक चिकित्सा में रक्तस्त्राव



रोकना, टूटे अंग को स्थिर रखना, सांस की बाधा दूर करना, और तात्कालिक सुरक्षा प्रदान करना शामिल है। इसके लिए शारीरिक संकेतों को पहचानना, घाव को साफ करना, पट्टी बांधना, और साधारण दर्द निवारक उपाय करना जरूरी है।

प्राथमिक चिकित्सा का सही समय पर और सही तरीके से दिया जाना कई बार जीवन रक्षक सिद्ध हो सकता है और इससे संबंधित व्यावहारिक जानकारी एनसीसी कैडेट को प्रदान की गईद्य सायंकालीन प्रशिक्षण में कैडेट्स के बीच टेंट पिचिंग कंपटीशन कराया गया तथा विजेता टीम को पुरस्कृत भी किया गयाद्यइस अवसर पर कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोद्ध सिंह, मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी मेजर राजाराम, कैंप एडजुटेंट लेफ्टिनेंट विपिन शुक्ला, लेफ्टिनेंट रमेश शुक्ला, लेफ्टिनेंट हरेंद्र सिंह यादव, लेफ्टिनेंट राहुल कुमार यादव, कॉलेज के एएनओ, सीटीओ, पी आई स्टाफ और कैडेट्स उपस्थित रहे।

**समस्या** — अवैध टैक्सी स्टैंड से अव्यवस्थाएं फैल रहीं और आए दिन होते हैं विवाद

# गुरु नानक चौकी के ठीक सामने खड़े होते हैं अवैध डग्गामार वाहन

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** जिले में डग्गामार वाहनों का राज सिर्फ सड़कों पर ही नहीं है, चौराहों और गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने चौकी प्रभारी और ट्रैफिक के प्रभारी के सामने चल रहा है और डग्गामार बसों और टैक्सियों का सड़क पर कब्जा है। भले ही सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अवैध टैक्सी स्टैंड को हटवाने के लिए सख्त हों लेकिन जिले में इसका असर नहीं दिखता।

अवैध टैक्सी स्टैंड से अव्यवस्थाएं फैल रही हैं और आए दिन विवाद होते हैं, लेकिन जिम्मे दार बेखबर बने हुए हैं। नगर कोतवाली से दो सौ मीटर की दूरी पर रोडवेज बस स्टैंड के निकट बनी गुरुनानक पुलिस चौ की के सामने डग्गामार वाहन बीच सड़क पर खड़ी करके बेधड़क सवारियां




भरते हैं। ट्रैफिक और नगर पुलिस इनको नहीं रोकती यही हाल झंझरी ब्लॉक के सामने का है।यहां पर भी बड़ी संख्या में मैजिक और टाटा खड़ी की जाती हैं जो रगड़गंज, उमरी,तरबगंज के लिए सवारियां ले जाती हैं।जीआईसी गेट, गुरु नानक चौराहे से थोड़ा आगे,रोडवेज बस अड्डा के पास आदि लगभग शहर के कई चौराहों और अन्य हिस्सों में अवैध टैक्सी स्टैंड बने हैं।धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती जा रही है,लेकिन जिम्मेदार इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं,जो एक बड़ी लापर वाही है।

परिवहन विभाग के अफ सर तो अंजान हैं पुलिस और नगर पालिका के अफसर भी आंख बंद किए बैठे हैं।वही कई ऐसी कई लग्जरी गाड़ियां हैं जिस पर पुलिस लि खा हुआ है वह पुलिस की दबंगई के दिखाकर बीच सड़क पर गाड़ी को खड़ी कर देते हैं और सवारियों को बैठे रहते हैं जिससे कि सुबह स्कूल जाने वाले बस से बच्चों को जा म के झाम से जूझना पड़ता है।

सुबह होते ही रोडवेज बस स्टॉप के निकट गुरु नानक चौराहे से लेकर एलबीएस चौरा हे तक प्राइवेट टैक्सी वालों का जमवाड़ा लग जाता है जो की पैदल चलने वालों के लिए भी मुसीबत खड़ी हो जाती है।वही डीआईजी के आदेश पर एक दिन सिर्फ खानापूर्ति के लिए अवैध टैक्सी स्टैंड और ठेले वालों के खिलाफ सि र्फ खानापूर्ति के लिए कार्रवाई की गई थी उसके दूसरे दिन फिर टैक्सी स्टैंड इसी तरह आबाद हो गए है।सूत्र बता रहे हैं कि डीआईजी साहब के आदेश पर गुरु नानक चौकी प्र भारी और ट्रैफिक प्रभारी भारी पड़ रहे हैं।

**परिवर्तन दल सड़क पर खड़े वाहनों का कर रहा चालान, चौकी इंचार्ज और ट्रैफिक प्रभारी सड़क पर खड़े हो रहें वाहन को देखकर बन रहे अनजान...**

सूत्र बता रहे हैं कि यातायात प्रभारी का चार्ज संभाल रहे हैं और वह अपनी सेटिंग गेटिंग के अनुसार काम क़र रहे है मरता क्या नहीं करता मोटर मालिकों के अंदर डर समा गया मोटर मालिक ने साहब से सेटिंग गेटिंग करके अब अपनी गाड़ियों को गुरुनानक पुलिस चौकी के सामने रोड वेज बस स्टैंड के निकट मुख्य चौ राहे पर खड़ी करके सवारी बैठाते हैं चाहे रोड क्यों ना जाम हो जाए क्योंकि यहाँ तो साहब को सिर्फ महीने में सुविधा शुल्क चाहिए।क्योंकि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देवीपाटन मण्डल और आईजी साहब ने आदेश दिया था कि डग्गामार वाहन को सड़क से हटाया जाए जिससे कि लोगो को जाम से मुक्ति मिल जाए लेकिन चौकी प्रभारी और ट्रैफिक पुलिस ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश को हवा में उड़ा रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बछरावां, रायबरेली।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा स्थानीय थाने पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 364/ 2025 धारा 376(2)(N) 504/ 506 भादवि व 5/6 पास्को के वांछित नाबालिक को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले व उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त मनीष शुक्ला उर्फ मगन शुक्ला पुत्र अजय शुक्ला निवासी ग्राम पश्चिम गांव थाना बछरावां जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध स्थानीय थाने पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक जीतेश सिंह, उप निरीक्षक अभिजीत विश्वकर्मा, कांस्टेबल आनंद चौहान, कांस्टेबल अंकित राठौर, महिला कांस्टेबल रीनू देवी, महिलाकांस्टेबल सोनी सिंह की महती भूमिका रही।

### बाइक-साइकिल की भिड़ंत से तीन गंभीर रूप से घायल

**सलोन, रायबरेली।** तेज रफ्तार बाइक व साइकिल में आमने–सामने जोरदार भिड़ंत हो गई जिससे बाइक सवार दो युवक और साइकिल सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूची से डीह रोड स्थित शराब ठेका के पास की है। जहां ममता पुत्री भरत दास निवासी रायपुर महेवा साइकिल से घर जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार सनी और संजय निवासी बधौला और साइकिल सवार ममता गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सूची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज जारी है।

### खड़ी बाइक से गिरा अधेड़, डॉक्टर ने किया मृत घोषित

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां मौरावा मार्ग पर शेखपुर समोधा गांव के पास अपने घर से बछरावां जा रहा अधेड़ खड़ी बाइक से गिरकर अचेत हो गया। जिसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि शिव बहादुर पुत्र स्वर्गीय भगवान दीन उम्र 45 वर्ष निवासी मेहरबान खेड़ा मजरे शेखपुर समोधा शुक्रवार की शाम तकरीबन 3:00 के आसपास अपने घर से बछरावां की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह शेखपुर समोधा चौराहे से थोड़ा आगे बढ़ा, तभी खड़ी बाइक से सड़क पर गिरकर वह अचेत हो गया। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल सूचना एंबुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस के द्वारा इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया है। सूचना पर पहुंचे परिवारी जनों में कोहराम मचा हुआ है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज

**सीतापुर।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य सेआज 20 सितम्बर 2025 दिन शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक तहसील में किया जाएगा। उक्त तिथि को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में तहसील सिधौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन प्रस्तावित है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**बिसवां (सीतापुर)।** आज शनिवार को प्रातः 11 बजे शुगर फैक्ट्री हॉस्पिटल, बिसवां में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम इनर व्हील क्लब बिसवां के तत्वावधान में आयोजित होगा। क्लब की अध्यक्ष गुरमीत कौर ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान कर मानवता की सेवा में सहभागी बनने की अपील की है।

### न.पा.जायस के वार्ड 14 के रिक्त पदों पर मतदान 15 अक्टूबर को

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला मजिस्ट्रेट संजय चौहान ने नगर पालिका परिषद जायस के रिक्त सदस्य पद वार्ड संख्या–14 के महिला आरक्षण श्रेणी के पद पर उप निर्वाचन विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति 19 सितम्बर से 29 सितम्बर तक पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा मंगलवार 30 सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक, अभ्यर्थन वापसी शुक्रवार 3 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, प्रतीक आवंटन सोमवार 6 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक एवं मतदान 15 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से 5 बजे तक तथा मतगणना 17 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक सम्पन्न किया जायेगा। उन्होंने बताया उल्लिखित समय सारिणी के अनुसार रिटर्निंग अधिकारी सम्बन्धित नगरीय निकाय के उप निर्वाचन की सार्वजनिक नोटिस 19 सितम्बर को जारी करेंगे तथा उसकी प्रतिलिपि जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित करेंगे तथा रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सार्वजनिक सूचना निर्गत करने की तिथि से नामांकन पत्रों का विक्रय किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, अभ्यर्थन वापस लेने, प्रतीक आवंटन एवं मतगणना की कार्यवाही सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारी,सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सम्बन्धित तहसील मुख्यालय तिलोई में होगा। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु आयोग द्वारा निर्धारित उपर्युक्त समय सारिणी के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

### जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### कच्ची दीवार गिरने से अधेड़ महिला और गाय की मौत



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र शिवरतनगंज के अंतर्गत खारा गांव में बीती रात एक दुखद घटना सामने आई है। बारिश के दौरान कच्ची दीवार गिरने से अधेड़ महिला की मौत हो गई, और एक गाय भी मलबे के नीचे दबकर मर गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका मैका देवी उम्र 50 वर्ष उमराव मजरे खारा निवासी अपने घर में मवेशियों की देखभाल कर रही थीं। उनके पुत्र शिव शंकर ने बताया कि गुरुवार की रात बारिश हो रही थी,और मवेशी छप्पर के नीचे बंधे थे। मैका देवी दो मवेशियों को अलग कर रही थीं वही तीसरे मवेशी को खोलते समय कच्ची दीवार गिर गई। मलवे में दवे शवो को परिजन तुरंत मलबे से निकालकर सीएचसी सिंहपुर ले गए, जहाँ चिकित्सक डॉ. जितेंद्र चौधरी ने उन्हें मृत घोषित किया। थानाध्यक्ष शिवरतनगंज विवेक सिंह ने बताया कि शवों को मेडिकल परीक्षण हेतु भेज दिया गया है।

### चोरी की 30 ग्राम चांदी के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अनूप मिश्रा पुत्र स्व विनोद कुमार मिश्रा निवासी मानशाहपुर थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम की सफेद धातु चांदी की कुचली हुई पत्तर बरामद हुई है। पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि 30/31 अगस्त की रात में अपने साथी भीम सिंह पुत्र राजकुमार सिंह के साथ तालाब के किनारे स्थित शिव मंदिर के अंदर शिवलिंग पर चांदी जड़े अरघे से चांदी की पत्तर तोड़कर चोरी कर लिया था जिसको भीम सिंह के साथ आधा–आधा बाट लिया था जिसे बेचने के लिये जा रहा था।

### उधार गुटखा न मिलने पर फायरिंग करने वाले दो गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना मुंशीगंज में वांछित मोटरसाइकिल सवार 2 अभियुक्तों रंजीत गुप्ता पुत्र छेदीलाल गुप्ता निवासी रामनगर व रवीन्द्र कुमार उपाध्याय उर्फ सन्टू पुत्र स्व राधेश्याम उपाध्याय निवासी सीवनगांव मजरे पनियार थाना मुंशीगंज को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से रंजीत गुप्ता पुत्र के कब्जे से एक तमंचा एक खोखा व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर एवं रवीन्द्र कुमार उपाध्याय के कब्जे से एक तमंचा एक खोखा व एक कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। मोटरसाइकिल बजाज पल्सर यूपी 36 एक्स 6485 के कागजात दिखा नहीं सके। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उसके व उसके साथियों द्वारा बृहस्पतिवार की शाम को राजेन्द्र कुमार अग्रहरि की दुकान से मसाला गुटका खाने को लिये थे। दुकानदार द्वारा पैसा मांगने पर मारपीट व जान से मारने की नियत से अपने अपने तमंचो से फायर कर इसी मोटरसाइकिल से भाग गये थे।

# एसडीएम के अध्यक्षता में संपन्न हुई पीस कमेटी की बैठक

- आगामी त्यौहारों को देखते हुए जनप्रतिनिधियों, धर्म गुरुओं एवं समाज सेवियों के साथ की मीटिंग



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

महराजगंज कोतवाली में एसडीएम गौतम सिंह की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक जनप्रतिनिधियों धर्म गुरुओं एवं समाज सेवियों के साथ की गई। बैठक में एसडीएम ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी दिनों में नवरात्रि दशहरा दीपावली का पर्व पड़ने वाला है आप सभी लोग नवरात्रि के अवसर पर जहां मां दुर्गा को स्थापित करेंगे वहां पर सीसीटीवी कैमरा भी लगाइए तथा शांतिपूर्वक पूजा अर्चना कीजिए दूसरे लोगों को दिक्कत न हो इसका भी ध्यान रखिए तथा जहां कहीं पर भी आप सभी को अराजकता दिखे तुरंत प्रशासन को सूचित करें और आने वाले दिनों में नवरात्रि दशहरा दीपावली है इन सभी त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाएं ।प्रशासन आपके साथ है और जहां कहीं पर भी कोई अशांति किसी को दिखाई पड़े तो तुरंत प्रशासन से संपर्क करें। अगर कहीं पर भी मूर्ति रखना है तो प्रशासन को सूचित करें बिना परमिशन के मूर्तियां नहीं रखी जाएंगी। सीओ प्रदीप कुमार ने भी जनप्रतिनिधियों और धर्मगुरुओं से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की और कहा कि हमारे पुलिस के जवान आपकी सुरक्षा में लगातार लगे हुए हैं जहां कहीं पर भी आपको कोई अराजकता या असुरक्षा नजर आए तुरंत हमें सूचित करें। इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि धर्मगुरु सहित कोतवाली पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# स्वच्छता की शपथ, अभियान चलाकर किया गया सफाई कार्य



**महराजगंज, रायबरेली।** विकासखंड में स्वच्छता की शपथ अभियान चला कर किया गया सफाई कार्य। खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने शुक्रवार को कर्मचारियों और अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई इसके उपरांत सभी ने मिलकर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान में भाग लिया। खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान सिर्फ एक दिन का नहीं बल्कि एक निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपने आसपास की सफाई बनाए रखने की अपील की।

# ट्रेन से कट कर युवती की दर्दनाक मौत

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



शुक्रवार की सुबह लगभग 8:30 बजे के आसपास ट्रेन से कट कर एक युवती की दर्दनाक मौत हो गई ग्रामीण सुबह उधर से गुजरे तो घटना की जानकारी हुई तब ग्रामीणों ने घटना की सूचना डलमऊ पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कनहा गांव में शंभू मुखिया स्कूल के सामने से गुजरी रेलवे लाइन पर एक युवती का शव क्षत विक्षत अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया आशंका जताई जा रही है कि सुबह करीब 8:30 बजे के आसपास रघुराज सिंह से रायबरेली जा रही शटल ट्रेन 54222 की चपेट में आने से युवती की दर्दनाक मौत हो गई घटना इतनी भयावह थी कि ट्रेन से कटने के बाद युवती का सर धड़ एवं हाँथ अलग हो गया था जिसके चलते शव पहचान में नहीं आ रहा था ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घंटों युवती की शिनाख्त करने का प्रयास किया काफी देर बाद युवती की शिनाख्त लालगंज कोतवाली क्षेत्र के वाजपेई पुर मजरे सोंडासी की क्षमा देवी उर्फ रक्षा पुत्री राम लखन सोनकर उम्र लगभग 18 वर्ष के रूप में हुई घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो हाहाकार मच गया घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है ग्रामीणों में यह चर्चा रही की युवती रेलवे लाइन पर कैसे पहुंची ? कहीं उसने पारिवारिक कलह या प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या तो नहीं की है। फिलहाल मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि ट्रेन से कट कर युवती की मौत हो गई है शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा गया है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सहकारी समिति दुसौंती पर संपन्न हुई इफको की किसान सभा

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र में स्थित दुसौंती सहकारी समिति के प्रांगण में एक बृहद किसान जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक के नेतृत्व में सचिव धर्मेंद्र सिंह एवं अध्यक्ष मनमोहन सिंह के अथक प्रयास से संपन्न हुई। यह गोष्ठी नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के अंतर्गत अमांवा विकासखंड की समिति दुसौंती के प्रांगण में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में क्षेत्र प्रबंधक इफको डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने प्रतिभाग करते हुए नैनो उर्वरकों, सागरिका, नैनो यूरिया, डीएपी, जिंक, कापर तथा जैव उर्वरकों के महत्व तथा प्रयोग विधि पर विस्तार से चर्चा किया. आपने वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण अनुकूल कृषि में नैनो उर्वरकों के योगदान को रेखांकित किया तथा अत्यधिक उर्वरक के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए रासायनिक उर्वरकों की मात्रा को 50त्न तक कम कर नैनो उर्वरकों के सहयोग से वांछित फसल उत्पादन लेने की विधि से कृषकों को अवगत कराया. कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि कमल सिंह ने की,वहीं मुख्य अतिथि प्रधान संघ अध्यक्ष ऋषि रहे। कृषक बंधुओ से पर्यावरण तथा राष्ट्रहित में नैनो उर्वरकों के प्रयोग करने की अपील करते हुए सहकारी समिति ए डी ओ राजन सिंह ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को घटाना हमारे साथ हमारे मिट्टी, पर्यावरण तथा स्वास्थ्य के हित में है. सचिव श्री धर्मेन्द्र सिंह ने भी मृदा स्वास्थ्य तथा पर्यावरण पर चर्चा करते हुए नैनो उर्वरकों के प्रयोग को लाभकारी बताया, समिति अध्यक्ष ने भी कृषक बंधुओं से नैनो उर्वरक प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि इफको कृषक हित के लिए सदैव तत्पर है पूरे कार्यक्रम में स्वदेशी के प्रयोग पर जोर दिया गया।बी डी सी समरहदा रमेश प्रताप सिंह एवं शिवकुमार सिंह प्रगतिशील कृषकों ने नैनो उर्वरकों के प्रयोग करने के उपरांत अपने अनुभव व्यक्त किये एवं इसको अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि हमने रासायनिक उर्वरकों की मात्रा को आधे से भी कम कर दिया है तथा उत्पादन भी अच्छा ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में नरसिंह बहादुर सिंह, अमर महराज, गरीब खां, आशीष सिंह, मजहर खान, कलीम, देवता यादव, राधे यादव, रामसजीवन आदि लोगों के साथ ही भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी शारदीय नवरात्र एवं विजयदशमी आदि त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए आगामी त्योहारों के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित की जाये। उन्होंने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए आयोजकों से अपेक्षा की कि समस्त आयोजनों में नियमों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। समस्त आयोजनों हेतु नियमानुसार सक्षम अधिकारी से अनुमति अवश्य प्राप्त कर ली जाए। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से आए आयोजकों, धर्मगुरुओं, गणमान्य व्यक्तियों से समस्याओं के विषय में जानकारी ली एवं समस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है, जिसका संपर्क सूत्र 05862-242400 एवं 05862-245753 हैं। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि आपसी सौहार्द एवं शांति के साथ त्योहारों को मनायें। जिलाधिकारी ने आयोजन समितियों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि प्रत्येक पण्डाल, अग्निशमन यंत्रों, रेत की बोरियों, पानी भरे ड्रम आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाए तथा सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरों की स्थापना अवश्य करायी जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि डीजे की ध्वनि निर्धारित मानकों से अधिक न हो एवं निर्धारित समय तक ही डीजे बजाएं जाये। किसी प्रकार के फूहड़ एवं अश्लील गाने व नृत्य का प्रदर्शन न किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि थाना स्तर पर पीस कमेटी की बैठकें आयोजित कर कार्यक्रमों के आयोजकों को नियमों से अवगत कराया जाये। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त दुर्गा मन्दिरों, पण्डालों, दशहरा के अवसर पर आयोजित रामलीला स्थलों आदि के आस-पास नियमित रूप से साफ-सफाई की व्यवस्था कराते हुए शुद्ध पेयजल, मोबाइल टायलेट आदि की व्यवस्था करायी जाए। बैठक के दौरान एडीएम नीतीश कुमार सिंह, एसडीएम सदर धामनी एम दास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी सहित समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट, समस्त क्षेत्राधिकारी, अधिकारी व जनपद पीस कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सीएचसी में स्वास्थ्य कैंप का हुआ आयोजन



**बछरावां रायबरेली।** सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...75 वर्ष के उपलक्ष्य के अवसर पर दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे विशेष अभियान स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के परिसर में विशाल स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में जनरल फिजिशियन के रूप में डॉक्टर अमित सिंह एवं डॉक्टर मनीष मिश्रा, बाल चिकित्सक के रूप में डॉक्टर योगेंद्र सिंह, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉक्टर संजीव जायसवाल (अध्यक्ष भारतीय चिकित्सा संघ रायबरेली), गयानोलॉजिस्ट के तौर पर डॉ अर्पिता श्रीवास्तव एवं डॉक्टर स्नेहा वर्मा, वही नेत्र चिकित्सक के रूप में डॉक्टर शरद कुशवाहा की मौजूदगी रही। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां की अधिक्षिका डॉक्टर अर्पिता श्रीवास्तव ने बताया कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कैंप के अंतर्गत विभिन्न विभागों से आए चिकित्सकों के द्वारा अपने-अपने विभाग के सैकड़ों मरीजों का उपचार कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। साथ ही साथ मरीजों को उनके संबंधित रोगों के संबंध में दवा भी वितरित की गई। इस मौके पर बीपीएम धर्मेंद्र सिंह, बीसीपीएम आलोक अवस्थी, एआरो छत्रशाल मिश्र, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव, दीपक चौरसिया सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां का समस्त स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भूकंप से सुरक्षा के लिए मॉकड्रिल एक्सरसाइज का आयोजन

**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज़।**



जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से कस्बे के कृष्णा देवी म्युनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज में भूकंप से सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य आपदा मोचन बल, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग व नगर पालिका परिषद सहित अन्य विभागों ने सहभागिता की। सायरन बजते ही अफरा-तफरी का माहौल बना और बंद कमरे में फंसी छात्राओं को आपदा मोचन बल के जवानों ने सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान एक व्यक्ति के बेहोश होने पर स्वास्थ्य टीम ने प्राथमिक उपचार देकर एंबुलेंस से अस्पताल भेजने की कार्यवाही भी की। स्वाट टीम के डॉग स्क्वायड ने भी अंदर फंसे लोगों की तलाश कर पत्थर काटकर रास्ता बनाकर निकासी का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं से भूकंप के दौरान सुरक्षा उपायों पर सवाल-जवाब किए गए, जिनका छात्राओं ने सफलतापूर्वक उत्तर दिया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी न्यायिक अवनीश कुमार, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी, अवर अभियंता अंबरीश कुमार, सफाई निरीक्षक सौरभ शुक्ला, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित कपूर, सुमित मेहरोत्रा, कालेज की प्रधानाचार्या लक्ष्मी देवी, उप प्रधानाचार्या उषा अवस्थी, राज्य आपदा मोचन बल की टीम के साथ कम्पनी कमांडर चंदेश्वर समेत तहसील, नपा व राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**परसेंडी, सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेडी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर अधीक्षक परसेंडी दीपक यादव के द्वारा कार्यक्रम मे आए हुए सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया ।कार्यक्रम को मनोज कुमार त्रिवेदी जिला सहसंयोजक मीडिया भाजपा ने संबोधित करते हुए कहा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण देश में विकास की गंगा बहाने का भागीरथ प्रयास किया है ।आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हजारों मरीजों का निशुल्क इलाज एवं दवाओ का वितरण हो रहा है परसेंडी ब्लॉक मैं13 आरोग्य मंदिर बनाकर गांव गांव स्वास्थ्य सेवा देने का काम योगी और मोदी जी ने किया। यूपी में योगी और मोदी के द्वारा अनेकों योजनाओं के माध्यम से संपूर्ण जनमानस लाभान्वित हुआ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 में जन्मदिवस की अवसर पर दीर्घायु कामना करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनूप श्रीवास्तव पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा परसेंडी ने संबोधित किया कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ सीतापुर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर विकास त्रिवेदी अध्यक्ष युवा मोर्चा मंडल, डॉ. सुनील वर्मा, रिचा सिंह, अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा मंडल परसेंडी छोटेलाल भार्गव, सेक्रेटरी अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा हरिश्चंद्र शुक्ला, देवेंद्र पांडे, अंकित मौर्य, करुणानिधान अवस्थी सहित हजारों लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# न.पा.जायस में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत शपथ दिलाई गई



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** महात्मा गांधी ने ऐसे भारत का सपना देखा था जो केवल आज़ाद ही नहीं बल्कि स्वच्छ और विकसित भी हो। इसी सपने को साकार करने की दिशा में शासन की मंशानुरूप नगर पालिका परिषद जायस में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कार्यालय परिसर में सफाईकर्मियों और अन्य कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सफाई कर्मचारियों को सेफ्टी किट एवं ड्रेस भी वितरित की गई। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद जायस के अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र, मंडल कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शहरी वैभव कुमार पाण्डेय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शहरी सूर्यप्रताप सिंह सहित सभी सफाईकर्मी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम ने किया विभिन्न चोरियों का खुलासा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में बृहस्पतिवार को थाना अमेठी पुलिस व स्वाट,सर्विलांस टीम द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन की चेकिंग के दौरान 2 मोटरसाइकिल पर सवार 5 अभियुक्तों सुरेश कश्यप पुत्र बिन्द्रावन कश्यप निवासी ग्राम गौतम का पुरवा शाहगढ़ थाना मुंशीगंज, शुभम साहू उर्फ छोटू पुत्र संतोष कुमार साहू निवासी सायगढ़, विमल चौरसिया पुत्र राम रसायन चौरसिया निवासी फरहदिया मजरा राजापुर कौहार थाना गौरीगंज, विकास चौरसिया पुत्र शिवकुमार चौरसिया निवासी नौगवा दरपीपुर थाना मुंशीगंज, विकास कोरी पुत्र राजाराम कोरी निवासी ग्राम फरहदिया मजरा राजापुर कौहार को गिरफ्तार किया गया तथा एक शातिर मौके का फायदा उठाकर भाग गया । शुभम साहू उर्फ छोटू के कब्जे से एक थैले में 15,300 रुपये नकद तथा सुरेश कश्यप के कब्जे से एक एन्ड्रॉयड फोन, पल्सर नं UP36P3512 व स्प्लेण्डर नं PB04H6994 के कागज मांगने पर दिखा न सके। पूछताछ में भागने वाले अभियुक्त का नाम अरुण यादव पुत्र बैजनाथ यादव निवासी ग्राम बानथान थाना मुंशीगंज बताया है। दो माह पूर्व मंगलपुर स्थित रोजाना कंपनी के गोदाम के अंदर से 2 राउटर डीवीआर व बोरी में रखे 10, 05, 20 रुपये के लाखों के सिक्के चोरी कर लिये थे। करीब चार माह पूर्व तिवारीपुर आईटीआई के पास एक ट्यूबवेल से रात्रि में एक मोटर, कोहरा में एक मकान से एक जोड़ी पायल व घरेलू उपयोग के बर्तन, जंगल रामनगर में वेल्डिंग मकैनिक की दुकान से एक मोटर, एक कटर, एक ग्लाइंडर, एक वेल्डिंग मशीन, हैमर मशीन आदि चोरी किया। मोबाइल फोन को करीब एक सप्ताह पूर्व कटरामहरानी में स्थित देशी शराब ठेका के पास खड़ी मोटरसाइकिल की डिग्गी से चोरी करना बताया। अभियुक्तों ने चोरी के सामान में से कुछ सामान फेरी लगाने वाले कबाड़ी को बेच दिया था, शेष सामान अभियुक्तों की निशानदेही पर ग्राम बेनीपुर पावरहाउस के पास से बरामद हुआ। उक्त चोरियों के संबंध में थाना अमेठी व मुंशीगंज पर अभियोग पंजीकृत हैं । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पराली की कसक

निर्विवाद रूप से पर्यावरण प्रदूषण देश के सामने एक बड़ा संकट है। लाखों लोगों के जीवन पर इससे संकट के बादल मंडराते हैं। शीत ऋतु की दस्तक के साथ राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की काली छाया के बीच अक्सर इस संकट के मूल में निकटवर्ती राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं को जिम्मेदार बताने की कवायद हर साल होती है। इस बार भी पंजाब में धान की खरीद शुरू होने के बाद विभिन्न हितधारकों का ध्यान एक मौसमी समस्या पराली जलाने की ओर आकर्षित हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से उस कुप्रथा में लिप्त कुछ किसानों को गिरफ्तार करने के बारे में निर्णय लेने को कहा है, जिसे हर साल अक्टूबर-नवंबर में वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण बताया जाता है। वैसे न्यायालय ने इस बात को स्वीकार किया है कि 'हमारे लिये किसान विशेष हैं और हम उनकी बदौलत ही भोजन प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही अपनी खाद्य शृंखला को मजबूत कर रहे हैं।' लेकिन वहीं दूसरी ओर शीर्ष अदालत ने राज्य से पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में कड़ा संदेश देने के लिये दंडात्मक प्रावधान लागू करने का भी आग्रह किया है। निर्विवाद रूप से देश में पंजाब और हरियाणा, जो कि खाद्यान्न उत्पादन में अग्रणी राज्य भी हैं, पराली जलाने से रोकने के लिये विगत में कभी-कभी किसानों को जेल में भी डालते रहे हैं। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि यह कठोर कदम व्यावहारिक धरातल में एक प्रभावी निवारक साबित नहीं हो सका है। हमें इस बात की भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि पिछले कुछ वर्षों में हुई गिरफ्तारियों और भारी जुर्माने ने इस क्षेत्र के कृषक समुदाय के गुस्से को भड़काया ही है। जिसने केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफआवाज उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। वैसे एक हकीकत यह भी है कि सत्ताधीशों के लिये किसानों पर आपराधिक मुकदम चलाना राजनीतिक दृष्टि से एक जोखिम भरा कदम माना जाता है। निस्संदेह, इन राज्यों में किसान अब एक प्रभावशाली वोट बैंक बन चुके हैं। खासकर पंजाब में किसानों की जागरूकता सत्ताधीशों पर दबाव बनाने में कामयाब हो जाती है। सर्वविदित है कि देश के सीमावर्ती राज्य पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ के दौरान धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में किसानों के खिलाफ कोई सख्त कदम उठाना संवेदनशीलता की दृष्टि से उचित भी नहीं कहा जा सकता है। इसलिए अधिकारी किसी संभावित आक्रोश से बचने के लिये दंडात्मक कार्रवाई से बचने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे में वे कोई सुरक्षित रुख अपना सकते हैं। निस्संदेह, किसी ऐसी सख्त कार्रवाई से पहले ही प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे किसानों की स्थिति और बिगड़ सकती है। ऐसे हालात में किसानों से टकराव की बजाय सहयोग को प्राथमिकता बनाना तार्किक कहा जा सकता है। आर्थिक विकल्प, दंड से बेहतर काम करेगा। दूसरी ओर किसानों को पराली के प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। हम उन्हें सशक्त बनाकर इस संकट का तार्किक समाधान निकाल सकते हैं। सरकार प्रयास करे कि पराली का उपयोग उद्योगों द्वारा जैव ईंधन के रूप में एक उत्पादक विकल्प के तरह किया जाए। हमारे देश के ऊर्जा उत्पादन में बायोमास के उपयोग को बढ़ावा देने से जमीनी स्तर पर बदलाव लाया जा सकता है। पराली आधारित बॉयलरों को अपनाने वाले उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिये पूंजीगत सब्सिडी सराहनीय पहल बन सकती है। सर्दियों में भीषण ठंड से बचने के लिये पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की भलाई सुनिश्चित करने वाले पर्यावरण अनुकूल कदम उठाना भी जरूरी है। साथ ही पराली का निस्तारण करने वाली मशीनों की खरीद के लिये किसानों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। मशीनों की खरीद में सब्सिडी तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सहकारिता के आधार पर इनके उपयोग से भी सार्थक परिणाम मिल सकते हैं। इस दिशा में किसानों को जागरूक करने के लिये अभियान चलाए जाने जरूरी हैं। उन्हें बताया जाना चाहिए कि खेत में पराली जलाने से जहां खेतों की उर्वरता पर प्रतिकूल असर पड़ता है, वहीं इससे उठने वाला धुआं उनके व परिवार के लिये भी घातक है।

# धर्मांतरण की बढ़ती समस्या

*लालजी जायसवाल*

भारत एक बहुधार्मिक, बहुसांस्कृतिक देश है, जहाँ धर्म की आज़ादी संविधान द्वारा सुनिश्चित है। लेकिन हाल ही में मतांतरण (धर्म परिवर्तन) की घटनाओं में वृद्धि और उनसे जुड़े विवादों ने इस विषय को हवा दे दी है। हाल के दिनों में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं जिसमें लोग अपने धर्म को छुपाकर या गलत तरीके से दूसरे धर्म के व्यक्तियों के साथ शादी करते हैं तथा शादी के बाद ऐसे दूसरे व्यक्ति को अपने धर्म में परिवर्तित करने के लिये मजबूर करते हैं।

पिछले दिनों राजस्थान विधानसभा में राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 पारित कर दिया गया। अवैध रूप से धर्मान्तरण रोकने के लिए विधानसभा ने दूसरी बार विधेयक को मंजूरी दी है। वर्तमान विधेयक में जबरन व प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने वाली संस्थाओं की अवैध सम्पत्तियों को बुल्डोजर से ध्वस्त करने का प्रावधान है। राजस्थान में किसी भी धर्म के व्यक्ति को अन्य धर्म में शादी करने या किसी अन्य उद्देश्य से धर्म परिवर्तन करने के लिए कलेक्टर को 90 दिन पहले सूचना देकर स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन का घोषणा पत्र देना होगा। ऐसा नहीं करने पर जबरन धर्म परिवर्तन मानते हुए राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस विधेयक के आधार पर बनने वाला कानून सभी धर्मों पर समान रूप से लागू होगा लेकिन मूल धर्म में वापसी को धर्म परिवर्तन नहीं माना जाएगा।

यह सही है कि संविधान ने हमें किसी भी धर्म को मानने का अधिकार दिया है। यह भी सही है कि स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन को क़ानूनन ग़लत नहीं ठहराया जा सकता है। लेकिन देखना यह होगा कि क्या वाक़ई धर्म परिवर्तन स्वेच्छा से हो रहा है? क्या किसी लोभ के कारण इस तरह की घटनाएँ नहीं हो रहीं? क्योंकि लोभ, भय, ब्लैकमेल आदि के कारण कराया जाने वाला धर्म परिवर्तन अपराध की श्रेणी में आता है। इसलिए इस पर राजनीति से हटकर सख्त क़दम उठाने की ज़रूरत है। गौर करने वाली बात है कि केंद्रीय स्तर पर देश में मतांतरण को लेकर कोई कानून नहीं है। हालांकि पहले इसके लिए प्रयास हुए पर असफल ही रहा लेकिन अब देश के कई राज्यों में मतांतरण को रोकने के लिए कानून लागू किया गया है। लेकिन अच्छा तो यह होता कि मतांतरण पर कोई देशव्यापी केंद्रीय कानून होता।

**मतांतरण और विदेशी फंडिंग :** पंजाब जैसे राज्यों में काम कर रहे संगठनों ने वहां चल रहे मतांतरण पर चिंता व्यक्त की है। इसके कारण सामाजिक उपद्रव बन रहा है। वहां नशे के कारण युवाओं में परिणाम सामने आ रहे हैं। इस पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। इससे पीड़ित लोगों की सहायता कैसे की जाए, उसके लिए सरकार व पुलिस के साथ समन्वय बनाकर काम हो रहा है।

डॉ. अंबेडकर ने कहा था कि जो मत-परिवर्तन लालच से किया जाता है, वह अनुचित है। गांधीजी मानते थे कि मतांतरण राष्ट्रांतरण है। कोर्ट भी मानता है कि यह राष्ट्र के लिए खतरनाक है। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा समय-समय पर केंद्र सरकार से इस पर कानून बनाने की बात कही जाती रही है लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा सके हैं। हाल के समय में उच्चतम न्यायालय में अश्वनी उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ के सामने भी इस मुद्दे पर कानून न होने तथा आर्थिक रुप से पिछड़े नागरिकों का अनैतिक तरीके से मतांतरण कराए जाने की बात कही गई।

विदित हो कि विदेशी फंडिंग के जरिए महिलाएं व बच्चे मतांतरण के अधिक शिकार हो रहे हैं इसलिए एक राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी कानून बनाया जाना चाहिए क्योंकि पड़ोसी देशों पाकिस्तान, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका और भूटान में इसे लेकर कानून है। बावजूद इस दिशा में सरकार का आगे न बढ़ना समझ से परे है। इसका एक कारण वोटबैंक की राजनीति भी है जो धर्मनिरपेक्षता के नाम पर इसका लंबे समय से विरोध करती आ रही है। यह विरोध राष्ट्र के लिए ठीक नहीं। निर्बल असहाय वर्ग को प्रलोभन देकर धर्मांतरण करवाया जाना सख्त कानून के अभाव में आम होता जा रहा है। अनेक राज्यों ने अपने-अपने स्तर पर इस संबंध में कानून बनाए हुए हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर सख्त कानून की आवश्यकता है। ऐसा कानून जिसमें संपूर्ण जांच के उपरांत ही धर्मांतरण को जिला प्रशासन द्वारा मंजूरी दिए जाने का प्रावधान हो।



**अनेक राज्यों ने धर्मांतरण के ख़िलाफ़ सिख्त क़ानून बनाये हैं। इसके बावजूद धर्मांतरण पर रोक नहीं लग सकी है। धर्मांतरण को लेकर सबसे पहले ओडिशा ने कानून बनाया। ओडिशा में धर्मांतरण विरोधी कानून सन् 1967 में लागू किया गया था। इसके बाद सन् 1968 में मध्य प्रदेश क़ानून बनाने वाला दूसरा राज्य बना। अरुणाचल प्रदेश में सन् 1978 में कानून बना। वहीं, गुजरात में सन् 2003 में कानून बना। समय की माँग के अनुसार अप्रैल, 2021 में पूर्व के कानून में संशोधन भी किया गया। इसके अलावा छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, कर्नाटक आदि राज्यों में कानून बने। झारखण्ड में सन् 2017 में धर्मांतरण पर कानून बना। सभी राज्यों के क़ानून में एक बात सामान्य है कि जबरन धर्म परिवर्तन के लिए ठोस कार्रवाई का प्रावधान किया गया। झारखण्ड, गुजरात, छत्तीसगढ़ जैसे कुछ राज्य ऐसे हैं, जहाँ धर्म परिवर्तन करने की सूचना जिलाधिकारी को देना अनिवार्य किया गया है। गौरतलब है कि राज्य में जो क़ानून बने हैं, वह जबरन धर्म परिवर्तन पर कार्रवाई के हैं। जबकि स्थानीय लोगों का मानना है कि धर्म परिवर्तन कराने के लिए लोग एक मिशन के तहत इलाके में आते हैं। बाकायदा केंद्र बनाकर धर्म का प्रचार करते है। वे लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते हैं। मतांतरण का मुद्दा भारत जैसे विविधता वाले देश में संवेदनशील है, इसलिए इस पर संतुलित और दूरदर्शी नीति अपनाए जाने की जरूरत है।**

देश में अगर धर्मांतरण निरोधक सख्त कानून होता तो देश के कोने-कोने में जबरन हो रहे धर्मांतरण की खबरें सामने नहीं आती। ये बात सही है कि कुछ राज्यों में इसे रोकने के लिए विधेयक पारित कर कानून जरूर बनाए गए हैं, किंतु केवल कानून बनाना ही पर्याप्त नहीं। बनाए गए कानून का कड़ाई से पालन होना भी उतना ही जरूरी है।

किसी की इच्छा के विरुद्ध जाकर उसे दूसरा धर्म अपनाने को मजबूर करना गंभीर अपराध है। आदिवासी बहुल क्षेत्र के लोगों को प्रलोभन देकर या जबरन धर्मांतरण करा दिया जाता है। न जाने कितने लोग ऐसे ही जबरन धर्मांतरण की बलि चढ़ा दिए जाते हैं। इन खबरों को देश के सामने लाने में मीडिया की अहम भूमिका होती है।

**राज्यों की पहल :** अनेक राज्यों ने धर्मांतरण के खिलाफ़ सिख्त क़ानून बनाये हैं। इसके बावजूद धर्मांतरण पर रोक नहीं लग सकी है। धर्मांतरण को लेकर सबसे पहले ओडिशा ने कानून बनाया। ओडिशा में धर्मांतरण विरोधी कानून सन् 1967 में लागू किया गया था। इसके बाद सन् 1968 में मध्य प्रदेश क़ानून बनाने वाला दूसरा राज्य बना। अरुणाचल प्रदेश में सन् 1978 में कानून बना। वहीं, गुजरात में सन् 2003 में कानून बना। समय की माँग के अनुसार अप्रैल, 2021 में पूर्व के कानून में संशोधन भी किया गया। इसके अलावा छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, कर्नाटक आदि राज्यों में कानून बने। झारखण्ड में सन् 2017 में धर्मांतरण पर कानून बना। सभी राज्यों के क़ानून में एक बात सामान्य है कि जबरन धर्म परिवर्तन के लिए ठोस कार्रवाई का प्रावधान किया गया। झारखण्ड, गुजरात, छत्तीसगढ़ जैसे कुछ राज्य ऐसे हैं, जहाँ धर्म परिवर्तन करने की सूचना जिलाधिकारी को देना अनिवार्य किया गया है।

गौरतलब है कि राज्य में जो क़ानून बने हैं, वह जबरन धर्म परिवर्तन पर कार्रवाई के हैं। जबकि स्थानीय लोगों का मानना है कि धर्म परिवर्तन कराने के लिए लोग एक मिशन के तहत इलाके में आते हैं। बाकायदा केंद्र बनाकर धर्म का प्रचार करते है। वे लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते हैं। मतांतरण का मुद्दा भारत जैसे विविधता वाले देश में संवेदनशील है, इसलिए इस पर संतुलित और दूरदर्शी नीति अपनाए जाने की जरूरत है।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

## विचार

# सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य...



*गुंजा जैन*

सेवा पखवाड़ा प्रति वर्ष 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाता है। यह पखवाड़ा हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती तक चलता है।

सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य है-सेवा ही संगठन के मूलमंत्र को जीवन में उतारना और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना। यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि हम सबका नैतिक कर्तव्य है कि हम सभी समाज की भलाई के लिए कुछ अवश्य करें। इसकी शुरुआत हमें अपने ही घर से करनी होगी, पहल हमे ही करनी होगी, हमें यह धारणा बदलनी होगी की हम ही शुरुवात क्यों करें हम तो इतना प्रकृति मे प्रदूषण नहीं करते तो फिर हम क्यों करें।

हम भगवान की पूजा करते है भगवान ही साक्षात प्रकृति हैं, सभी धर्म का सार प्रकृति है, ईश्वर से प्रेम, प्रकृति की रक्षा और धर्म की रक्षा के लिए हमे आगे बढ़ना ही होगा। जन मानस को उनके कर्तव्य याद दिलाने होंगे जो की हम अपनी रोज की दिनचर्या से भूल गए है। इस दौरान देशभर में सेवा और समाज कल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं उनमे भाग ले कर अपने कुछ कर्तव्य तो निभाने चाहिए।

सेवा पखवाड़ा के दौरान निम्नलिखित कार्य किए जाते हैं जैसे-स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच




कैंप, दिव्यांगजनों और जरूरतमंदों की सहायता, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान आदि।

सेवा का अर्थ है-बिना किसी स्वार्थ के किसी और की भलाई के लिए काम करना। अपने आप को जानने का सबसे अच्छा तरीका है, दूसरों की सेवा में खुद को समर्पित कर देना।

छोटी-छोटी चीजें जैसे पेड़ लगाना, प्लास्टिक का उपयोग कम करना, अपने आस-पास सफाई रखना, बुजुर्गों की मदद करना, ये सब भी सेवा ही है। घर मे सोसाइटी मे नगर मे मोहल्ले मे समय समय पर जन चौपाल या मीटिंग करके पर्यावरण को संरक्षित करने और सुरक्षित करने के विषय मे चर्चा करनी चाहिए, हमारे समाज के युवा को आगे बढ़कर इसमें अपना योगदान अवश्य करना चाहिए, हमारे स्तर से जो कुछ भी बन सके हमे जरूर करना चाहिए, क्योंकि एक समय ऐसा या जाएगा की हम अपनी प्रकृति के लिए जब कुछ करना भी चाह रहे होंगे तो वह ही हमे 1 सेकंड का भी समय नहीं देगी, आज हर राज्य मे प्राकृतिक आपदा का आना जैसे उत्तराखंड, हिमांचल, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हमारा अपना शहर फर्रुखाबाद भी नहीं बचा जो इस आपदा को नहीं झेल रहा है, समय रहते हमको जागना होगा, इसे हम मानवीकृत आपदा ही कहेंगे। अंत में, मैं यही कहना चाहूंगी कि सेवा पखवाड़ा हमें यह सिखाता है कि देश सेवा केवल बड़े-बड़े कामों से नहीं होती, बल्कि छोटी-छोटी सेवाओं से भी हम समाज में बड़ा बदलाव ला सकते है।

आइए, हम सब मिलकर इस सेवा पखवाड़ा को एक संकल्प के रूप में लें और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाएं। एक साफ सुथरा वातावरण न केवल हमें बीमारियों से बचाता है, बल्कि हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत की कल्पना तभी साकार हो सकती है जब हम सभी मिलकर इसका हिस्सा बनें और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि हम केवल इस पखवाड़े में ही नहीं, बल्कि हर दिन स्वच्छता का ध्यान रखेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

**पर्यावरण विशेषज्ञ, फर्रुखाबाद**

## तर्पण




# माता पिता से विरासत में मिली ईमानदारी



स्वर्गीय महादेव प्रसाद गुप्ता




स्वर्गीय कुसुम गुप्ता




शैलेंद्र कुमार गुप्ता लालू (पुत्र)

मेरे पिता स्वर्गीय महादेव प्रसाद गुप्ता व माता स्व. कुसुम गुप्ता के अनुसार कभी किसी का विश्वास नहीं खोना और विश्वासघात भी नहीं करना। व्यापार में ईमानदारी बहुत जरूरी है और समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद करते रहना। उनकी दी हुई शिक्षा और सीख आज हमारे काम आ रही है। संत तुल्य पिताश्री व माता जी के बताए रास्ते पर चलने से मेरा व्यापार दिन दूना रात चौगुना बढ़ रहा है और मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ रही है। उन्होंने कभी धन को प्राथमिकता नहीं दी। वह रिश्तों को सहेजने में विश्वास रखते थे। कभी धन और रिश्ते में एक को चुनना पड़ा तो रिश्तों को ही चुना। वह संत हृदय थे और ईश्वर के प्रति पूरी आस्था रखते थे। विरासत में मिली शिक्षाओं को मैं अपनी संतान को भी सौंपना चाहता हूं।

आप जहां भी हो अपना आशीर्वाद मुझ पर व मेरे परिवार पर बनाए रखना। आप के बताए मार्ग पर हम सब सदैव चलते रहेंगे। पितृपक्ष के पावन पर्व पर आप को शत-शत नमन...

**शैलेंद्र कुमार गुप्ता लालू**
**अध्यक्ष उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष किराना एसोसिएशन छिबरामऊ**



# राशिफल

**मेष:-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।

**वृषभ:-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है।

**मिथुन:-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्क:-** शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद-विवाद से दूर रहें।

**सिंह:-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

**कन्या:-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे।

**तुला:-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी।

**वृश्चिक:-** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं।

**धनु:-** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकर:-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा।

**कुंभ:-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीन:-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी।

# राहुल गांधी का जेन-जेड दांव लोकतंत्र की रक्षा या पड़ोसी देशों जैसी आग का न्योता?



**अजय कुमार**

देश की सियासत में इन दिनों हंगामा बरपा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक ट्वीट ऐसा है, जिसने सबको चौंका दिया। 18 सितंबर 2025 को एक्स पर उन्होंने लिखा, 'देश के युवा, देश के छात्र, देश की जेनरेशन-जी संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट की चोरी रोकेगी। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं। जय हिंद!' यह कोई मामूली बात नहीं थी। इस ट्वीट में पड़ोसी मुल्क नेपाल के हाल के जेन-जी आंदोलन की छाया साफ दिख रही है, जहां नौजवानों ने सड़कों पर उतरकर सरकार को उखाड़ फेंका। सवाल उठ रहे हैं, क्या राहुल गांधी युवाओं को सड़कों पर बुलाने का इशारा दे रहे हैं? क्या वे चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का इल्जाम लगाकर आग भड़का रहे हैं? कांग्रेस का कहना है कि युवा उनकी ताकत हैं, वहीं भाजपा इसे 'नेपाल जैसी साजिश' बता रही है। ऊपर से सैम पित्रोदा का पाकिस्तान को 'घर जैसा' बताने वाला बयान ने नया बवाल खड़ा कर दिया। आखिर क्या है यह माजरा? क्या राहुल का जेन-जी दांव भारत में नेपाल जैसी आग लगाएगा या लोकतंत्र को और मजबूत करेगा?

नेपाल में सितंबर 2025 में जेन-जी आंदोलन ने तहलका मचा दिया। वहां की सरकार को जाना पड़ा। बात शुरू हुई 4 सितंबर से, जब नेपाल सरकार ने फेसबुक, एक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया पर पाबंदी लगा दी। वजह बताई गई कि ये कंपनियां नए नियमों में रजिस्टर नहीं हुई थीं। लेकिन यह फैसला 1995 से 2010 के बीच पैदा हुए जेन-जी युवाओं को बिल्कुल रास नहीं आया। उनके लिए सोशल मीडिया सिर्फ टाइमपास नहीं, बल्कि रोजगार, पढ़ाई और दुनिया से जुड़ने का जरिया है। रील्स बनाकर पैसे कमाने वाले, विदेश में बसे रिश्तेदारों से वीडियो कॉल करने वाले, ऑनलाइन बिजनेस चलाने वाले सब गुस्से में आ गए। शुरू में आंदोलन बैन के खिलाफ था, लेकिन जल्दी ही यह भ्रष्टाचार, परिवारवाद और अमीर-गरीब की खाई के खिलाफ उग्र हो गया। काठमांडू से लेकर छोटे शहर तक सड़कों पर हजारों युवा उतर आए। सरकारी दफ्तरों, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास पर हमले हुए। कम से कम 51 लोग मारे गए, सैकड़ों जख्मी। सेना को सड़कों पर उतारना पड़ा। एक बड़े नेता ने कहा, 'सियासी दलों ने युवाओं की बात नहीं सुनी, इसलिए हिंसा भड़की।' नतीजा? प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को कुर्सी छोड़नी पड़ी। अब नई सरकार की बात हो रही है, जिसमें कुछ नए चेहरों के नाम सामने आ रहे हैं। यह आंदोलन कुछ नौजवानों ने शुरू किया, जो सियासत से दूर थे। बाद में विपक्षी दलों ने इसे हवा दी। भारत पर भी इसका असर पड़ा। उत्तराखंड के सीमाई बाजारों में धंधा ठप है, क्योंकि नेपाली ग्राहक सड़कों पर हैं। नेपाल का यह बवाल भारत के लिए चेतावनी बन रहा है।

राहुल गांधी का ट्वीट इस माहौल में आया। उन्होंने नेपाल का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी बातों में वही जोश दिखा। बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के बाद उनका 'वोट चोर, गद्दी छोड़' वाला नारा वायरल हो गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने चुनाव आयोग पर सीधा निशाना साधा। कर्नाटक में 6018 वोटरों के नाम कटने और महाराष्ट्र में 6180 वोटर जोड़े जाने का हवाला देकर 'वोट चोरी फैक्ट्री' का इल्जाम लगाया। मुख्य चुनाव आयुक्त को 'वोट चोरों का सरगना' तक कह डाला। आयोग ने सफाई दी कि यह रूटीन काम है, लेकिन राहुल नहीं रुके। उन्होंने कहा, 'मैं 100 फीसदी सबूतों के साथ बोल रहा हूं। मुझे अपने देश और संविधान से प्यार है।' कांग्रेस का कहना है कि युवा उनकी ताकत हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल ने 'युवा न्याय' की बात की थी। गुजरात दौरे पर फिटनेस पर जोर दिया, जो युवा नजरिए को दिखाता है। लेकिन भाजपा इसे खतरनाक खेल बता रही। सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर तंज कसा, 'जेन-जी परिवारवाद के खिलाफ है। नेहरू, इंदिरा, राजीव, सोनिया के बाद राहुल को क्यों बर्दाश्त करेगा? भ्रष्टाचार से नफरत करता है, तो यूपीए के घोटाले कैसे भूलेगा?' उनका पोस्ट वायरल हो गया। दुबे ने गृह मंत्रालय और ईडी से सैम पित्रोदा की फंडिंग और राहुल के विदेश दौरों की जांच की मांग की। बोले, 'कांग्रेस विदेशी ताकतों के साथ अराजकता फैलाना चाहती है। देश छोड़ने की तैयारी करो।' कंगना रनौत ने कहा, 'नेपाल में जेन-जी ने परिवारवादी सरकार उखाड़ी। राहुल देश को शर्मिंदा करते हैं।' भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी बोले, 'कांग्रेस की पहचान परिवारवाद और घोटाले हैं।' पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने तो हद कर दी, बोले, 'नेपाल जैसी क्रांति भारत में हुई तो राहुल-अखिलेश के घरों में आग लग जाएगी!' विपक्ष में शिवसेना के संजय राउत ने राहुल का साथ दिया, लेकिन चेताया, 'भारत में भी ऐसा हो सकता है, भाजपा तैयार रहे।' जेडीयू के नीरज कुमार ने जवाब दिया, 'भारत न बांग्लादेश है, न नेपाल। यहां लोकतंत्र मजबूत है।' गृह मंत्री अमित शाह बोले, 'चुनाव आयोग को बदनाम करना कांग्रेस की पुरानी चाल।' अनुराग ठाकुर ने कहा, 'कांग्रेस लोकतंत्र कमजोर कर रही।' प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के नेताओं से बात की और युवाओं को शांतिपूर्ण रास्ता अपनाने की सलाह दी।

इस बवाल में सैम पित्रोदा ने और आग में घी डाला। 19 सितंबर को उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान गया, वहां घर जैसा लगा। बांग्लादेश, नेपाल में भी ऐसा ही।' भाजपा ने इसे 'देशद्रोही' बताया। शहजाद पूनावाला ने एक्स पर लिखा, 'पित्रोदा को पाकिस्तान घर जैसा लगता है? 26/11 पर नरमी, पुलवामा में पाक का साथ कांग्रेस की सोच साफ!' पित्रोदा ने राहुल के जेन-जी बयान का समर्थन किया, लेकिन उनके पुराने बयान याद आ गए 1984 दंगों पर 'हुआ तो हुआ', उत्तर-पूर्व को 'चीनी-अफ्रीकी' कहना, विरासत टैक्स की बात। कांग्रेस ने खुद को अलग किया, लेकिन नुकसान हो चुका।19 सितंबर को दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन (DUSU) चुनाव में नौजवानों ने जवाब दे दिया। अभाविप ने जीत हासिल की, आर्यन मान अध्यक्ष बने। #ABVPyDUSU ट्रेंड किया। पंजाब यूनिवर्सिटी में भी अभाविप जीती। लोग बोले, 'राहुल के बयान के अगले दिन जेन-जी ने भाजपा चुनी।'

बिहार चुनाव से पहले यह बवाल बड़ा है। कांग्रेस कहती है, जेन-जी पढ़ाई, नौकरी, बराबरी चाहती है। राहुल बार-बार कहते हैं, लोकतंत्र और संविधान खतरे में हैं। उनकी बात अच्छी लगती है, लेकिन सवाल है क्या वे वोटिंग की बात कर रहे या सड़कों पर बवाल का इशारा दे रहे हैं? एक्स पर #VoteChoriFactory ट्रेंड कर रहा, लेकिन मुंबई में #iPhone17 की लाइन में जेन-जी रात 2 बजे से खड़ी है। एक यूजर ने तंज मारा, 'राहुल की बात सुनी, जागे, मगर iPhone लेने चले गए।' कांग्रेस के जमाने में सिलेंडर की लाइन थी, आज ऐपल फोन की। केंद्र की स्किल इंडिया, विकसित भारत रोजगार योजना युवा-केंद्रित हैं। मोदी ने 2014 में गूगल हैंगआउट पर युवाओं से बात की थी।राहुल का बयान कांग्रेस के लिए दोधारी तलवार है। वे संविधान बचाने की बात करते हैं, लेकिन नेपाल का जिक्र सड़क आंदोलन का संकेत देता है। भारत का लोकतंत्र वोट से चलता है, आग से नहीं। श्रीलंका की तबाही, बांग्लादेश का बवाल, नेपाल का दर्द क्या राहुल भारत को उसी रास्ते ले जाना चाहते हैं? या जागरूकता फैला रहे? पित्रोदा का बयान दिखाता है, कांग्रेस पड़ोसियों से नरम, भारत से सख्त। लेकिन DUSU ने साफ कर दिया जेन-जी तरक्की चाहती है, बवाल नहीं। राहुल जी, नौजवानों को वोट की ताकत सिखाइए। आपके परिवार ने इसी सिस्टम से सत्ता पाई। बिहार चुनाव बताएंगे, जेन-जी राहुल के साथ है या तरक्की के रास्ते पर। लोकतंत्र बचेगा, अगर युवा वोट से बदलाव लाएं। आग से नहीं।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित- मधुकर शैदाई की सफ़र जारी है इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना के प्रतिष्ठित गजलकार मधुकर शैदाई की कृति सफ़र जारी है ने नया राष्ट्रीय–कीर्तिमान स्थापित करते हुए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान बनाया है। यह ग़ज़ल संग्रह 80 तरही ग़ज़लों का अनूठा संकलन है, जो देश का पहला तरही ग़ज़ल संग्रह माना जाता है। मधुकर शैदाई ने बताया कि इससे पहले उनकी कृतियों ने लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में 2003 और 2005 में राष्ट्रीय व विश्व कीर्तिमान स्थापित किए थे। अब तक उनकी बारह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और वे कवि सम्मेलनों तथा मुशायरों में सक्रिय रूप से संयोजक की भूमिका निभा रहे हैं। हिन्दी पखवारा के अंतर्गत 21 सितंबर को आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन में मधुकर शैदाई का विशेष सम्मान किया जाएगा।

### आयोजन से पहले मेला मैदान से दुकानें हटाने की अपील, श्रीरामलीला समिति ने दुकानदारों से मांगा सहयोग



**लखीमपुर खीरी।** श्रीरामलीला महोत्सव की भव्य तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं, लेकिन गोला के मेला मैदान में लगी दुकानों ने आयोजकों की चिंता बढ़ा दी है। महोत्सव के शुभारंभ में अब महज दो दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में शुक्रवार को श्रीरामलीला समिति के पदाधिकारी मैदान में पहुंचे और दुकानदारों से समय पर दुकानें हटाने की अपील की। समिति पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मेला मैदान में मंच, पंडाल और बैठने की व्यवस्थाओं के लिए खाली स्थान की आवश्यकता है। यदि समय रहते दुकानें नहीं हटाई गईं, तो आयोजन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। श्रीरामलीला महोत्सव का उद्घाटन 22 सितंबर को होगा और समापन 3 अक्टूबर को रावण दहन के साथ किया जाएगा। रामायण के प्रमुख प्रसंगों का मंचन प्रतिदिन शाम 3 से 6 बजे तक किया जाएगा, वहीं रात्रि 8 से 12 बजे तक रासलीला की प्रस्तुति होगी। समिति ने सभी दुकानदारों और नगरवासियों से अपील की है कि वे आयोजन की गरिमा और परंपरा को बनाए रखने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करें। समिति के अनुसार, समय पर तैयारियां पूरी करना सभी की जिम्मेदारी है, जिससे रामलीला महोत्सव को सफल और यादगार बनाया जा सके।

### अधूरी सड़क, अधूरा ओवरब्रिज... फिर भी फरधान टोल पर शुरू हुई वसूली, बाथम वैश्य समाज ने जताया विरोध



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** नेशनल हाईवे–730 पर फरधान के पास बने टोल प्लाजा पर शुरू हुई वसूली का बाथम वैश्य समाज ने कड़ा विरोध किया है। समाज के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी (एसडीएम) की अनुपस्थिति में उनके स्टेनो को सौंपा। बाथम वैश्य महासभा के अध्यक्ष राजेश गुप्ता और मंत्री मिथलेश कुमार ने ज्ञापन में बताया कि 10 सितंबर से फरधान टोल प्लाजा पर टैक्स वसूली शुरू कर दी गई है, जबकि हाईवे पर अभी कई स्थानों पर निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। कहीं ओवरब्रिज अधूरा है, तो कहीं सड़क की चौड़ाई पूरी नहीं की गई। इसके अलावा डिवाइडर और साइड रोड का कार्य भी अधर में लटका हुआ है। उन्होंने कहा कि अधूरी सुविधाओं के बावजूद टोल वसूली जनता के साथ अन्याय है। समाज ने मांग की है कि जब तक सभी निर्माण कार्य पूरे नहीं हो जाते, तब तक टोल वसूली पर रोक लगाई जाए। इस अवसर पर राजीव कुमार गुप्ता, शिवम गुप्ता, हर्षित कुमार, रामकृष्ण गुप्ता, आदित्य गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, रामजी गुप्ता, गौरव गुप्ता सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

### खेल महोत्सव की तैयारी शुरू, नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ के सभागार में दिनांक 18 सितम्बर 2025 को सायं 6 बजे गोला खेल महोत्सव के आयोजन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय कुमार शुक्ला एडवोकेट ने की, जबकि मार्गदर्शन सेवानिवृत्त खेल प्रवक्ता श्री श्याम मूर्ति शुक्ला द्वारा प्रदान किया गया। बैठक में नगर के प्रमुख खेल प्रेमी, प्रशिक्षक, अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 नवम्बर 2025 से खेल महोत्सव का भव्य शुभारम्भ मैराथन दौड़ से किया जाएगा, जबकि समापन समारोह 13 या 14 नवम्बर 2025 को राजेन्द्र गिरि स्टेडियम, पब्लिक इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित किया जाएगा। 13 प्रमुख खेलों का आयोजन होगा, जिनमें हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज, कबड्डी, खो–खो, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो आदि शामिल हैं। ये प्रतियोगिताएं नगर के विभिन्न विद्यालयों में वहां के प्रबंधक, प्राचार्य एवं शिक्षकों के सहयोग से सम्पन्न कराई जाएंगी। नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला ने सभी अनुदेशकों, प्रशिक्षकों एवं अध्यापकों से महोत्सव की सफलता हेतु पूर्ण सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा, यह महोत्सव नगर की प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम बनेगा। आप सभी लोग तैयारी में जुट जाएं, जो भी आवश्यक कार्यवाही होगी, उसे तत्काल पूरा कराया जाएगा। अंत में उन्होंने सभी उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। बैठक में प्रमुख रूप से खेल विशेषज्ञ राजर्षि शुक्ला, सभासद कफील अहमद, भोली गिरि, पूर्व सभासद पंकज गुप्ता, सरोज कुमार वर्मा, मकसूद अली, ऋषिकेश पाण्डेय, संतोष कुमार मौर्य, अतुल गुप्ता, कदीर अहमद, रोली त्रिपाठी, नसरफ अली, प्रियम शुक्ला, कुलदीप वर्मा, राजदीप शुक्ला (पत्रकार एवं अनुदेशक) सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### पांच दिवसीय रोजगारपरक मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण का समापन



**बलरामपुर।** सहादुल्ला नगर आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या से संबद्ध कृषि विज्ञान केंद्र पचपेड़वा बलरामपुर द्वारा ग्राम मध्य नगर (इटवा) विकासखंड रेहरा में आयोजित पांच दिवसीय रोजगारपरक मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को सफेद बटन एवं ढींगरी मशरूम की खेती की संपूर्ण जानकारी दी गई। इसमें कंपोस्ट तैयार करना, ढेर बनाना, पलटाई करना, बीजाई अथवा स्पानिंग करना, पॉलिथीन थैलों में बिजित खाद भरकर रखना, केसिंग मिश्रण तैयार करना, तुड़ाई व भंडारण आदि की तकनीक विस्तार से समझाई गई। कार्यक्रम का संचालन केंद्र के पादप रोग विज्ञानी डॉ. गिरिजेश कुमार जायसवाल ने किया। उन्होंने मशरूम उत्पादन की बारीकियों जैसे कमरे की स्वच्छता, कम्पोस्ट बनाने एवं बीजाई के समय बरती जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला। वहीं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सियाराम ने युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु बटन एवं ढींगरी मशरूम उत्पादन अपनाने के लिए प्रेरित किया। विशेषज्ञों ने बताया कि मशरूम उच्चकोटि के प्रोटीन, विटामिन, लवण और खनिज तत्वों से भरपूर होता है। इसमें 30–35 प्रतिशत तक प्रोटीन पाया जाता है जिसकी पाचन क्षमता 60–70 प्रतिशत होती है, जो वनस्पति आधारित प्रोटीन से अधिक प्रभावी है। इस अवसर पर प्रशिक्षार्थी गणेश प्रताप सिंह, राजमान वर्मा, सुनील सिंह, धर्मेंद्र प्रताप मिश्र, सर्वजीत मिश्रा, मलिक राम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पूर्व सांसद प्रत्याशी युगल किशोर शुक्ल ने उठाया राप्ती नदी से कटान रोकवाने का मुद्दा



**बलरामपुर।** जिले में पिछले सप्ताह से लगातार बारिश से बाढ़ का माहौल बन गया है वहीं राप्ती नदी लगातार किसानों की उपजाऊ जमीन को निगल रही है चौकाकला, मधवापुर, साखीरेत समेत दर्जनों गांव में राप्ती नदी की कटान ने किसानों की नीद उड़ा रखी है कई किसान भूमि हीन हो चुके हैं कई किसान गांव छोड़कर अलग जाकर बस रहे हैं वहीं चौकाकला गांव का पंचायत भवन कटान के जद में आ गया है प्रशासन रोकथाम में लगी है लेकिन आग लगने पर कुआं खोदने वाली कहावत चरितार्थ हो रही है हरिहर गंज ललिया मेन रोड पर लौकहवा डिप पर हेंगहा, गौरैय्या, डुडवा आदि पहाड़ी नाले का नेपाल से आने वाला पानी बह रहा है जिससे जिला मुख्यालय बलरामपुर से आवागमन में समस्या बनी हुई है। बाढ़ खत्म होने के बाद पुल निर्माण होने से ही समस्या का समाधान संभव है बाढ़ प्रभावित रास्ते पर सरकारी नाव लगाने की मांग किया गया। इन्हीं मांगों का प्रार्थनापत्र अपर जिला अधिकारी ज्योति राय को सौंपा गया जिसका नेतृत्व समाजसेवी युगल किशोर शुक्ल ने किया साथ में आशीष पटेल, पप्पू वर्मा, संदीप मौर्य, पवन, जगन्नाथ दूबे, अमृत लाल तिवारी, अभय तिवारी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# भूकंप के हालात की मॉकड्रिल, घायलों का कराया गया रेस्क्यू व इलाज

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

आपदा प्रबंधन के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन में भूकंप के बाद की स्थिति को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास के दौरान अचानक भूकंप जैसी परिस्थिति बनाई गई। इस दौरान कई लोगों के मलबे में दबकर घायल होने का दृश्य तैयार किया गया। राहत-बचाव की टीमें तुरंत सक्रिय हुईं और घायलों को रेस्क्यू कर एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। सभी घायलों का सीएचसी में प्राथमिक उपचार कर सुरक्षित वार्ड में भर्ती कराया गया।



ड्रिल के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को फौरन स्ट्रेचर पर शिफ्ट किया। वहीं, पुलिस-प्रशासन के अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहे। मौके पर एसडीएम राजीव निगम, प्रशिक्षु सीओ अभिमन्यु त्रिपाठी, तहसीलदार मुकेश वर्मा और प्रभारी निरीक्षक महेशचंद के अलावा दो प्लाटून एसएसबी भी तैनात रहीं। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभ्यास आपातकालीन स्थिति से निपटने में बेहद कारगर साबित होते हैं। इससे बचाव टीमों को तेजी से काम करने का अनुभव मिलता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में अफवाहों से बचें और घबराने के बजाय प्रशासन व राहत दल का सहयोग करें। ड्रिल को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। उन्होंने मौके पर किए गए राहत-बचाव कार्य की सराहना की और कहा कि ऐसे अभ्यास से लोगों को जागरूकता भी मिलती है।

### बलरामपुर ग्रुप की कुंभी चीनी मिल में हुआ मॉकड्रिल में अग्निशमन उपकरणों का परीक्षण

**अमीरनगर (खीरी)।** बलरामपुर ग्रुप की कुम्भी चीनी मिल में शुक्रवार को तहसील आपदा प्रबंधन के तहत राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल आयोजित हुई। इसमें कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट्स और छात्र–छात्राओं को आग से बचाव के उपाय समझाए गए। ड्रिल के दौरान आपदा प्रबंधन टीम ने आपातकालीन संचार व बचाव प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। अग्निशमन यंत्रों का संचालन कर उनकी कार्यक्षमता परखी गई और इमारत से सुरक्षित बाहर निकलने के तरीकों का अभ्यास कराया गया। एसडीएम गोला युगांतर त्रिपाठी ने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा की स्थिति में विवेकशील रहते हुए नियंत्रण पाने का प्रशिक्षण देना है। इस मौके पर मिल इकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी रमेश तिवारी, तहसीलदार भीमचंद्र, नायब तहसीलदार भानु प्रताप, चौकी प्रभारी राघवेंद्र प्रताप सिंह व कारखाना प्रबंधक प्रशांत चौधरी समेत अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मीटर गेज को ब्रॉडगेज में बदलने की मांग तेज, संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी



**बेलरायां खीरी।** बेलरायां के गांधी इंटर कॉलेज परिसर में रविवार को हुई महापंचायत के बाद सोमवार को नया सवेरा गांजर विकास संगठन की ओर से अशोक शर्मा के प्रतिष्ठान पर बैठक व प्रेसवार्ता आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रवासियों ने मीटर गेज ट्रेन को ब्रॉडगेज में बदलने की मांग दोहराई और आंदोलन की रूपरेखा तय की। संगठन ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, रेल मंत्री, मुख्य न्यायाधीश, महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे, जिलाधिकारी खीरी व एसएसबी मुख्यालय को पत्र भेजकर चेतावनी दी कि यदि विधानसभा और लोकसभा सत्रों के बाद भी ठोस जवाब नहीं मिला, तो क्षेत्रवासी पैदल यात्रा निकालकर बड़ा आंदोलन करेंगे। नेताओं ने कहा कि ट्रेन बंद होने से क्षेत्र की जनता, व्यापार, शिक्षा और रोजगार पर गहरा असर पड़ा है। ऐसे में ब्रॉडगेज लाइन का काम शीघ्र शुरू होना जरूरी है।बैठक में विक्रम भल्ला, अशोक शर्मा, विनय जायसवाल, ओमकार सिंह, पिंटू यादव, गणेश कुमार, दीपक सोनी, करवारी भार्गव, मौलाना मुजाहिद रजा, जसवंत वर्मा, शिवा जायसवाल, विपिन मौर्य, प्यारेलाल, विक्रम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 18 वर्षीय युवती को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला, सड़क पर मिली मौत

**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

भीरा-लखीमपुर स्टेट हाईवे पर शुक्रवार को दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। वनबीट अस्पताल के सामने सड़क पार कर रही 18 वर्षीय युवती को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं स्थानीय लोग अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली पर उंगली उठा रहे हैं। मृतका की पहचान सोनी गौतम (18) पुत्री महेश गौतम निवासी ग्राम महुई, थाना पुवांया, जनपद शाहजहांपुर के रूप में हुई। परिजनों का कहना है कि युवती इलाज कराने अस्पताल आई थी। यहां से पर्चे पर मोहर लगवाने के लिए उसे 500 मीटर



दूर ब्लड बैंक भेज दिया गया। सड़क पार करते समय पंजाब नंबर का ट्रक मौत बनकर चढ़ दौड़ा और मासूम जिंदगी खत्म हो गई। लोगो ने सवाल उठाया कि आखिर पर्चे पर मोहर जैसी सामान्य सुविधा अस्पताल परिसर में क्यों नहीं है। परिजनों का दर्द है कि– ÷अगर अस्पताल ने मरीज को इधर-उधर भटकाया न होता तो हमारी बेटी जिंदा होती। सूचना पाकर पहुंची भीरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता महेश गौतम की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक और उसके चालक को चिन्हित कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बांकेगंज में एफएलएन प्रशिक्षण का समापन, 100 शिक्षकों ने सीखी निपुणता की नई राह

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** निपुण भारत मिशन के तहत ब्लॉक संसाधन केंद्र बांकेगंज में चल रहे पाँच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को सफल समापन हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार की देखरेख में चल रहे इस कार्यक्रम के पाँचवें बैच ने प्रशिक्षण पूर्ण किया। दो कक्षाओं में कुल 100 शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर बच्चों में बुनियादी भाषा एवं गणित की समझ को मजबूत करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान एनसीईआरटी की पुस्तकों–वीणा–1 (कक्षा 3), गणित मेला व संतूर में समाहित पाठों को गहराई



से समझाया गया। सुगमकर्ता राहुल मौर्य, अभिनव बाजपेई, सत्यानंद स्नेही, हेमंत पाल सिंह यादव और गौरव शुक्ला ने शिक्षकों को व्यावहारिक उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से विषयवस्तु की जानकारी दी। चार खंडीय मॉड्यूल, जीआरआर मॉड्यूल, संशोधित निपुण लक्ष्य, आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका और ट्रैकर भरने की प्रक्रिया जैसे अहम बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया। शिक्षकों को यह भी बताया गया कि किस प्रकार गतिविधि–आधारित शिक्षण विधियों के जरिए बच्चों की रुचि बढ़ाई जा सकती है। गणित की जोड़, घटाव, गुणा और भाग जैसी अवधारणाओं को सरल तरीकों से समझाने की रणनीतियाँ साझा की गईं। छह बैचों में होने वाले इस प्रशिक्षण में अब तक पाँच बैच पूरे हो चुके हैं। समापन अवसर पर शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और अनुभव साझा किए।

## दाखिल-खारिज में लापरवाही पर अधिवक्ताओं का फूटा गुस्सा

- सामूहिक अवकाश व विरोध प्रदर्शन, आज दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन व हड़ताल जारी

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

सेन्ट्रल बार एसोसिएशन तहसील गौला गोकर्णनाथ के अधिवक्ताओं ने दाखिल-खारिज की अविवादित पत्रावलियों में आदेश न पारित होने को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया है। साथ ही आज दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन के साथ हड़ताल जारी रही। अधिवक्ताओं ने इसे प्रशासनिक उदासीनता बताते हुए सामूहिक अवकाश पर जाने की घोषणा की है। दिनांक 10 सितम्बर 2025 को बार एसोसिएशन की एक आपातकालीन



आम सभा आहूत की गई, जिसमें अध्यक्ष के. के. शुक्ला एड. व महामंत्री अनूप वर्मा एड. की अध्यक्षता में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया कि जब तक शासनादेश के अनुसार दाखिल-खारिज की अविवादित पत्रावलियों में आदेश पारित नहीं किया जाता, अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। आज 18 सितम्बर 2025 को बार के अध्यक्ष व मंत्रियों के नेतृत्व में तहसील परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए और उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाज़ी की।

विरोध प्रदर्शन में नरेश सिंह तोमर एड., लाल बिहारी वर्मा एड., नरेन्द्र शुक्ला (रायगढ़) एड., आदर्श वर्मा एड., नीरज मिश्रा एड., हरिनाम पांडेय एड., राकेश त्रिपाठी एड., सर्वशक्ति सिंह एड., सन्तकुमार भारती एड., बच्चा बाबू एड., सत्य नारायण गण्डेय एड., अरुण दीक्षित एड., अवधेश वर्मा एड., विजय वर्मा एड., संजीव यादव एड., राम किशोर वर्मा एड.मनोज सक्सेना एड. (नोटरी) सहित कई अधिवक्ता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे। कोषाध्यक्ष अमित मिश्रा व संयुक्त मंत्री सुमित गिरी ने कहा कि यदि प्रशासन जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं करता तो यह आंदोलन और अधिक उग्र किया जाएगा।

## नवरात्र की तैयारियों का जोर, मां ज्वाला देवी मंदिर से ज्योति लेने छोटी काशी जत्था रवाना

**लखीमपुर खीरी।** नवरात्र के पावन अवसर की तैयारी जोरों पर है। मां ज्वाला देवी मंदिर से ज्योति लाकर नगर में नवरात्र के उत्सव की श्रृंखला शुरू हो गई है। शुक्रवार सुबह श्रद्धालुओं का एक विशेष जत्था छोटी काशी से मां ज्वाला देवी मंदिर के लिए प्रस्थान किया गया। यह पवित्र ज्योति लेकर ये जत्था रविवार को पुनः छोटी काशी लौट आएगा। शहर की पुरानी मिल कॉलोनी में मां वैष्णो के दरबार को आकर्षक सजावट और रंग-रोगन से सजाने का कार्य भी जारी है। श्रद्धालु मंदिर परिसर की साफ-सफाई में जुटे हुए हैं ताकि नवरात्र के दौरान भक्तों को सुंदर और दिव्य वातावरण मिले। ज्योति लेने के इस जत्थे में शहर के प्रमुख नागरिक अमर सिंह, मुन्ना उपाध्याय, विपिन मिश्रा और सचिन



सिंह सहित कई श्रद्धालु शामिल हैं। इनकी ओर से बताया गया कि मां ज्वाला देवी की ज्योति को बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से मंदिर परिसर में प्रज्वलित किया जाएगा। नगर में नवरात्र उत्सव की तैयारियां अब चरम पर हैं। भक्तजन मां ज्वाला देवी की पूजा-अर्चना और मां वैष्णो के दरबार की शोभा में वृद्धि के लिए सजावट में लगे हुए हैं। मां ज्वाला देवी की ज्योति को लेकर चल रहा यह उत्साह नगरवासियों के मन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रहा है।

## विकास एवं राजस्व कार्यों में सीएम डैश बोर्ड में खराब रैंकिंग वाले विभागों को डीएम ने लगाई फटकार

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों एवं राजस्व वसूली की प्रगति एवं रैंकिंग की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिग वाले विभागों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधार लाने की हिदायत दी, निरंतर खराब रैंकिंग वाले विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन में पत्र लिखे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और डाटा फीड करते समय अच्छी तरह चेक कर लें तथा समय से डाटा फीड करें। डाटा फीडिंग में कोई लापरवाही न बरते। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों की



योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्राम स्तर पर योजनाओं के कैंप लगाए जाने के निर्देश दिए। राजस्व कार्यो की समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति की समीक्षा की एवं मासिक एवं वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत राजस्व वसूली का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, सीएमओ व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## नवरात्र से पहले मूर्तिकारों की व्यस्तता बढ़ी, प्रतिमाओं का निर्माण तेज

**रेहरा बाजार/सहादुल्लानगर, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खण्ड रेहरा बाजार में दुर्गा मूर्ति तैयार कर रहे राजू कश्यप बताया ने कई जगहो धानेपुर, पेहर उतरौला बाबागंज दुर्गा मूर्ति को तैयार कर रहा 21 सितम्बर से मूर्ति उठान होगा सादुल्लानगर बलरामपुर। जैसे-जैसे नवरात्र का पर्व करीब आता जा रहा है, मूर्तिकारों की व्यस्तता बढ़ गई है। सरायखास



निवासी जय प्रकाश मौर्या अपने सहयोगियों शिव प्रकाश मौर्य, वेद प्रकाश मौर्या, विनोद कुमार, राम कुबेर शर्मा, अरीलाल, लक्ष्मण , नेहा और गरिमा भी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

जय प्रकाश मौर्या ने बताया कि इस बार उन्हें पहले से अधिक प्रतिमाएँ बनाने का मौका मिला है। बीते तीन महीनों से उनकी टीम के लगभग 10 सदस्य दिन-रात लगातार काम कर रहे हैं। जो मिट्टी और बांस की पारंपरिक कलाकारी में निपुण हैं।

प्रतिमाओं को आकर्षक और भव्य बनाने के लिए मिट्टी, बांस और घास का प्रयोग किया जाता है। इसके बाद रंग-रोगन और सजावट के जरिए उन्हें सुंदर रूप प्रदान किया जाता है। जय प्रकाश मौर्या ने बताया कि वे पिछले 25 वर्षो से मूर्ति निर्माण कर रहे हैं और रेहरा, सरायखास, धुसवा, झिलाही, मनकापुर, गौराचौकी, हथियागढ़ सहित कई स्थानों पर उनकी प्रतिमाएँ जाती हैं। कीमतों की बात करें तो छोटी प्रतिमाएँ 2 से 5 हजार रुपये तक बिक रही हैं, जबकि बड़ी और विशेष सजावट वाली प्रतिमाओं की कीमत 15 से 25 हजार रुपये तक पहुँच रही है। पूजा-पंडाल समितियाँ समय से पहले ही अपनी बुकिंग करा रही हैं। हालाँकि कलाकारों का कहना है कि लगातार कई घंटों तक काम करना बेहद कठिन होता है। बरसात के मौसम में मिट्टी और बांस की व्यवस्था करना चुनौती बन जाता है। वहीं रंग-रोगन और सजावटी सामान की बढ़ती कीमतों से लागत भी काफी बढ़ गई है। कई बार उम्मीद के मुताबिक बिक्री न होने पर मेहनत का पूरा मोल नहीं मिल पाता। फिर भी, नवरात्र का पर्व करीब आते ही प्रतिमाओं की मांग तेज हो गई है। कलाकारों को भरोसा है कि इस बार उनकी कठिन मेहनत जरूर रंग लाएगी।

**धारा 35 (2) रा. स. पे. 22/9/2025**
**एफ.सी. जे. फॉर्म नं. 13 - भाग1**
**हेतु संदर्शित की सूचना**
**साधारण प्रारुप**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी स्थान गोला जिला खीरी वाद संख्या 59**

उपनेश कुमार साहनी आदि बनाम पवन कुमार आनंद आदि

प्रतिवादी

(1) पवन आनंद।

(2) कपिल देव आनंद। पुत्रगण मदन लाल आनंद निवासी मैलानी परगना कुकरा तहसील गोला जिला खीरी।

चूंकि उपरोक्त नामित अपीलाट ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि.... अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित के लिए 20 25 के 22 दिवस 9 को बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्वक रूपेण अनुदिष्ट अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा व अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय की आज्ञा से**
**न्यायालय की मुहर**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी गोला**
**दिनांक-10/9/25**

# जिलाधिकारी के निर्देशन में जिले की तीनों तहसीलों में मॉकड्रिल आयोजित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राहत आयुक्त कार्यालय एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशन में जिले में राज्य स्तरीय मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अगुवाई में औद्यौगिक रसायन खतरे से बचाव सम्बन्धी मॉकड्रिल नगर की बलरामपुर चीनी मिल के केमिकल डिवीजन में हुई। भूकम्प आने के बाद चीनी मिल प्रबन्धन द्वारा जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम में सूचना दी जाती है कि भूकम्प आने के कारण मिल के केमिकडल डिवीजन में एथनॉल प्लान्ट में लीकेज शुरू हो गया है जिससे आग लग गई है जिसमें पन्द्रह मजदूर एवं कुछ कर्मचारी फंस गये हैं। कन्ट्रोल रूम इंचार्ज मनोज कुमार सरोज द्वारा डीएम को इसकी



सूचना दी जाती है। सूचना मिलते ही डीएम के निर्देशन इन्सीडेन्ट कमाण्डर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा तुरन्त मोर्चा संभाला गया और डीएम स्वयं अग्निशमन, मेडिकल टीम के साथ पुलिस विभाग वरिष्ठ अधिकारी तुरन्त घटना स्थल के लिए रवाना हुए। वहां पर अग्निशमन, एसएसबी के जवान और चीनी मिल के सुरक्षा अधिकारी की टीम ने मिलकर तुरन्त राहत एवं बचाव कार्य प्रारम्भ किया तथा मिल के केमिकल डिवीजन में फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद बलरामपुर भूकम्प की संवेदनशीलता के दृष्टिगत जोन-4 में आता है। यह ड्रिल कर्मचारियों को प्रशिक्षित करती है कि वे भूकंप, आग और रासायनिक रिसाव जैसी आपात स्थितियों में खुद को और दूसरों को कैसे बचाएं, और कैसे एक सुरक्षित स्थान पर इकट्ठा हों. इस मॉकड्रिल में अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, परिवहन, शिक्षा, नगर निकाय, आपूर्ति विभाग, एनसीसी, सेना, पीडब्लूडी, विद्युत विभाग एवं आपदा मित्र सहित अन्य सम्बन्धित विभागों की सहभागिता रही। इसी प्रकार तहसील तुलसीपुर में तहसील की बिल्डिंग में आग लगने की घटना पर बचाव एवं सीएचसी तुलसीपुर में भूकम्प से उत्पन्न हुई मेडिकल इमरजेन्सी की मॉकड्रिल सम्पन्न हुई। तहसील उतरौला में मो. यूसुफ उस्मानी इंटर कालेज में भूकम्प से स्कूली बच्चों के बचाव की मॉकड्रिल के साथ उन्हें बचाव के तरीकों क्या करें-क्या न करें आदि के बारे में बताया गया। बताते चलें कि जिलाधिकारी ने मॉक अभ्यास के सफल आयोजन के लिए अपर उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सरोज का जिला इमरजेन्सी ऑपरेशन का इंचार्ज, एसडीएम सदर हेमन्तु गुप्ता को बलरामपुर चीनी मिल की मॉकड्रिल का नोडल एवं एसडीएम तुलसीपुर राकेश जयन्त को तहसील तुलसीपुर में आयोजित होने वा एवं एसडीएम उतरौला को उतरौला में होने वाली मॉकड्रिल का नोडल नामित करते हुए जिम्मेदारी सौंपी थी तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति राय को ओवर ऑल नोडल अधिकारी एवं जिला आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह को ओवर ऑल समन्वय का दायित्व दिया था।

## खबरें एक नजर में

### नजमुल हसन उलेमा-ए-हिन्द के बने जिला मीडिया प्रभारी



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत जैदपुर के नजमुल हसन को जमीयत उलेमा ए हिंद की जानिब से जिला मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं मिल रही हैं। दैनिक राष्ट्रीय सहाराउर्दू के वरिष्ठ पत्रकार जनाब नजमुल हसन अंसारी ज़ैदपुरी को जमीयत उलमा–ए–हिंद, जिला बाराबंकी का मीडिया इंचार्ज नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनकी पत्रकारिता के क्षेत्र में दी गई सेवाओं, ईमानदारी, मेहनत और समर्पण का सम्मान है, साथ ही इस प्रतिष्ठित पद के लिए उनके योग्य होने का प्रमाण भी। उन्हें इस महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी के लिए जैदपुर और जिले की जनता जिन में ख़ास तौर पर मोहम्मद ताहिर सभासद, मोहम्मद आलम सभासद, इमदाद मामा, अबु उमर अंसारी भाजपा युवा नेता, डाक्टर आशीष प्रबंधक एस एल वी डिग्री कॉलेज,मोहम्मद सुफियान एडवोकेट, मास्टर अख़्तर, कारी मुदस्सिर दरियाबादी, अज़मत उल्लाह अंसारी बाबा, मौलाना मोहम्मद अज़हर कासमी, कारी मोहम्मद वसीम, डॉक्टर मोहम्मद सुफियान शाह, अब्दुल कयूम हाशमी, मुफ्ती मिसबाहुर रहमान कासमी, मोहम्मद असादुल्लाह मैनेजर रैबो कॉन्वेंट, मास्टर मिन्हाज अंसारी, मोहम्मद समीर लोहा भंडार, नायाब अंसारी, शमी उल्लाह सपा नेता,अहमद सगीर, ने दिल से बधाई देते हुए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि इस नई ज़िम्मेदारी को सफलता पूर्वक निभाने की शक्ति प्रदान करें और उनके ज्ञान व कार्यों में निरंतर वृद्धि करें।

### सीडीओ ने बक्सर में विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** नवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज ने बक्सर स्थित पौराणिक मां चंडिका देवी दरबार पहुंचकर मां के दरबार में दर्शन कर विकास संबंधी योजनाओं को देखा तथा साफसफाई तथा विद्युत व्यवस्था को लेकर एसडीएम को निर्देश दिए सी डी ओ कृतिराज शुक्रवार दोपहर बाद तहसील क्षेत्र के प्रसिद्ध पौराणिक स्थल मां चंडिका देवी दरबार पहुंचकर मंदिर में पूजन अर्चन किया उसके बाद नमामि गंगे घाट, सत्संग हाल तथा अन्य कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया। एस डी एम रणवीर सिंह से कहा कि मंदिर परिसर में नवरात्र के आने से पहले सफाई अभियान चला कर सफाई कराई जाए वही दूर से आने वाले पर्यटकों की सुगमता के लिए मार्ग में लाइट व्यवस्था दुरुस्त रखी जाय बक्सर घाट पर स्नान करने आने वाले लोगों के लिए स्टीमर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान चौकी इंचार्ज राजेंद्र मिश्रा, डिंपल दुबे, गौरव दुबे आदि रहे।

### बंद पड़े पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रक से तीस हजार का डीजल चोरी

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर पुलिस चौकी छबील चौकी से महज एक किलोमीटर दूर छेंदरौली में नवनिर्मित बन्द पड़े जिओ पेट्रोल पंप के निकट खड़े ट्रक से बीती रात लगभग 30,000 रुपए कीमत का डीजल चोरी हो गया। इस मामले में ट्रक मालिक ने पेट्रोल पंप के चौकीदारों के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार लखनऊ जनपद के थाना गोसाईगंज अंतर्गत नगराम निवासी सुनील वर्मा का ट्रक गुरुवार रात बक्शी का तालाब लखनऊ से कोल्ड ड्रिंक लादकर उड़ीसा के लिए रवाना हुआ था । इस ट्रक को लोनीकटरा के छेंदरौली गांव निवासी अश्विनी कुमार पुत्र रामकुमार रावत चला रहा था जबकि रायबरेली जनपद निवासी महेंद्र कुमार क्लीनर की ड्यूटी कर रहा था। चालक ने बताया कि रात 10 बजे जब वह अपने गाँव के निकट पहुंचा तो यहां पर स्थित पेट्रोल पंप के चौकीदार से अनुमति लेकर ट्रक को पंप के कट पर खड़ा कर क्लीनर को ट्रक पर छोड़कर घर चला गया। क्लीनर महेंद्र ने बताया कि रात्रि 12-00 बजे तक वह जाग रहा था उसके बाद पंखा चलाकर वह ट्रक के अंदर सो गया। सुबह उठने पर ट्रक के बैटरा को चार्ज करने के लिए जब उसने ट्रक स्टार्ट किया तो मीटर ट्रक में तेल न होने की बात बता रहा था रात किसी समय टैंकी से डीजल चोरी हो चुका था। घर से आये चालक ने इसकी जानकारी तत्काल 112 पुलिस व मोटर मालिक को दी। पुलिस द्वारा मौका मुआयना किया गया और पुलिस चौकी पर रिपोर्ट दर्ज करवाने की सलाह दी गई। ट्रक मालिक ने बताया कि उन्होंने घटना स्थल से 5 किलोमीटर पहले गोसाईगंज में स्थित नेरा पेट्रोल पंप से टैंकी फुल कराकर उड़ीसा के लिए रवाना किया था।

### सड़क पार कर रहे बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, महिला गम्भीर रूप से घायल

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** प्यारेपुर सरैया के पास हाईवे पर सड़क पार करते समय एक मोटर साइकिल सवार को कार ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे मोटर साइकिल पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल महिला को उपचार के लिये भेजा गया। जबकि पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।जानकारी के अनुसार प्यारेपुर गांव निवासी टिंकू रावत पुत्र रामकुमार रावत बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे और हाईवे पर स्थित मोड़ से गांव की तरफ मुड़ते समय लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर अयोध्या की ओर से आ रही तेज रफ्तार एक कार ने जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे बाइक पर सवार एक महिला के सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई।जबकि बाइक चला रहे युवक और और उसके बच्चे को मामूली चोटें आई हैं।घटना के बाद स्थानीय व राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई।और इसकी सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई।सूचना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस के माध्यम से घायल महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया।वही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

### शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत पर शोकसभा कर दी गई श्रद्धांजलि

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सर्वोच्च न्यायालय के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में टीईटी की अनिवार्यता होने के बाद तनाव में चल रहे शिक्षक संदीप द्विवेदी की 13 सितंबर को हार्ट अटैक से मौत हो गई थी शिक्षक साथियों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र में शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। 50 वर्षीय संदीप द्विवेदी बेसिक शिक्षा विभाग में बीघापुर ब्लाक के चिलौली विद्यालय में शिक्षक थे। 13 सितंबर को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शिक्षकों ने एकत्रित होकर उनके चित्र पर माला पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व कृतित्व को याद किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह व महामंत्री विजय सिंह ने कहा कि युवा साथी का असमय जाना निश्चित ही कष्टकारी है। उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राज किशोर गौतम ने कहा कि मेरे साथ लंबे समय तक शिक्षक संगठन में महामंत्री का दायित्व निर्वाह करने वाले संदीप के कार्य से जहां शिक्षक संगठन ऊंचाई पर पहुंचा वहीं शैक्षिक उन्नयन में भी उनका योगदान अनुकरणीय है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में प्रमुख रूप से जयशंकर वर्मा, गणेश शंकर गुप्ता, संजय पांडे, संजीव मिश्रा, पवन सिंह, दुर्गेश शुक्ला, गरिमा गुप्ता, संदीप शुक्ला,अंकुर सिंह, प्रभाकर दीक्षित मुकेश गौतम आदि रहे।

# स्कूल गए चार बच्चे लापता

- बच्चा चोर गैंग की जिले में दहशत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर मे स्कूल गये अनुसूचित जनजाति मंगता बिरादरी के चार बच्चो के गायब होने से हड़कंप मच गया परेशान परिजनों ने थाने मे बच्चो के लापता होने की तहरीर दी है।

बताते चले कि गुरुवार की सुबह सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी पिंटू का 9 वर्षीय पुत्र ठुन्नी 6 वर्षीय शनी व विपिन का 8 वर्षीय पुत्र अंकित व 5 वर्षीय राज गांव मे ही स्थित स्कूल मे पढ़ने के लिए गये थे जो वापस नही आये घर वापस न आने पर परिजनों ने तलाश शुरु की लेकिन बच्चो का पता नही चल सका। परेशान हाल परिजनों ने थाना सफदरगंज मे बच्चो के लापता होने की तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार लापता बच्चे भीख मागने का कार्य करते है जो प्रमुख चौराहो एव बाजारों मे अक्सर भीख मांगते रहते थे।

बहरहाल बच्चो का पता न चलने से हड़कंप मचा हुआ है परिजनों के मुताबिक बच्चे शाम तक हमेशा वापस आ जाते थे लेकिन गुरूवार की सुबह जब से बच्चे घर से निकले है वापस नही लौटे है।

परिजनों की तहरीर पर सफदरगंज पुलिस चौराहो एव बाजारों मे लगे सीसीटीवी कैमरो के जरिये बच्चो की तलाश मे जुटी हुई है। थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर बच्चो की तलाश की जा रही है।

### सीएचसी पर लगे स्वास्थ्य मेले का 416 मरीजों ने उठाया लाभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित स्वास्थ्य मेले में 416 मरीजो का उपचार किया गया। आगामी 2 अक्टूबर को जिला अस्पताल में आयोजित होने वाले शिविर में रक्तदान करने के लिए ढाई दर्जन गणमान्य लोगों ने अपना पंजीकरण कराया। स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिनेश रावत एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह द्वारा किया गया। इस अवसरजिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल,चेयरमैन आलोक तिवारी, कार्यक्रम के संयोजक मण्डल अध्यक्ष रजत मिश्रा एवं कार्यक्रम का संचालक महामंत्री संतोष श्रीवास्तव, डा0 जयशंकर पाण्डेय अधीक्षक, संजय रावत स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, अम्बरीश मिश्रा फार्मासिस्ट, मनीष श्रीवास्तव बी.पी.एम., मनीष कुमार ब्लाक लेखा प्रबन्धक, बद्री विशाल मिश्रा उपस्थित रहें।

# जननी जनक महोत्सव में पूजे गए, 55 जीवित माता-पिता



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पारिजात युवक समिति के संस्थापक स्व रामनरेश रावत द्वारा शुरू की गई जीवित माता पिता की पूजा अर्चना का कार्यक्रम जननी जनक महोत्सव की परम्परा का निर्वहन करते हुए उनके पुत्र अरुण प्रताप रावत ने सफदरगंज में 31वाँ जननी-जनक महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 55 माता पिताओं की श्रद्धा भाव से विधिवत पूजा अर्चना हुई। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधान सत्यनाम रावत ने कहा कि यह आयोजन स्वर्गीय रामनरेश रावत की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उनकी मान्यता थी कि मृत्यु के उपरांत किए जाने वाले श्राद्ध की प्राप्ति पूर्वजों तक होती है या नहीं, यह आज तक प्रमाणित नहीं हो सका। अतः जीते-जी माता-पिता की पूजा ही सच्ची श्रद्धा का प्रतीक है। सतीश विश्वकर्मा ने कहा कि माता-पिता से बढ़कर इस संसार में कोई देवता नहीं है। जीवनकाल में उनकी पूजा-अर्चना की यह परंपरा अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय है।

इस अवसर पर समिति के संस्थापक स्व. रामनरेश रावत के सुपुत्र अरुण रावत ने कहा कि पिताश्री को अपने माता-पिता की सेवा का अवसर अल्पकाल तक ही मिल सका, और यही उनके जीवन की गहरी कसक रही। समाज में यह कुरीति प्रचलित रही है कि संतानें बुढ़ापे का सहारा बनने के बजाय अपने माता-पिता को असहाय छोड़ देती हैं। ऐसी परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 1995 में उन्होंने माता-पिता के जीवित रहते ही पूजा-अर्चना करने की इस अद्वितीय परंपरा का शुभारंभ किया। आज यह महोत्सव न केवल जनपद के अनेक ग्रामों में बल्कि पड़ोसी जनपद रायबरेली में भी उत्साहपूर्वक मनाया जाने लगा है। सरोज रावत ने आए हुए सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सांस्कृतिक सचिव स्वामीनाथ ने किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष रामशंकर रावत, महामंत्री जगत जीत सिंह, सुशील मास्टर, रामलखन रावत, ऋषि यादव, डॉ. रामेश्वर प्रसाद, निर्मल कुमार, राजेंद्र प्रसाद सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नकदी सहित लाखो का माल चोर लेकर चंपत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



हैदरगढ़ कोठी मार्ग पर परिषदीय विद्यालय के पीछे स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मिश्रन पुरवा गांव में स्थित एक घर में बीती रात हुई चोरी में चोर हजार रुपए की नगदी सहित लाखों रुपए कीमत के जेवर चुरा लें गए। भोर में लघुशंका के लिए उठने पर महिला को चोरी का पता चल सका। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके का निरीक्षण एवं लिखा पढ़ी करने के बाद वापस चली गई।

गांव निवासी लायकराम पुत्र मिश्रीलाल शर्मा लखनऊ में रहकर दवा सप्लाई का काम करते हैं। कोठी मार्ग से मिश्रन का पुरवा मार्ग पर स्थित घर में उनकी पत्नी नीरज पुत्री महक 15 व पुत्र आलोक रंजन 14 के साथ रहती है। नीरज ने बताया अन्य दिनों की तरह वह खाना पानी के बाद रात्रि लगभग साढ़े 11 बजे मकान के नाम पर एकमात्र कमरे में पड़े दो तख्तो पर बच्चों के साथ सो रही थी। भोर साढ़े तीन बजे नीद खुलने पर कमरे में रखी अलमारी खुली मिली। उसका लाकर टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ पड़ा था।

अलमारी में रोजमर्रा के खर्च के लिए रखे लगभग एक हजार रुपए व लगभग दो-ढाई लाख रुपये कीमत के जेवर गायब थे। जिसकी सूचना लखनऊ में रहने वाले पति के अलावा डायल 112 पुलिस को दी।

### महिला व पुत्री ने पुलिस पर लगाया अभद्रता का आरोप

सूचना पाकर पहुंची पुलिस पर महिला व पुत्री महक ने अभद्रता का आरोप लगाया। बताया कि पुलिस ने यहां पहुँचते ही उससे मोबाइल लेकर वाट्सअप, फेसबुक व इंस्टाग्राम चेक करना शुरू कर दिया। यही नहीं पूछताछ के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणी भी की। वही चोरी की सूचना पर घर पहुंचे लायक राम ने बताया कि पुलिस छानबीन एवं लिखा पढ़ी करके चली गई है। मुकदमा दर्ज करने के लिए उसे कोतवाली बुलाया नहीं गया है।



### सुनील कुशवाहा बने युवा जिला महामंत्री

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जनपद प्रभारी सर्वेश सिंह चौहान एवं प्रदेश मंत्री गुड्डी बाजपेई की उपस्थिति में युवा जिला कमेटी का विस्तार शास्त्री चौराहे के पास स्थित होटल में किया गया, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी ने सर्वसम्मति से संगठन का विस्तार किया जिसमें रेडीमेड गारमेण्ट व्यवसायी सुनील कुमार कुशवाहा को युवा जिला महामंत्री दायित्व सौंपा गया। उनसे आशा की गयी कि संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे, इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, जिलामहामंत्री अभय टंडन, जिलाकोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफ्ताब, हाजी चांद मंसूरी, शहर अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, उघोग मंच के जिलाअध्यक्ष भारतेन्द्र नाथ भारद्वाज, रेडीमेड ऐसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देव गुप्ता, युवा जिला उपाध्यक्ष शेख नबाब, रिषभ शर्मा, दीपू कुशवाहा, आशीष कुशवाहा, आशीष कुमार, शाहरुख वारसी आदि उपस्थित रहे।

### ओबीसी डिपार्टमेंट के जिलाध्यक्ष मनोनीत



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** कॉन्ग्रेस पार्टी के ओबीसी डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद व प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने जिले में ओबीसी डिपार्टमेंट के जिला अध्यक्ष पद पर शैलेंद्र सिंह शाक्य एवं शहर अध्यक्ष पद पर मोहित शर्मा को नोमिनेट किया। जिला एवं शहर अध्यक्ष बनने पर बधाई देने वालो में जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, शहर अध्यक्ष मो. राशिद, पीसीसी सदस्य प्रशान्त तिवारी, मलखान सिंह यादव, पल्लव दुबे, सतीश नागर, नरेंद्र यादव, कोमल सिंह कुशवाह, शोजब रिजवी, आसिफजादरान, सचिन शंकवार, वाचस्पति द्विवेदी, प्रेरणा जुबेरी, मनोज दीक्षित, आशाराम कठेरिया, सतीश शाक्य एवं तमाम कांग्रेस जन ने बधाई दी।

# अनामिका प्रशांत मेमोरियल स्वर्ण पदक से सम्मानित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



प्रशांत फाउंडेशन एक ऐसा नाम जो गरीबों की मदद के लिए मसीहा के तौर पर जाना जाता है। फाउंडेशन के पदाधिकारी जो मददगार बनकर उन लोगों की मदद करने पहुंचते हैं जो लोग आर्थिक हालातों की मार झेल रहे हैं अक्सर आपने प्रशांत फाउंडेशन का नाम अखबारों और यूट्यूब, चौनलों की खबरों में सुना होगा, लेकिन शायद ही कोई होगा जिसे पता हो कि इंसानियत के नाम पर स्थापित हुई यह संस्था के पीछे की आखिर कहानी क्या है। शायद ही किसी को पता हो कि ये प्रशांत नाम आखिर किसका है जिसके नाम पर समाजसेवा की अलख जगाई जा रही है। तो आज हम आपको बताएंगे कि प्रशांत फाउंडेशन की कहानी आखिर क्या है और किसके नाम पर इस संस्था को शुरू किया गया। दरअसल इटावा जिले की तहसील जसवंतनगर के नगला हरे निवासी स्व. प्रशांत कुमार यादव के नाम पर इस संस्था को शुरू किया गया।

प्रशांत कुमार यादव संस्था के सरंक्षक मान सिंह यादव के चौथे नम्बर के बेटे थे। रुद्राक्ष मैन डा. रिपुदमन सिंह, प्रशांत फाउंडेशन के संस्थापक जो अब फाउंडेशन के माध्यम से समाजसेवा एवं पर्यावरण हितैषी के रूप में अपनी धाक जमा चुके हैं एवं पर्यावरणविद् समाजसेवी डॉ. हेमंत यादव के छोटे भाई थे। प्रशांत कुमार यादव एक ऐसे होनहार छात्र थे जो पढ़ाई में तो अव्वल थे ही साथ ही समाज में बदलाव की अनोखी सोच रखते थे। प्रशांत कुमार यादव चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर में बीएससी कृषि तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे। लेकिन 8 सितंबर 2015 को कुदरत का ऐसा कहर बरपा की होनहार प्रशांत इस दुनियाँ से विदा हो गए। विश्वविद्यालय के बाल गंगाधर तिलक छात्रावास के कमरा नम्बर-5 में रहने वाले प्रशांत की करंट लगने से मृत्यु हो गयी। प्रशांत नेक और परिश्रमी छात्र थे। इस घटना ने प्रशांत के सगे संबंधियों को झकझोर कर रख दिया था। घटना के बाद प्रशांत के सभी भाइयों और दोस्तों ने विचार विमर्श और आपसी सहमति से जनकल्याणकारी प्रशांत फाउंडेशन की नींव रखी।

# छह माह बाद भी नहीं हुई गैंगरेप आरोपियों की गिरफ्तारी

- न्याय के लिए दर-दर भटक रही बेबस पीड़िता, नहीं हो रही सुनवाई
- सदर कोतवाली में 21 अप्रैल को दर्ज हुआ था मुकदमा
- दही थाना पुलिस कर रही है मामले की विवेचना

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

महिला से गैंगरेप, बंधक बनाने, मारपीट, धमकी जैसी संगीन धाराओं के मुकदमें में छह माह बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ आरोपियों की गर्दन तक नहीं पहुंच सके। जिसका नतीजा यह है कि पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। कार्रवाई न करने से आहत पीड़िता ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। सदर कोतवाली के मोहल्ला मौहारीबाग निवासी पीड़िता ने 21 अप्रैल 2025 को सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया कि वह ब्लाक कर्मी है। उसकी मां निशा और चाचा अरविंद के अवैध संबंध है। चाचा उसके साथ भी अनैतिक संबंध बनाना चाहता था। इसमें मां की भी सहमति थी। इसी के चलते उसने 18 अक्टूबर 2024 को घर छोड़ दिया और किराए पर रहने लगी। 25 अक्टूबर उसका चाचा, मां, भाई और उसके दोस्त ब्लाक पहुंचे। जहां उसके साथ मारपीटकर असलहे के बल पर उसे वहां ले आए और किशोरी खेड़ा निवासी शरद द्विवेदी के घर में कैद रखा। यहां उसे 17 दिन तक कैद रखकर शारीरिक और मानसिक शोषण किया।

11 नवंबर की भोरपहर किसी तरह मौका मिलने पर वह वहां से जान बचा कर भागी। पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर 21 अप्रैल 2025 को उसकी रिपोर्ट दर्ज हुई लेकिन अभी तक मुकदमें में नामित 10 आरोपियों में से किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई।

#### रास्ते में घेराबंदी कर देते हैं जान से मारने की धमकी

पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने अग्रिम जमानत की अर्जी न्यायालय में दाखिल की थी जो खारिज हो चुकी है। गिरफ्तारी न होने से आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे है। ड्यूटी जाते समय रास्ते में घेराबंदी की जाती है। इससे वह अपनी ड्यूटी भी ठीक से नहीं कर पा रही है।

#### अपने ही बने जान के दुश्मन

न्याय की आस में दर-दर भटक रही बेवा के दुश्मन कोई और नहीं बल्कि अपने ही है। जिन लोगों पर उसने मुकदमा दर्ज कराया है उनमें उसकी मां, चाचा, फूफा, दो भाई और उनके दोस्त शामिल है।

#### भाई करता है गांजा व असलहे का व्यापार

पीड़िता का कहना है कि उसका भाई अपराधी प्रवृत्ति का है। वह अवैध असलहों के साथ गांजे का व्यापार भी करता है। इसकी शिकायत सीओ से करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

#### दही पुलिस को नहीं मिल पा रहे अपराधी

पीड़िता के साथ अपनों की अदावत के इस पेंचीदा मामले की रिपोर्ट तो सदर कोतवाली में दर्ज हुई थी लेकिन इसकी विवेचना दही पुलिस को दी गई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने की आईजीआरएस पोर्टल पर हुई शिकायत में दही पुलिस ने दबिश देने और आरोपियों के न मिलने की तथा गिरफ्तारी के प्रयास जारी होने की आख्या लगाकर शिकायत निस्तारित कर दी।

# अध्यक्ष ने बाइक रैली का किया शुभारंभ



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

सर्वजन सुखाय पार्टी की विधानसभा द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाली गई जिसका शुभारंभ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव के द्वारा झंडा दिखाकर किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी को संबोधित करते हुए कहा हमारी पार्टी प्रत्येक विधानसभा में पार्टी के प्रचार प्रसार हेतु मोटरसाइकिल रैली निकालेगी और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रैली में आए हुए सभी का अभिवादन करते हुए हौसला अफज़ाई की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, प्रमुख महासचिव रामदास यादव, प्रदेश महासचिव अभिलाख यादव, प्रदेश सचिव सुशील यादव, प्रदेश सचिव राजा यादव, प्रदेश सचिव अजय राठौर, कानपुर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, जिलाध्यक्ष विनय यादव, कानपुर मंडल महासचिव मनोज यादव आदि पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता बन्धु मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा में ब्रह्मकुमारियों ने आध्यात्मिक ज्ञान से कराया साक्षात्कार

- संतों के आशीर्वाद से सशक्त तन-मन और समाज की ओर एक प्रेरणादायक पहल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



सरस्वती मेडिकल कॉलेज नवाबगंज में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य है स्वस्थ मन, स्वस्थ तन। इस श्रृंखला में आज ब्रह्मकुमारियों का शुभ आगमन हुआ, जिन्होंने अपने आध्यात्मिक ज्ञान, नैतिक शिक्षाओं और जीवनदायिनी विचारों से उपस्थित जनों को आत्म-संयम, शांति और परमात्मा से जुड़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बहन कुसुम दीदी एवं उनके सहयोगी परिवार ने मानव कल्याण की दिशा में आध्यात्मिक पारदर्शिता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मेडिकल सुपरिन्टेन्डेन्ट डॉ (प्रोफ) श्वेतांक अग्रवाल ने ब्रह्मकुमारियों का आभार व्यक्त करते हुए ध्यान और आत्मचिंतन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा ध्यान हमें नकारात्मक भौतिकता से दूर कर परमात्मा से जोड़ता है, जिससे सम्पूर्ण विकास संभव होता है। इस अवसर पर डॉ हरेन्द्र, डॉ शैलेन्द्र, एवं डॉ शीबा भी उपस्थित रहे और उन्होंने ब्रह्मकुमारियों की शिक्षाओं को समाज के लिए प्रेरणास्पद बताया। विशेष रूप से इस कार्यक्रम में उपस्थित संतों एवं आध्यात्मिक गुरुओं से प्राप्त आशीर्वचन एवं आशीर्वाद ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया। उनके सान्निध्य में उपस्थितजनों ने आत्मिक ऊर्जा का अनुभव किया और सेवा पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा प्राप्त की।

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 01 अक्टूबर को राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी प्रस्तावित है, जिसमें सभी नागरिकों से सहभागिता की अपील की जाती है।

### महिला ने सिपाही पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बारासगवर थाना क्षेत्र के दयालगंज निवासी माया देवी पत्नी सधन लाल ने जिलाधिकारी को पत्र देकर गांव में होलिका दहन स्थल की भूमि पर कब्जा करने तथा बारा सगवर थाने में तैनात सिपाही पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। माया देवी ने डी एम को पत्र लेकर आरोप लगाया कि गांव में होलिका दहन स्थल की जमीन सुरक्षित है मेरे द्वारा बारा सगवर थाने में शिकायत की गई लेकिन मौके पर पहुंचे हल्का सिपाही चंद्रेश कुमार सिंह ने निर्माण कार्य को बंद नहीं कराया। मेरे द्वारा लेखपाल को बुलाया गया लेखपाल द्वारा उक्त गाटा संख्या को होली का स्थल बताया गया सिपाही चंद्रेश सिंह मौके पर फिर आए और कहा निर्माण नहीं रुकेगा। होलिका स्थल पर सिपाही की सह पर विद्यासागर पुत्र दीनदयाल से सांठ गांठ कर निर्माण कार्य करवा रहे हैं। काम रुकवाने के लिए थाने में तीन वर्षों से तैनात सिपाही चंद्रेश सिंह ने रूपया 20000 की मांग की है। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि मामला राजस्व विभाग का है। पुलिस पर आरोप बेबुनियाद है।

# कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : जयप्रकाश

- नवागत पुलिस अधीक्षक ने ग्रहण किया जिले का कार्यभार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



जिले के नये पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह यादव ने शुक्रवार को जनपद पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करते हुए उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पुलिस लाइन सभागार में पत्रकार वार्ता करते हुए नवागत कप्तान श्री सिंह ने बताया कि अपराध नियंत्रण उनकी प्राथमिकता में रहेगा। भ्रष्टाचार किसी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आईपीएस अधिकारी जयप्रकाश सिंह का बीते दिन लखनऊ सुरक्षा से उन्नाव तबादला किया गया था। जनपद पहुंचते ही पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया और पुलिस लाइन स्थित सभागार में पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में कहा कि कानून व्यवस्था सर्वोपरि है।

अपराध नियंत्रण भी प्राथमिकता में रहेगा। उन्होंने कहा कि ईमानदार और कर्तव्य के प्रति निष्ठावान पुलिसकर्मियों को जहां सम्मान दिया जाएगा, वहीं भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिसकर्मियों की खैर नहीं। जनता और पुलिस के बीच मधुर संबंध होने चाहिए, जिससे अपराध पर नियंत्रण हो सके। सूचनाएं छिपाने वाले पुलिसकर्मियों की भी खैर नहीं है। बीते दिन पुलिस के कई आला अधिकारियों का तबादला किया गया था। जिसमें उन्नाव के पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर को प्रतापगढ की कमान दी गई है। जयप्रकाश सिंह 2013 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं। जनपद आने से पहले वह इटावा और लखनऊ सुरक्षा में सेवारत थे।

# छात्र-छात्राओं का भविष्य बनाएगा टेबलेट: अर्चना पांडेय

▸ नेहरू पीजी कॉलेज में टेबलेट का वितरण

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



नेहरू पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत टेबलेट का वितरण करते हुए, विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा शिक्षा के विकास में टेबलेट का बड़ा योगदान है।

उन्होंने कहा छात्र छात्राएं टेबलेट के माध्यम से देश दुनिया की तकनीकी जानकारी हासिल कर आगे बढ़ सकेंगे। इसका प्रयोग भविष्य बनाएगा लेकिन दुरुपयोग भविष्य को खत्म कर देगा। वह सभी भाग्यशाली हैं जिनको पढ़ाई के लिए टेबलेट मिला है। प्रदेश सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं के तहत टेबलेट वितरण किया जाना तकनीकी सशक्तिकरण के रूप में मील का पत्थर साबित हो रहा है। सरकार की मंशा है कि इसके माध्यम से आप तकनीकी और उच्च शिक्षा को बेहतर तरीके से प्राप्त करें। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने अपने बाल्य जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा तब इस प्रकार की सुविधाएं नहीं थी। आज तकनीकी समय में एक क्लिक से आप देश दुनिया की विभिन्न गतिविधियों से जुड़ सकते हैं। नवीनतम ज्ञान और अद्यतन सूचनाओं से समृद्ध हो सकते हैं। टैबलेट आपके अध्ययन को सुगम बनाएगा। कॉलेज प्रबंध समिति की सचिव श्रीमती इंदिरा दुबे ने कहा युवा देश की शक्ति का स्रोत हैं। देश के युवा तकनीकी से जुड़ेंगे तो देश तीव्र गति से विकास पथ पर बढ़ेगा। प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह ने कहा इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना और सीखने की प्रक्रिया को सुगम बनाना है जिससे वे तकनीकी रूप से भी सक्षम हो सकें। टैबलेट वितरण का क्रियान्वयन एवं संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उदय पाल सिंह ने किया।

# भागवत कथा में कृष्ण जन्म होते ही गूंज उठे जयकारे

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



नगर के आवास विकास कॉलोनी में पूर्व बैंक अधिकारी अरविंद दुबे के आवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म होते ही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। भक्ति गीतों पर महिलाओं ने जमकर डांस किया आचार्य राजेश कुमार अग्निहोत्री नेकहा व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए।

अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। आचार्य जी ने कहा जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर नन्द के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल भजन पर श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दी गई, एक-दूसरे को मिठाईयां बाटी गई। इससे पहले पूर्व चेयरमैन राजीव दुबे ने अंग वस्त्र पहनाकर आचार्य श्री को सम्मानित किया। कथा में परीक्षित का दायित्व श्रीमती गीता देवी एवं अरविन्द कुमार दुबे ने निभाया। कथा के दौरान अजय दुबे (ग्रामीण बैंक), आशुतोष दुबे अवनी, आरु, आदी, सिद्धिका, दीक्षा दुब, अनीता दुबे शिवम दुबे सत्यम पांडेय आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## विद्युत चोरी के लिये फीडर मैनेजर होंगे जिम्मेदार

**कालपी,जालौन।** अब लाईन हानि व विद्युत चोरी तथा अन्य समस्याओं के लिए फीडर मैनेजर जिम्मेदार होगा। इसके लिए विभाग ने लाईनमैन से लेकर अधीक्षण अभियन्ता तक को यह जिम्मेदारी सौंपी है। अगर व्यवस्था मे खामी मिली तो मैनेजर को ही जिम्मेदार माना गया है। विद्युत विभाग अभी तक आम उपभोक्ता को सुधारने मे लगा है इसके लिए पहले चरण में नंगे तारों की जगह केबिल डाली गई अब इलेक्ट्रॉनिक मीटर के बाद स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं जो दस हजार से बकाया होने पर लोगों की बिजली गुल हो जा रही है लेकिन अगले वित्तीय वर्ष में विद्युत व्यवस्था प्रीपेड होने की सम्भावना है पर इससे पहले विभाग अपनी कमिया दुरूस्त कर लेना चाह रहा है।

# प्रदर्शनी का किसानों एवं छात्र-छात्राओं ने किया अवलोकन



प्रदर्शनी का अवलोकन करती छात्राएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व, कृतित्व, न्यू इंडिया/ 2047 की परिकल्पना एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित 15 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का अवलोकन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, प्रगतिशील किसानों, के.के.सी.एन. तथा के.के. इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपयुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी एवं जिला विकास अधिकारी श्री नरेंद्र देव द्विवेदी ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह की महिलाओं के साथ एक विचार गोष्ठी आयोजित की।राजकुमार लोधी ने कहा कि आजीविका मिशन सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि सिलाई- कढ़ाई, पशुपालन, जैविक खेती, खाद्य प्रसंस्करण और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में महिलाओं को स्वरोज़गार, ऋण, कौशल विकास और विपणन के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह मिशन त्वरित लाभ देने वाला नहीं, बल्कि धीरे-धीरे सशक्तिकरण की ओर ले जाने वाला मार्ग है। यह महिलाओं को लखपति से करोड़पति बनने तक की यात्रा में सहयोग करेगा, बशर्ते उनमें दृढ़ इच्छाशक्ति और समर्पण हो। उन्होंने आजीविका मिशन को महिला सशक्तिकरण का सशक्त प्लेटफार्म बताया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी आलोक कुमार यादव द्वारा छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं किसानों को प्रदर्शनी की विस्तार से जानकारी दी गई।

# पुलिस की गोली से मासूम को बंधक बनाने वाला घायल, रेफर

▸ मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी हुए घायल
▸ प्रेमिका को बुलाने की जिद में बच्चे को बनाया था बंधक
▸ एएसपी के नेतृत्व में पुलिस फोर्स व एसओजी ने किया रेसक्यू





**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

शहर के हाइवे किनारे स्थित कांशीराम कालोनी में उस समय हडकंप मच गया, जब प्रेमिका की चाहत में प्रेमी ने उसके मासूम बेटे को तमंचे की नोंक पर बंधक बना लिया। करीब सात घंटे चले रेस्क्यू आपरेशन के बाद हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली से प्रेमी घायल हो गया, जबकि एसओजी प्रभारी भी चुटहिल हुए हैं। घायल को सौ शैय्या अस्पताल से मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर किया गया। मासूम को पुलिस ने सकुशल बंधकमुक्त कराकर उसे अस्पताल भिजवाया। इस दौरान एएसपी समेत कई थानों का पुलिस फोर्स व जिले की एसओजी टीम मौके पर जुटी रही। शहर की कांशीराम कालोनी के ब्लॉक नंबर 84 में शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे तालग्राम थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी दीपू पुत्र अखिलेश अचानक आ धमका। यहां उसने अपनी प्रेमिका के तीनों बच्चों को अपने कब्जे में लेकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

कालोनी के लोगों ने किसी तरह दो बच्चों को तो उससे छुड़ा लिया। जबकि 8 वर्षीय प्रियांशू को उसने तमंचे की नोंक पर कमरे में बंधक बना लिया। पहले तो कालोनी के लोगों ने छुड़ाने का प्रयास किया, लेकिन गोली मार देने की धमकी के चलते वह लोग पीछे हट गए। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस पहले तो काफी देर तक युवक को समझाती रही, लेकिन वह कभी बच्चे, तो कभी अपनी कनपटी पर तमंचा सटाकर गोली मारने की धमकी देता रहा, जिससे पुलिस पशोपेश में पड़ी थी। मामला बिगड़ते देख अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार ने मौके पर गुरसहायगंज समेत कई थानों का पुलिस फोर्स बुला लिया। पुलिस पहले तो हाथ जोड़ कर अनुनय-विनय करती रही, बाद में एसओजी टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। दोपहर एक बजे से पुलिस का शुरू हुआ रेस्क्यू आपरेशन करीब 7 घंटे बाद तब सफल हो पाया, जब पुलिस ने सर्तकता बरतते हुए पहले तो बंधक बनाए गए, मासूम को सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया। इस बीच युवक ने फायर झोंक दिया। जबाबी कार्रवाई में पुलिस की एक गोली उसके पैर में जा धसी। इसके बाद घायल हुए युवक को पुलिस ने एंबुलेंस से दिलूनगला गांव स्थित सौ शैय्या अस्पताल भिजवाया। वहां से उसे गंभीर हालत में मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी देवेश पाल के भी हाथ में चोंट आई है। उन्हें भी सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया।

## जनता की समस्याओं का निस्तारण ही चौपाल का मुख्य उद्देशः रतीराम




**जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़।** शासन के निर्देशन में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम पंचायतों में जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ब्लॉक गुगरापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत अकबरपुर व सौंसरापुर में जनचौपाल लगाई गई। जिसमें अकबरपुर 2 सौंसरापुर में 2 शिकायतें दर्ज हुई। अधिकारियों ने समस्याओं को संबंधित को निस्तारण करने के निर्देश दिए। खण्डविकास अधिकारी रतीराम ने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण ही चौपाल का मुख्य उद्देश्य है। ग्रामीणों को सरकार के द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा हो। शासन की योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाने एवं उनकी समस्याओं का समाधान कराने के लिए प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाई जा रही है। चौपाल में सभी विभागों से मौजूद अधिकारियों ने अपने- अपने विभाग के सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सचिव, ग्राम प्रधान सहित आदि लोग रहे।

# टीईटी समस्या को लेकर तिर्वा विधायक ने सीएम को लिखा पत्र

▸ शिक्षक संघ की मांग पर उठाया शिक्षकों के हित में बड़ा कदम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर प्रदेश भर के शिक्षकों में गहराई चिंता के बीच जनपद के शिक्षकों ने तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत को ज्ञापन सौंपते हुए समाधान की मांग की। शिक्षक संघ की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने तत्काल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप कुमार को पत्र लिखकर, आरटीई के लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त किए जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने 1 सितंबर 2025 को दिए गए निर्णय में निर्देशित किया है कि विभाग में



विधायक कैलाश राजपूत को ज्ञापन देते शिक्षक संघ के पदाधिकारी

कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षिकाएं दो वर्षों के भीतर टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करें, अन्यथा उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाएगी। इस निर्णय से शिक्षकों में भारी असंतोष व्याप्त है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जिला कन्नौज की इकाई के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार यादव के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षक- शिक्षिकाएं विधायक के तिर्वा स्थित आवास पर एकत्र हुए और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त लाखों शिक्षकों को टीईटी की बाध्यता से मुक्त किया जाना चाहिए। इस ज्ञापन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक कैलाश राजपूत ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर शिक्षकों के भविष्य की रक्षा करने हेतु पुनर्विचार याचिका दायर करने और शिक्षकों को टीईटी से मुक्त करने की मांग की।

शिक्षक संघ के जिला महामंत्री बृजपाल भदौरिया, जिला कोषाध्यक्ष आशीष राजपूत, जलालाबाद ब्लॉक महामंत्री अबधनारायण ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए इसे शिक्षक हित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया।

# विशेष अभियान चलाकर त्योहार के दृष्टिगत गड्ढा मुक्त करें सभी सड़कें

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

▸ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क को गड्ढामुक्त करने की जिम्मेदारी तय, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक कर जनपद की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दो माह के भीतर जनपद की हर सड़क दुरुस्त होनी चाहिए और इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के सभी खंड, मंडी परिषद, जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत, नगर पालिका एवं नगर पंचायत, सिंचाई विभाग, विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि नगर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों के गड्ढामुक्ति समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करें। इसी प्रकार खंड विकास अधिकारियों को आदेशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को मनरेगा के तहत गड्ढा मुक्त कराया जाए।

साथ ही लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को भी जिम्मेदारी दी गई कि प्रमुख मार्गों, संपर्क मार्गों और पंचायत क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत तत्काल प्रभाव से शुरू की जाए।

# पूर्व सांसद का बयान संविधान का उल्लंघन: विजय द्विवेदी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें पार्टी प्रवक्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कन्नौज सांसद अखिलेश यादव तथा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के संबंध में दिए गए अमर्यादित, अभद्र और असंवैधानिक बयानों की तीव्र निंदा की। पार्टी प्रवक्ता विजय द्विवेदी ने कहा कि सुब्रत पाठक द्वारा बार- बार अखिलेश यादव के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करना, उनके घर फूंकने जैसी बातें करना न केवल राजनीतिक हताशा का प्रतीक है, बल्कि यह संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का



सपा कार्यालय पर प्रेस करते सपा नेतागण

भी उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि केवल अखिलेश यादव का नाम लेकर चुनाव लड़ने भर से कोई उनके समकक्ष नहीं बन जाता। इस प्रकार की बयानबाजी कन्नौज की जागरूक जनता का अपमान है, जो अखिलेश यादव के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों पर गर्व करती है। प्रदेश सचिव एवं प्रवक्ता आकाश शाक्य तथा वरिष्ठ नेता अनिल पाल ने भी सुब्रत पाठक के बयान की कड़ी आलोचना कर कहा कि जब से कन्नौज की जनता ने उन्हें नकारा है, वे मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए निरंतर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सांसद का चरित्र पूर्व से ही अराजक रहा है और वे सत्ता के नशे में समाज में उथल- पुथल फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। कहा कि अब प्रदेश की जनता, विशेषकर पी.डी.ए. (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज पूरी तरह से जागरूक हो चुका है और भाजपा के किसी भी प्रकार के षड्यंत्र में फंसने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि पीडीए समाज कानून के दायरे में रहकर अराजकता फैलाने वालों से निपटना जानता है। इस मौके पर सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, महासचिव रामसेवक राजपूत, सलोवा जिलाध्यक्ष अंशू पाल, हुकुम सिंह यादव, सपा नेता विवेक पाल, विनोद यादव, राकेश कठेरिया, दरोगा कटियार, शशिमा सिंह दोहरे, भोले कुरैशी, आशीष यादव बीडीसी, अजय कश्यप, बजरंग सिंह चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# भवन निर्माण में शिथिलता पर डीएम हुए नाराज

**निर्माण कार्यों में मैनपावर और मशीनरी लगाकर तेजी लाने के निर्देश**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज निर्माणाधीन तहसील उरई, आवासीय तहसील भवन चौरसी मोड़ तथा राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में बन रहे 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए मजदूरों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि समय की बर्बादी न हो और निर्धारित समय-सीमा के भीतर परियोजनाएं पूरी



निर्माणाधीन सदर तहसील का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश पांडेय।

की जा सकें। उन्होंने कहा कि यह सभी निर्माण कार्य जनहित से जुड़े हैं, किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी दी कि निर्माण की गुणवत्ता पूर्ण और प्रत्येक कार्य मानकों के अनुरूप ही किये जायें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि समयबद्ध ढंग से निर्माण कार्य पूरे होने पर आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा और विकास की रफ्तार भी तेज होगी।

## अंधे बुजुर्ग ने आयुषमान कार्ड बनाने के बहाने जमीन हड़पने का लगाया आरोप

**कोंच,जालौन।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सलैया खुर्द निवासी सुख सिंह पुत्र अजमेर सिंह ने दिन शुक्रवार को एसडीएम ज्योति सिंह को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मेरे पिता अजमेर सिंह उम्र करीब 75 वर्ष जो आंखों से अंधे हैं और बीमार रहते हैं जिनके दो पत्र हैं एक पुत्र करीब 10 वर्ष से लापता है मेरे पिता के पास दूर का रिश्तेदार बरुआ से आता जाता है और उसने पिता के बीमार व अंधेपन का फायदा उठाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने के बहाने अपने पक्ष में 24 मई 2025 को कूट रचित हैबेनामा करा लिया जिससे जमीन हड़पी जा सके और दाखिल खारिज कराकर 14 अगस्त 2025 को किसी अन्य के पक्ष में बैनामा भी कर दिया।

# कोंच नगर पालिका ने गोताखोरों को किया सम्मानित

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कोंच नगर में पिछले माह नगर में आई भीषण बाढ़ के दौरान कई घटनाएं सामने आई। ऐसे समय में गोताखोरों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने लगातार मुस्तैदी दिखाते हुए जनहानि को रोकने और लोगों की मदद करने में अहम योगदान दिया। इसी सेवाभाव को देखते हुए नगर पालिका परिषद कोंच द्वारा गोताखोरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में ईओ मोनिका उमराव ने सभासद महेंद्र कुशवाहा, विनोद सोनी के साथ मिलकर गोताखोर चन्द्रशेखर कुशवाहा और गुड्डा को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह व प्रशस्त्र पत्र भेंट कर सम्मानित किया। ईओ मोनिका उमराव ने कहा कि संकट के समय गोताखोरों ने बिना अपनी परवाह किए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित निकालने और राहत कार्यों में सक्रिय योगदान दिया। उनका साहस और तत्परता नगर के लिए प्रेरणा का कार्य है। सभासद महेंद्र कुशवाहा व विनोद सोनी ने भी गोताखोरों की बहादुरी और सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि आपदा की घड़ी में उनका सहयोग अविस्मरणीय है और नगरवासी उन्हें हमेशा याद रखेंगे। सम्मान पाकर गोताखोर चन्द्रशेखर कुशवाहा और गुड्डा ने भी नगर पालिका का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह भविष्य में भी किसी भी जनसेवा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# नदी से बरामद हुए शव की शिनाख्त

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार दोपहर यमुना से बरामद हुई अज्ञात लाशों की शिनाख्त हो गई। एक कुठौंद थाना क्षेत्र का निवासी था जिसे आत्महत्या करने के बाद परिजनो ने बहा दिया था तो दूसरा फिरोजाबाद से दो सप्ताह पहले गायब हुआ था। विदित हो कि कोतवाली पुलिस को गुरुवार दोपहर सूचना मिली थी कि क्षेत्र के ग्राम मैनूपुर गांव के पास यमुना में दो मानव शव मौजूद है। सूचना को संज्ञान में लेकर पुलिस ने उन्हे बाहर निकाला तो एक लाश के हाथ पर सुखराम भपैय्यापुर लिखा था तो दूसरे के पास मिले आधार कार्ड के आधार से जांच शुरू की तो शुक्रवार को उनकी शिनाख्त हो गई है। कोतवाली के सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार के अनुसार सुखराम पुत्र गंगा केवट कुठौन्द थाना क्षेत्र के ग्राम सिलऊआ का रहने वाला था और विगत कुछ दिनों से अपनी मौसी के घर भपैय्यापुर थाना अमराहट जिला कानपुर देहात मे रह रहा था लेकिन उसने 5 दिन पूर्व आत्महत्या कर ली थी लेकिन पुलिस को सूचित किए बगैर पुलिस ने उन्हे यमुना में बहा दिया था जो बहकर यहां किनारे लग गया था तो दूसरे शव की पहचान मौके पर मिले आधार कार्ड के आधार पर ब्रजमोहन पुत्र ब्रजेश निवासी रामनगर एसआरडी स्कूल के पास फिरोजाबाद के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक वह विगत 13 दिनों से गायब था वह नदी में कैसे पहुंचा इसकी कोई जानकारी नही है। कोतवाली प्रभारी परमहंस तिवारी के अनुसार शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

पोषण अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बाल विकास सेवा एवं पुष्टाचार विभाग जनपद जालौन द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी के अंतर्गत विकास खण्ड कार्यालय के सभागार में सीडीपीओ चन्द्र प्रभा खरे जिला समन्वयक ऋषभ पांडेय ट्रेनर शिवम राजपूत ब्लाक कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार व मुख्य सेविका डोली प्रीती की देखरेख में प्रशिक्षण दिया गया।

जिसमें उपस्थित कार्यकत्रियों को समन्वयक ऋषभ पांडेय ने बताया कि शून्य से 6 साल के बच्चे के लिए पोस्टिक आहार सबसे जरूरी है क्योंकि इस उम्र में पोषण की कमी से न केवल शारीरिक विकास प्रभावित होता है बल्कि बच्चों के सीखने और समझने की क्षमता भी कमजोर हो जाती है इसके साथ ही मातृ स्वास्थ्य और गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार उपलब्ध कराने पर भी जोड़ दिया गया। उन्होंने यह बताया कि यह कार्यक्रम दिनांक 19 सितम्बर से 22 सितम्बर तक अनवरत रूप से चलेगा जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण देते हुए प्रशिक्षित किया जाएगा आज के कार्यक्रम में लगभग एक सैकड़ा से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री अंजली वर्मा केंद्र चचेड़ा, कंचन वेद कौशलपुर, श्वेता तिवारी धन सैनी, रागिनी भास्कर सतोह, आरती धमसेनी, उषा वर्मा अमीटा उषा देवी रुखना, संगीता छिरावली रानी अमीटा, अनीता बिरासनी, सुनीता धम सैनी, रामदेवी सोनी, संगीता देवी बिलाया, संगीता भरसुड़ा, सीमा प्रजापति, सरोज बिरासनी, स्नेहलता जुझारपुरा, संतोषी कूड़ा, राजेश्वरी बड़ौदा कला, लक्ष्मी कुदरा खुर्द, मीना उमरी, नीलम बड़ौदा कला, रामपुर सनेता उर्मिला, अनीता गुरावती, रानी ,मंजू खैरी सुनीता ,उपासना संगीता सामी, प्रियंका असुपुरा, मालती दबकाई ,सरोज कुदरा, शशि प्रभा सामी, दिरावटी, शकुंतला कृष्ण मोहिनी सिमरिया, मांडवी, बसंती बिरगुवा बुजुर्ग, अल्पना भदारी, अनीता, उषा अंडा, स्नेह लता बरसेसी, रंजना दिरावटी, सीमा रानी पड़री, सुनीता पटेरिया, सोनी बदनपुरा, रचना पनयारा आदि महिलाएं मौजूद रही।

# बीते दो दिनों से गंगा का जलस्तर 30 सेंटीमीटर ऊपर पहुंचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा का जलस्तर चेतावनी बिन्दु से करीब 30 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है। जिससे ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार करीब एक माह से अधिक समय से ग्रामीण बाढ़ का दंश झेल रहे हैं। जलस्तर कुछ घटा था, तो लोगों को उम्मीद थी कि चलो अब जलस्तर घट रहा है, लेकिन पिछले दो दिनों से गंगा का जलस्तर फिर बढ़ने लगा है। यह चेतावनी बिन्दु से 30 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है और खतरे के निशान से 20 सेंटीमीटर दूर है। गुरुवार रात को गंगा के जलस्तर में 15 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई। जिससे जलस्तर बढ़कर 136.90 मीटर हो गया। गंगा का चेतावनी बिन्दु 136.60 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 137.10 मीटर पर है। केंद्रीय जल आयोग की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार गंगा में 161454 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिससे जलस्तर में और वृद्धि की संभावना है। रामगंगा का जलस्तर 135च50 मीटर पर है। खो बैराज से 10343 क्यूसेक, हरेली बैराज से 5340 क्यूसेक और रामनगर बैराज से 2853 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिससे गंगा का जलस्तर बढ़ने से करणपुर घाट, माखन नगला, बनासीपुर जैसे तटवर्ती गांवों में पानी भर गया है। ग्रामीणों की मुश्किलें बनी हुई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आवागमन मुश्किल से शुरू हो पाया था, लेकिन अब पानी दोबारा बढ़ने से दिक्कतें फिर बढ़ेंगी। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो चित्रकूट ड्रिप (स्टेट हाईवे) पर दोबारा पानी आ सकता है।


गांव में भरा बाढ़ का पानी

# पानी का निकास न होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुगोरा गांव में पानी का निकास न होने के कारण घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। जिससे लोगों को निकलने बैठने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संक्रामक रोग फैलने की आशंका जतायी है।

जानकारी के अनुसार ब्लॉक बढ़पुर की ग्राम पंचायत चौसपुर के ग्राम गुगोरा के ग्रामीणों ने बताया कि लगभग दो या तीन महीने होने जा रहे हैं, घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे ग्रामीणों को निकलने बैठने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बच्चों को स्कूल आने जाने में भी परेशानी हो रही है। बच्चे गंदे पानी से होकर निकल रहे हैं। कई बार इसकी शिकायत ब्लॉक बढ़पुर के सचिव आलोक त्रिपाठी से की, तो उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र हमारे अंडर में नहीं आता है। इसकी शिकायत मुझसे दोबारा नहीं करना। इसकी शिकायत पी.डब्लू.डी. में जाकर करें, क्योंकि यह पी.डब्लू.डी. के कार्य क्षेत्र में आता है। ग्रामीणों का कहना है गंदगी के कारण संक्रामक रोग जैसे खांसी, जुकाम, बुखार आदि फैलने की आशंका प्रबल हो गयी है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है इस गांव में निकास की व्यवस्था करायी जाये। जिससे ग्रामीण संक्रामक रोगों से बच सकें।


सड़क पर भरे गंदे पानी से निकलते बच्चे

# स्मार्ट मीटर से जनता परेशान, 700 से बढ़कर 4000 तक पहुंचा बिजली बिल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में लगाए गए स्मार्ट मीटर लोगों के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उपभोक्ताओं को मनमाने ढंग से बिजली बिल भेजा जा रहा है। जिन परिवारों का बिल पहले हर महीने 700 से 1000 तक आता था वहीं अब उनसे 3500 से 4000 रुपये तक की वसूली की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर के नाम पर बिजली विभाग द्वारा खुला भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उपभोक्ता परेशान होकर बिजली घर का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सुनवाई के नाम पर केवल आश्वासन ही मिल रहा है। कमालगंज कस्बे की शास्त्री नगर द्वितीय निवासी प्रेमलता शुक्ला ने का आरोप है कि बिल सही न होने पर शिकायत दर्ज कराने के बावजूद विभागीय कर्मचारी न तो सुधार कर रहे हैं और न ही कोई स्पष्ट जवाब दे रहे हैं। इससे आम जनता आर्थिक रूप से दबाव में आ गई है। किसान यूनियन से जुड़ी संगीता गुप्ता ने चेतावनी दी है कि अगर विभाग ने जल्द ही बिलों की सही जांच कर पारदर्शिता नहीं दिखाईए तो वह आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।


शिकायतकर्ता का स्मार्ट मीटर

# गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान शिव की बारात

- जगह-जगह भक्तों ने पुष्पवर्षा व आरती उतारकर किया स्वागत

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात भगवान शिव की बारात गाजे बाजे के साथ निकाली गयी। भक्तों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर आरती उतारी। कंपिल स्थित प्राचीन नगरी में रामलीला महोत्सव के दौरान गुरुवार देर रात शिव बारात निकाली गई। गाजे बाजे के साथ निकली इस बारात का नगरवासियों और शिवभक्तों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। बारात का शुभारंभ शिव तांडव के साथ हुआ। इसमें भगवान गणेश, शिव-पार्वती, ब्रह्मा, माता दुर्गा और राधा-कृष्ण सहित विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां शामिल थीं। भूत-पिशाचों और शिव के गणों की वेशभूषा में कलाकारों ने जीवंत प्रदर्शन कर बारात की शोभा बढ़ाई।

आकर्षक ढंग से सजे भगवान शिव और सैकड़ों बाराती नाचते गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। नगर के मुख्य बाजार में गोमती कुटीर मार्केट में समाजसेवी आदेश वर्मा और आकाश गुप्ता ने सभी शिवभक्तों को हलवा वितरित कर बारात का स्वागत किया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, ह्रदेश गुप्ता, जयचंद्र फौजी, महामंत्री कुलदीप सैनी और धन सिंह वर्मा ने भगवान गणेश व शंकर की पूजा अर्चना के बाद तिलक कर बारात को रवाना किया था। दर्जन भर से अधिक इलेक्ट्रॉनिक झांकियां शंकर जी के भूत-प्रेत अखाड़ा, राधा-कृष्ण और नाग नागिन अखाड़ा की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। बारात की व्यवस्था में रामलीला कमेटी के पदाधिकारी महामंत्री कुलदीप सैनी, उपाध्यक्ष नन्हें राठौर, कोषाध्यक्ष ऋषभ गुप्ता, किशनू चतुर्वेदी, चमन दुबे, राजू बाथम, अमित सक्सेना, सुमित श्रीवास्तव, उपेंद्र लोधी, लालन मिश्रा, निशांत दलेला, गुड्डन, रामेत राजपूत, लव वर्मा, रजनेश राजपूत, राजेश कठेरिया, राकेश कठेरिया, रौनक शर्मा उपस्थिति रहीं। उधर सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी कपिल चौधरी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।


दूल्हा बने भगवान शिव


ब्रह्मा व मां दुर्गा की झांकी

# पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर दर्जनों वाहनों के किये चालान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

उच्च अधिकारियों के निर्देशन में थाना पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। साथ ही चौराहे से अतिक्रमण भी हटवाया।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज से होते हुए चौराहे तक थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

जिसमें कई वाहनों के चालान किये गये। इस दौरान थानाध्यक्ष ने वाहन चालकों को हिदायत दी कि वह हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, अन्यथा पेट्रोल नहीं मिलेगा। नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान का शत-प्रतिशत पालन कराया जायेगा। प्रभारी निरीक्षक ने चौराहे पर रोड किनारे अतिक्रमण किये दुकानदारों को चेतावनी दी कि वह अपना अतिक्रमण तत्काल हटा लें। यदि कल तक अतिक्रमण नहीं हटा, तो कार्यवाही की जायेगी। पुलिस ने कस्बे में पैदल गश्त भी किया।

इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा गीतम सिंह, दरोगा राम सिंह, कांस्टेबिल हर्षित कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


वाहनों की चेकिंग करती पुलिस

# जमीन पर जबरिया निहास खोदने से मना करने पर दबंग ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव हमीरपुर निवासी गुड्डी देवी पत्नी सदा सिंह अपनी जमीन पर मकान का निर्माण करा रही थी। शुक्रवार लगभग एक बजे गांव सिरमौरा बांगर निवासी कमलेश कुमार व उसके साथी आकर गुड्डी देवी की जमीन पर जबरियन निहास खोदने लगे। जिस पर गुड्डी देवी ने अपनी जगह में निहास खोदने का विरोध किया। जिस पर कमलेश कुमार व उसके साथी गुड्डी देवी के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर कमलेश कुमार व उसके साथियों ने गुड्डी देवी को लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। गुड्डी देवी को बचाने आयी पुत्र वधू प्रिया पत्नी अनुज पाल, पुत्र अनुज पाल के साथ भी मारपीट की। थाना पुलिस को गुड्डी देवी पत्नी सदा सिंह ने दबंग युवक उसके साथियों के खिलाफ तहरीर दी। वहीं इस सम्बन्ध में लेखपाल अनुज चतुर्वेदी ने बताया की जमीन की नाप जोख कर दी थी। दूसरी पार्टी के लोग अवैध निर्माण कर रहे थे। वहीं पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।


सीएचसी में बैठे घायल

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज थाना क्षेत्र के आजाद नगर भटपुरा निवासी 25 वर्षीय मोहम्मद चांद शुक्रवार दोपहर एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना कस्बा के एसबीआई बैंक के निकट हुई। जब वे सड़क पार कर रहे थे और एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। राहगीरों ने बाइक चालक को मौके पर ही पकड़ लिया।

हादसा दोपहर करीब 12:30 बजे उस समय हुआ जब मोहम्मद चांद बाजार से लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था। टक्कर लगने के बाद मोहम्मद चांद सड़क पर गिर गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत बाइक चालक को पकड़ लिया और घायल चांद को एक निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मोहम्मद चांद की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार उनके सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। लोहिया अस्पताल में उनका इलाज जारी है।


सीएचसी में भर्ती घायल युवक

# शासन ने शारदीय नवरात्रि को लेकर मिशन शक्ति के तहत जारी किये दिशा निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शासनादेश के अनुसार आगामी शारदीय नवरात्रि के अवसर पर उच्च अधिकारियों ने पत्र भेजकर मिशन शक्ति के तहत अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।

आगामी शारदीय नवरात्रि को लेकर शासन से जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि दिनांक 22 सितंबर से 01 अक्टूबर तक पूरे जनपद में मंदिरों में पूजा अर्चना करने आने वाली महिलाओं, युवतियों की सुरक्षा हेतु मिशन शक्ति के तहत विशेष अभियान चलाया जाये। जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल मातहतों को शासन के आदेश से अवगत कराते हुए महिलाओं व युवतियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसी क्रम में विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों/सचिवों को बताया कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र के मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना करें तथा महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को सुरक्षा भी दी जाए।

## रोजगार मेले में 6 कम्पनियां आज करेगी प्रतिभाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में शनिवार 20 सितम्बर को रोजगार मेले का आयोजन होगा। जिसमें 6 कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। 350 रिक्तियों के सापेक्ष इच्छुक अभ्यार्थी भाग लेगें। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

## जमीन नाम करने से मना करने पर पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गांव उखरा निवासी विश्राम सिंह शुक्रवार दोपहर अपने घर पर बैठा था, तभी उसके परिजनों ने विश्राम सिंह से जमीन को अपने नाम करने को कहा। जिस पर विश्राम सिंह ने जमीन नाम करने से मना कर दिया। जिस पर परिजन विश्राम सिंह को गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर परिजनों ने युवक को लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। मारपीट में विश्राम सिंह चोटिल हो गया। थाने पहुंचे विश्राम सिंह को पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेज दिया।

# वायरल बुखार, सर्दी जुकाम, खांसी के सीएचसी में पहुंच रहे मरीज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मौसम में आ रहे बदलाव के चलते सर्दी, जुकाम, खांसी व वायरल फीवर के मरीज काफी संख्या में सीएचसी में दवा लेने पहुंच रहे हैं। सुबह से अस्पताल में मरीजों की लंबी-लंबी लाइनें देखी जा रही हैं। शुक्रवार को करीब 200 मरीज ओपीडी में पहुंचे।

जानकारी के अनुसार बारिश के बाद मौसम में ठंडक और फिर अचानक तेज धूप के साथ उमस भरी गर्मी से लोग प्रभावित हो रहे हैं। इस बदलते मौसम के कारण बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ रहे हैं। अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश मरीजों में वायरल बुखार, सर्दी जुकाम, खांसी, एलर्जी और सिरदर्द की शिकायतें पाई जा रही हैं। चिकित्साधिकारी डॉ. लोकेश शर्मा ने बताया कि मौसम के लगातार बदलने से मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि ओपीडी में प्रतिदिन 200 मरीज आ रहे हैं और इनमें से पांच गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती भी किया गया है। स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले सभी मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने लोगों से ऐसे में मौसम में विशेष एतियात बरतने की अपील की है।


खिड़की पर दवा लेते मरीज

## भाकियू की महापंचायत में 22 को हुंकार भरेगें राकेश टिकैत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाकियू के प्रवक्ता राकेश टिकैत 22 सितम्बर को प्रस्तावित किसान, मजदूर महापंचायत में भाग लेंगे। जिसके लिए तैयारी बैठक जिलाध्यक्ष अजय कटियार के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। महापंचायतों में किसानों को लेकर कई मुद्दों पर विचार रखेंगे। इस मौके पर अभय यादव, बृजेश गंगवार, सुबोध यादव, गोपी शाक्य, विमलेश शाक्य, अरविन्द गंगवार, राजेश गंगवार, शिवराम शाक्य, पवन जोशी, अजीत सोमवंशी आदि लोग मौजूद रहे।

## बाइक समेत खुले नाले में गिरा युवक, लोगों ने निकाला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर के लालगेट पर देर रात एक युवक बाइक समेत खुले नाले में गिर गया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है यह हादसा नगर पालिका की कथित लापरवाही के कारण हुआ है। जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक और उसकी बाइक को नाले से सुरक्षित बाहर निकाला। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह हादसा नगर पालिका की घोर लापरवाही का नतीजा है। उनका कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नाले को ढका नहीं गया। जिससे यह दुर्घटना हुई। लोगों ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# शीतल सांझी मंडल ने निकालीं दो दर्जन झांकियां, देखने उमड़े लोग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


पितृपक्ष के दौरान आयोजित सांझी महोत्सव के ग्यारहवें दिन गुरुवार देर रात शीतल सांझी मंडल बजरिया द्वारा लगभग दो दर्जन झांकियां निकाली गयां। जिन्हें देखने के लिए देर रात तक सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ी।

झांकियों में महाभारत के पात्रों पर आधारित दृश्यों के साथ-साथ राम दरबार, बांके बिहारी, कृष्ण-अर्जुन, महाकाली, वैष्णो देवी, तांडव करते शंकर जी और गणेश-लक्ष्मी जैसे देवी देवताओं के स्वरूप शामिल थे। महाकाली की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

महोत्सव में उमड़ी भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। दर्शक रात 2 बजे तक सड़कों पर झांकियों का आनंद लेते रहे। कमेटी के अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया कि शनिवार को परंपरा के अनुसार भगवान शंकर की भव्य बारात निकाली जाएगी। महोत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कमेटी के सदस्य लगातार सक्रिकय हैं। इस अवसर पर मुकेश दुबे, विवेक शर्मा, ऋषभ सेठ, श्याम गुप्ता, गौरव वर्मा, ईशु वर्मा, ऋषि पंडित और सिद्धार्थ सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।


राम दरबार की झांकी


कृष्ण अर्जुन की झांकी


मां काली की झांकी

# नेशनल पब्लिक स्कूल का मामला हुआ न्यायालय में विचाराधीन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नेशनल पब्लिक स्कूल की बीएसए द्वारा मान्यता रद्द कर जुर्माना लगाये जाने के मामले में डॉ. जहीर हुसैन मेमोरियल नेशनल पब्लिक स्कूल की प्रबंधिका नेहाना खान ने जानकारी देते हुए बताया कि युनूस अंसारी मेरे परिवार को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से असत्य व निराधार की गई शिकायत के आधार पर मान्यता निरस्त की गई है। जबकि इस प्रकरण के संदर्भ में अपर जिला जज/स्पेशल कोर्ट/एससी-एसटी एक्ट के न्यायालय में रेहाना खान बनाम यूनियन ऑफ इंडिया में पारित स्टे के बावजूद यह कार्यवाही की गई है। जो की पूरी तरह निराधार है। उन्होंने बताया कि कार्यवाही से पूर्व स्टे कापी बेसिक शिक्षाधिकारी के कार्यालय में रिसीव करायी गई है। शिकायतकर्ता ने हमारी भूमि पर कब्जा कर रखा है। वहीं युनूस अंसारी ने बताया कि शिकायत में कोई तत्व नहीं छुपाये गये है। जो भी शिकायत की गई वह बिल्कुल सही है। जांच अधिकारियों की रिपोर्ट पर कार्यवाही हुई है। बीएसए के अलावा रक्षा संपदा अधिकारी लखनऊ मण्डल आईडीईएस प्रोमिला जायसवाल ने भी इस मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक व छावनी बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर कार्यवाही के लिए कहा है।

# डायमंड जुबली जंबूरी के लिए बच्चों को स्काउट नियमों के सिखाये गये गुर

लखनऊ/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज लखनऊ के विद्यालय प्रांगण में डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव स्काउट मास्टर के द्वारा बच्चों को जो स्काउट एवं गाइड से जुड़े हुए हैं, प्रेरक गीतों के माध्यम से उनको प्रेरित किया। स्कूल के स्काउट मास्टर डॉ. नंदलाल, विवेक कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों को स्काउट के ज्ञान के बारे में बताया। विवेक ने स्काउट गीत के माध्यम से छात्रों में इसके प्रति अलख जगाई तथा नंदलाल ने स्काउट का मूल उद्देश्य इसकी भावना को बताएं नंदलाल एवं विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि 19वीं नेशनल जंबूरी लखनऊ में नवंबर महीने में प्रस्तावित है, इसलिए बच्चों को जागरूक किया जाए उनकी सहभागिता जिससे कि बच्चे अपने व्यक्तित्व में निखार लाएं, समाज के प्रति जागरूक हो। डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि यह जो 19वीं डायमंड जुबली जंबूरी लखनऊ के वृंदावन कॉलोनी में निश्चित है, यह एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है। जिसमें भिन्न-भिन्न देश के स्काउट एवं गाइड टेंट सिटी में रहेंगे, टेंट सिटी का निर्माण युद्ध स्तर पर जारी है। छात्र इस सिटी में कैसे जीवन यापन करते हैं, समाज के लिए कैसे सफल सिद्ध हो सकते हैं, इसलिए उनको इसमें सम्मिलित कराया जाएगा तथा बच्चे जब स्काउट के प्रति जागरूक होंगे। स्वयं का परिवार का एवं समाज का चरित्र निर्माण करने में सहयोग करेंगे। स्काउट एक अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन का कार्य करता है, विभिन्न आपदाओं में सहयोग करता है, देश के संपूर्ण विकास में सहयोग करने वाली संस्था है, इसलिए बच्चे समाज एवं देश की एक मजबूत कड़ी होते हैं बच्चे जब जागरूक होंगे तो देश विकसित होगा एवं नागरिक चरित्रवान होंगे, समाज का भला होगा। प्रधानाचार्य अशोक कुमार बाजपेई ने बच्चों को प्रेरणा दी। स्काउट का यह कार्य और कैसे सफल हो इसके लिए स्काउट प्रभारी रविंद्र कुमार मौर्या एवं विद्यालय प्रबंधन पन्नालाल गुप्ता सभी स्काउट मास्टर एवं बच्चों को यह प्रेरित कर रहे हैं कि आप लोग बच्चों में संपूर्ण विकास एवं चरित्र निर्माण में सहयोगी बने इसके लिए विद्यालय हर संभव हर आवश्यकता को पूरा करने में अपना भरपूर सहयोग देगा। इस मौके पर आनंद कुमार कनौजिया, कैलाश चंद त्यागी, अजय यादव, अखिल अहमद मंसूरी, राम खरवार, राजकुमार आदि मौजूद रहे।


स्काउट गतिविधियों में भाग लेते बच्चे

# जनपद की बेटी यशिता श्रीवास्तव ने किया नाम रोशन

## डॉ. पल्लवी को दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने किया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

डीएन डिग्री कालेज फतेहगढ़ की बीकाम में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्व विद्यालय कानपुर में वाणिज्य संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। कानपुर विश्व विद्यालय में हुए दीक्षांत समारोह राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा तीन पदकों को कुलाधिपति, कांस्य पदक, कुलपति स्वर्ण पदक, इन्दर सिंह स्वर्ण पदक द्वारा सम्मानित किया गया।

यशिता श्रीवास्तव ने प्रारम्भिक शिक्षा ब्लूबेल स्कूल फतेहगढ़ से प्राप्त की। उनके पिता ने अपनी पुत्री को पदक पाने पर हर्ष व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय डॉ. पल्लवी बीकाम, एमए संस्कृति मान्धाता सिंह सम्मानित किया गया। शोध निदेशक डॉ. विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि डॉ. पल्लवी ने अपने शोध में उत्तर प्रदेश के नगरिये व उपनगरिये ग्रामीण क्षेत्र के 600 परिवारों में आंकड़े एकत्रित करके उनका विशेलषण किया। इस अध्ययन के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं बीकॉम की छात्रा यशिता ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा पुरुस्कार व प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्रो. कुलपति, प्रो. सुधीर दीक्षित, प्रो. विनोद कुमार तिवारी, डॉ. श्याम मिश्रा ने उन्हें बधाई दी। वहीं बद्री विशाल महाविद्यालय भूगोल की छात्रा अफरोज बानो को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। एवं हिन्दी के छात्र शिवम पाण्डेय को भी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।


राज्यपाल से सम्मानित होती यशिता श्रीवास्तव

# राज्याभिषेक के साथ कथा का हुआ विराम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

श्री पांडेश्वर नाथ मंदिर में मानस विचार समिति द्वारा मानस विद्वानों एवं आयोजकों ने श्री राम का राज्याभिषेक के द्वारा कार्यक्रम संपन्न किया। पंडित अरुण गोस्वामी, डॉ. रामबाबू पाठक, पंडित पीलाराम शर्मा, पंडित रामेंद्रनाथ मिश्रा ने वैदिक मंत्र के साथ श्री राम का राज्याभिषेक किया। प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा..इसका अर्थ है कि भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के समय वशिष्ठ मुनि ने सबसे पहले तिलक किया। विद्वान जनो ने स्वास्तिक वचन मंत्रो के साथ पुष्प वर्षा की और खुशियां मनाई। मानस विदुषी संध्या दीक्षित, कुमारी आस्था शर्मा एवं आयोजन श्वेता दुबे, विजय लक्ष्मी पाठक, माधुरी सक्सेना, अलभ्या, संध्या, मांडवी आदि महिलाओं ने मंगल गीत गाकर खुशियां मनाई। आयोजकों ने भगवान राम का राजतिलक किया। स्वागता अध्यक्षत रमेश चंद त्रिपाठी, आलोक गौड़ ने सभी विद्वानों श्री राम भक्तों श्रोताओं का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। मानस सम्मेलन संयोजक डॉ0 रामबाबू पाठक ने मानस सम्मेलन के 37 वर्ष की यात्रा और अपने सहयोगी व्यक्तियों का श्री राम का राज्य और धर्म पर था सभी खुश थे, गांधी की कल्पना भारत में राम राज्य का सपना सत्य अहिंसा परमो धर्म चली आ रही है, सम्मेलन का समापन धर्म की जय हो धर्म का नाश हो प्राणी में सद्भावना हो विश्व का कल्याण हो के साथ महा आरती, प्रसाद वितरण के साथ समापन किया गया। सुदेश दुबे एवं श्वेता दुबे ने सभी विद्वानों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विशेष पाठक, विकास, अभिषेक, अजीत, किशन, राघव, प्रेम, स्पर्श, विजय अवस्थी, सुजीत पाठक, आलोक गौड़, ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री, सर्वेश अवस्थी आदि मौजूद रहे। संचालन रामेंद्र नाथ मिश्र एवं बृज किशोर सिंह किशोर ने किया।

प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा...


कथा में प्रवचन करती संध्या दीक्षित

# क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का डीआईओएस ने किया शुभारम्भ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

## छात्र-छात्राओं ने दिखवाया दमखम

क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह व संयोजक प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रधानाचार्य द्वारा डीआईओएस का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी अतिथियों व प्रधानाचार्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। 100 मीटर बालक वर्ग सीनियर रेस के साथ खेलकूद प्रारंभ हुए। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका जिला क्रीड़ा प्रभारी अतुल दास, देवेन्द्र कुमार, प्रवेश शाक्य, सत्येन्द्र सिंह, रजनीश शिवा, सुनील पाल, सुब्रत शाक्य, आरती यादव, अनुराग पटेल, केशव गंगवार, राहुल यादव, अभिषेक अवस्थी आदि ने निभाई। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत, राकेश राजपूत, दिनेश वर्मा, प्रेमपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे। इस दौरान प्रफ्फुल कुमार, सुनील कुमार, अमित गुप्ता, मजर हुसैन, रोहित सरोज, जितेन्द्र सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, नीलम, अवधेश यादव, मनीष अग्निहोत्री ने सहयोग किया। लम्बी कूद सीनियर बालक वर्ग में अभय कुमार मिश्रा प्रथम, अनुरुद्ध द्वितीय, अनिकेत तृतीय रहे।

गोला फेंक सीनियर बालक वर्ग में मिथुन प्रथम, प्रांशु द्वितीय, पारस तृतीय रहे। चक्का फेंक सीनियर बालक वर्ग में पारस प्रथम, प्रांशु द्वितीय, अर्पित तृतीय रहे। ट्रिपल जम्ब सीनियर बालक वर्ग में आशु प्रथम, शोभित द्वितीय रहे। हैमर थ्रो सीनियर बालक वर्ग में पारस प्रथम, प्रांशु द्वितीय, उज्जवल तृतीय रहे। 100 मीटर सीनियर बालक वर्ग में मुदित राजपूत प्रथम, अजय यादव द्वितीय, गोलू तृतीय रहे। 800 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में आकांक्षा प्रथम, काव्या द्वितीय रही।

100 मीटर सीनियर बालिका वर्ग दौड़ में रामादेवी प्रथम, गुलशन शर्मा द्वितीय, कविता तृतीय रही। 1500 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में पूनम प्रथम, अंशी द्वितीय, प्रांशी तृतीय रही। गोला फेंक सीनियर बालिका वर्ग में संजना प्रथम, विशन देवी द्वितीय व शोभा पाल तृतीय रही। चक्का फेंक सीनियर बालिका वर्ग में संजना प्रथम, विशन देवी द्वितीय, शोभा पाल तृतीय रही। हैमर थ्रो सीनियर बालिका वर्ग में संजना प्रथम, विशन देवी द्वितीय, गोल्डी तृतीय रही।


गोला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा

# भाकियू अखण्ड प्रदेश ने इटावा-बरेली हाइवे की जांच की उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन देकर सात सूत्रीय मांगों में इटावा बरेली मार्ग चौड़ीकरण व नवीनीकरण किया गया है। उसमें गोलमाल कम्पनी द्वारा किया गया है, जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया और मानकविहीन है।

अभी से ही हाइवे रोड क्षतिग्रस्त होने लगा है। हाइवे पर बनाये गये डिवाइडर पर जो लाइटे लगायी गई है वह तरह से फेल है। लाइटे चालू होने से पहले बंद हो जाती है। कम लाइटे होने के कारण ओवरलोड का खतरा बना हुआ। हाइवे के बीच में कट दिये गये है वह नियमानुसार नहीं है। हाउस व पेट्रोल पम्प वालों से पैसे लेकर नियम विरुद्ध तरीके से रोड बनाया गया है उसकी जांच हो। रोड पर कोई सिंगनल नहीं है। रोड पर जाली ज्यादातर नहीं है। नाले के अंदर कोई सिफ्टिंग नहीं है। एनएच-730 का निर्माण हुआ वह अभी तक 38 लोगों की हाइवे पर लापरवाही से मौत हो चुकी है। गंगा व रामगंगा पुल दोनों पुलों में बड़ा गोलमाल हुआ है। कई बार मरम्मत हो चुकी है, त्यौहार आने वाला है, ऐसे में कई बार पुल बंद हो चुका है, शीघ्र जांच करायी जाये। वहीं दूसरे ज्ञापन में ब्लाक राजेपुर के बाढ़ के कारण किसानों की ज्यादातर फसले बरबाद हुई है। मजदूर भी परेशान है। सर्वे के नाम पर पक्षपात हुआ है। पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाया जाये। बाढ़ पीड़ित इलाके में शिविर लगाकर संक्रमण रोकने के लिए दवाइयां दी जाये। 15 दिन के कार्य पूरे नहीं हुए तो किसान यूनियन आंदोलन करेगी।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सोलंकी, राष्ट्रीय महासचिव राजेश दीक्षित उर्फ बबलू, जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक, भानु वर्मा, छन्नू प्रधान, रवि शुक्ला, मोहित खन्ना, अमित त्रिपाठी, पूरन सिंह, गिरीश चंद्र शाक्य, राजवीर सिंह, इकरा खान, शांति देवी, मुन्नी देवी, आशा राजपूत आदि मौजूद रहे।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

# मण्डलीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए बालिकाओं का हुआ चयन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

स्वर्गीय ब्रह्म दत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का ट्रायल स्टेडियम फतेहगढ़ में संपन्न हुआ। जिसमें 40 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। जनपद से ट्रायल में चयनित 11 बालिकाएं 20 सितंबर को मंडलीय टीम सब जूनियर बालिका कबड्डी के ट्रायल के लिए छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में प्रतिभाग करेगी। कानपुर मंडल से चयनित बालिकाएं राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका टीम कबड्डी टीम 24 सितंबर से 26 सितंबर तक स्टेडियम कासगंज में प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। जनपद से ट्रायल से चयनित बालिकाएं को जिला क्रीडाअधिकारी कर्मवीर सिंह यादव ने बधाई दी। ट्रायल कुलदीप यादव सचिव जिला कबड्डी एसोसिएशन की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजीव श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष कबड्डी सुभाष यादव, कोच विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, अंशुल कुमार, सुनील पाल, अंकित कुमार, साधना, प्रिया, सेजल, दीपक आदि लोग उपस्थित रहे। जनपद से चयनित बालिकाएं नैंसी, मोनिका, लवी, उमानसी, रूपाली, सुहानी, दीपाली, करिश्मा, अंजलि, श्वेता, अनुष्का यह बालिकाएं सब जूनियर बालिका कबड्डी मंडल टीम के लिए कानपुर में प्रतिभाग करेंगी। टीम कोच विमलेश कुमार बालिकाओं को लेकर जाएंगे।


प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी

# डॉ. राजीव पाठक ने महामण्डलेश्वर से लिया आशीर्वाद


अवधेशानंद गिरी को रामदरबार देते डॉ. राजीव पाठक व उनकी पत्नी

## विनीता पाठक ने किया स्वागत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सूरज अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक व समाजसेवी डॉ. राजीव पाठक ने अपनी पत्नी विनीता पाठक के साथ हरिद्वार पहुंचकर महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी से आशीर्वाद लिया। जूना अखाड़ा के पीठाधीश महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

उनके आश्रम में पहुंचकर उन्होंने बटुको से भी मुलाकात की और प्रार्थना सभा में भाग लिया। अवधेशानंद गिरी ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि हरिद्वार आना ही अपने आप में सुख है। मानव ने जन्म लिया है वह अगर हरिद्वार आकर गंगा स्नान कर लेता है तो उसके सभी पाप धुल जाते है। जो भी इस माह में मां गंगा में डुबकी लगाता है उन्हें सुख समृद्धि प्राप्त होता है। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ उनके प्रवचन सुने और आशीर्वाद प्राप्त किया।


छात्र का तिलक करते प्रबंधक व प्रधानाचार्य

## बच्चों को दिया गया स्काउट गाइड का प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीपी ग्लोबल स्कूल निसाई मोहम्मदाबाद में स्काउट एंड गाइड दीक्षा समारोह का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण में जिला संगठन कमिश्नर चमन शुक्ला, ब्लॉक स्काउट मास्टर राजेपुर वैभव सोमवंशी, ब्लॉक गाइड कैप्टन राजेपुर हिमलेश शाक्य, ब्लॉक स्काउट मास्टर मोहम्मदाबाद अनुराग चतुर्वेदी ने प्रतिभाग कर बच्चों को स्काउट एवं गाइड से संबंधित प्रशिक्षण दिया। जिला संगठन कमिश्नर चमन शुक्ला ने बच्चों को स्काउट का इतिहास बताया। प्रबंधक अमित चौहान ने सभी बच्चों को तिलक लगाकर एवं प्रधानाचार्य शशिकांत बाजपेई ने मिष्ठान खिलाकर बच्चों को दीक्षा संस्कार दिलाया। प्रबंधक अमित चौहान ने सभी स्काउट पदाधिकारियों का सम्मान किया एवं बच्चों को बताया कि स्काउट का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। स्काउट एक चरित्रनिर्माण का स्वयंसेवी आंदोलन है, जिससे हम सभी को जुड़ना है। प्रधानाचार्य शशिकांत बाजपेई ने सभी का आभार प्रकट किया। शिक्षक चंदन कुमार, आशीष शाक्य, धर्मेंद्र कुमार, निकिता यादव ने व्यवस्था में सहयोग किया। संचालन स्काउट मास्टर वैभव सोमवंशी ने किया।

# सांसद व डीएम ने ओपन जिम का किया लोकार्पण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सांसद मुकेश राजपूत व जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 से जिला ग्राम्य विकास अभिकरण में स्थापित ओपन जिम का लोकार्पण किया।

ओपन जिम में जनता के इस्तेमाल के लिए साइकिल रोअर, बोनी राइडर, क्रॉस ट्रेनर, एयर वाकर, आर्म व्हील, एडोमिनल बोर्ड एवं चेस्ट एवं सोल्डर प्रेस उपकरण के साथ कास्ट आयरन की दो बैंच व एक सोलर लाइट लगाई गई है।

जिसकी लागत 8.226 लाख है, इस अवसर पर सांसद ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया मिशन के अंतर्गत उनकी प्रेरणा से जनपद में ऐसी कुल 75 ओपन जिम की स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कपिल कुमार, संवंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारी, डीआरडीए व विकास भवन के कर्मचारी मौजूद रहे।


जिम करते सांसद व डीएम

# सांसद व आर्मी अफसर ने फीता काटकर दिव्यांग शिविर का किया शुभारंभ


कृत्रिम पैर का निरीक्षण करते सांसद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

एसएन साध ट्रस्ट द्वारा डॉ. रजनी सरीन के संयोजन में आयोजित दिव्यांग शिविर का सांसद मुकेश राजपूत एवं मिलिट्री के सीओ ने फीता काटकर शुभारंभ किया। निकट एनएकेपी डिग्री कॉलेज के सामने सेवा केन्द्र पर शिविर में जयपुर फुट संस्था भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति के विशेषज्ञ सुमित, वेद, गनेश, अवधेश, हरीश, ईएनटी के स्पेशलिस्ट डॉ0 शिखर सक्सेना तथा उनकी टीम परीक्षण कर मरीजों को निःशुल्क दवायें तथा कान की मशीन वितरित की। दिव्यांग सेवा शिविर में एसएन साध ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी राकेश साध, चमकेश साध मौजूद रहे। मधु साध, प्रिया साध, रीतेश साध, राहुल साध, अमर साध, उदयपाल, विजय कुमार, आकाश सिंह कश्यप, शीष मेहरोत्रा, रोहित गर्ग, राहुल कश्यप, नितिन कश्यप, रजत कश्यप, सुजीत श्रीवास्तव, अंकुर पाठक, अमन, नरेश, जगदीश, रोविन, शेखर साध, बाशु ने सहयोग किया। शिविर में टोटल 190 रजिस्ट्रेशन हुये। जिसमें बांटे गये उपकरणों की संख्या व्हीलचेयर 10, बैशाखी 26, कैलीपर 27, वॉकर 12, वाकिंग स्टिक 34, कृत्रिम पैर 12, कृत्रिम हाथ 5, कॉन की मशीन 64, जूते 24 जोड़ी वितरित किये गये।

## सीएमओ के उत्पीड़न से परेशान होकर सीएचसी प्रभारी ने दिया त्याग पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा गाली-गलौज व अभद्रता से आहत होकर मोहम्मदाबाद स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी ने जिलाधिकारी व जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष को अपना त्याग पत्र सौंप दिया है। सनी मिश्रा पुत्र रामचन्द्र मिश्रा आजाद नगर मोहम्मदाबाद जो वर्तमान समय में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहम्मदाबाद में चिकित्साधिकारी के पद पर तैनात है। दिये गये त्याग पत्र में दर्शाया कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में व्यस्त था, उसी समय मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवनीन्द्र कुमार भी वहां आ गए और कार्यक्रम सम्बंधित जानकारी मुझसे प्राप्त करने लगे। इसी दौरान सीएमओ किसी बात पर भड़क गए और मुझे भरी जनसमा के समक्ष गन्दी गन्दी गालियां तथा मेरी नौकरी खा जाने की धमकी देने लगे। इस घटना से मुझे मानसिक आघात पहुंचा है। जिस कारण वह अपने क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सम्बंधित सेवाएँ देने की स्थिति में नहीं है। कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि सीएमओ इससे पूर्व भी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ गाली गलौज व मारपीट कर चुके हैं। ऐसे निरंकुश व गाली गलौज करने वाले अधिकारी के अंडर में मैं काम व नौकरी करने में असमर्थ हूं। सीएमओ के उत्पीड़न से त्रस्त होकर मैं अपने पद से त्याग पत्र दे रहा हूं।

# सांसद ने सेवा पखवाड़ा के तहत किया पौधरोपण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सांसद मुकेश राजपूत ने खानपुर स्थित एसटीपी प्लांट में पौधारोपित किया और संगोष्ठी को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। वन विभाग द्वारा 75 पौधे रोपित किए गए।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फदेश के ही नहीं बल्कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है, उनकी सरकार द्वारा सुशासन व्यवस्था से देश निरंतर प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था भारत को वैश्विक पटल पर मजबूत करने का कार्य कर रही है, वह वर्तमान भारत की युवा पीढ़ी के आइकॉन है, संगठन और सरकार द्वारा उनके जन्मदिन से आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम भी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पर्यावरण के संतुलन के लिए पौधारोपित करने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके संगठन और सरकार ने जागरूकता पैदा करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री की सेवा और समर्पण की भावना उनके व्यक्तित्व को हर वर्ग में लोकप्रिय बनाती है।

प्रधान सेवक के रूप में उन्होंने जनकल्याण के ऐतिहासिक कार्य किया। जिला महामंत्री डीएस राठौर ने कहा 2014 से भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व मिला देश प्रगति के नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है रक्षा सुरक्षा महिला कल्याण जैसे गंभीर मुद्दों पर भी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेने में अपने पांव पीछे नहीं खींचे। संचालन वीरेंद्र कठेरिया ने किया।

इस मौके पर धर्मेंद्र राजपूत, अभिषेक बाथम, जितेंद्र सिंह, विकास पांडे, संजीव गुप्ता, अनूप कुमार, आनंद दीक्षित, अभिषेक बाजपेई, कृष्ण मुरारी राजपूत, शिवम मिश्रा, अमन बाथम, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।


वृक्षारोपण करते सांसद मुकेश राजपूत

# मतदाता सूची की शुद्धता व विश्वसनीयता लोकतंत्र के लिये जरूरी : सपा जिलाध्य

**सपा ने मांगी विशेष गहन पुनरीक्षण 2003 व 7 जनवरी 2025 के प्रकाशन की तिथि की सूची**



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी के प्रतिनिधि अपर निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह को मांग पत्र सौंपा। जिसमे मांग की गई कि जनपद मीरजापुर के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में करीब दो हजार एक सौ तिरालिस पोलिंग स्टेशन में करीब 18 लाख 95 हजार 893 मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज है। विशेष पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची को शून्य करके बी0एल0ओ0 घर-घर जाकर एक-एक मतदाता का सत्यापन करेंगे और गणना प्रपत्र फार्म (एनूमरेशन फार्म) भरेंगे। सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के दौरान कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध, दुरूस्त बनाने के लिए बी0एल0ओ0 के साथ समाजवादी पार्टी के बी0एल0ए0 (बूथ लेवल एजेन्ट) सहयोग करेंगेए सत्यापन में मृतकए स्थाई रूप से स्थानान्तरित, बहुस्थानीय प्रविष्ठियों और लापता मतदाता आदि मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काट दिये जायेंगे। 2003 के बाद कई बार पोलिंग स्टेशनों का सम्भाजन एवं पुर्नगठन हुआ हैए जिसमें बड़ी संख्या में मतदाताओं के बूथ (पोलिंग स्टेशन) व मतदान केन्द्र (पोलिंग सेन्टर) बदल गये है, जिन्हें चिन्हित करना बहुत जरूरी है।

बी0एल0ओ0 के साथ सत्यापन कार्य में सहयोगी बी0एल0ए0 (बूथ लेवल एजेन्ट) के पास उस बूथ (पोलिंग स्टेशन) की मतदाता सूची उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है।

समाजवादी पार्टी मांग करती है कि जनपद मीरजापुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिये समाजवादी पार्टी को 2003 की मतदाता सूची व 07 जनवरी 2025 को अन्तिम प्रकाशन के बाद से पुनरीक्षण शुरू करने की तारीख के बीच की मतदाता सूची निःशुल्क उपलब्ध कराई जाये जिससे कि मतदाता सूची को शुद्ध, दुरूस्त कराने में बी0एल0ओ0 को बी0एल0ए0 पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान किया जा सकें। मतदाता सूची की शुद्धता व विश्वसनीयता लोकतंत्र के लिये जरूरी है।

इस मौके पर सत्यप्रकाश यादव, झल्लू यादव, राणा प्रताप सिंह, सोकिम अहमद, विमल पटेल, शिवकुमार यादव, आदर्श यादव, राजेश भारती, शिवम मौर्या, प्रिन्स राव, रामजी बिन्द, मनोज पाण्डेय आदि मौजूद रहें।

# यूरिया खाद नहीं मिलने से महिलाओं का हंगामा, सड़क किया जाम




**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

साधन सहकारी समिति भटवारी दिघिया पर सचिव द्वारा किसानों को टोकन जारी करने के बाद भी खाद नहीं मिलने पर नाराज महिला किसानों ने समिति के सामने हंगामा करते हुए सड़क को जाम कर दिया।

जाम कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी व चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय ने महिलाओ को समझाते हुए खाद दिलाने का आश्वासन देते हुए जाम कर रहे महिलाओ को समिति के सामने कतार में लगवाया है। डीएम पवन कुमार गंगवार के निर्देश पर पहुँचे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह समिति पर पहुंचकर हंगामा कर रहे महिला किसानों को आश्वासन दिया है कि यूरिया खाद एक ट्रक समिति पर आ रही है और नियमानुसार खाद का वितरण कराया जायेगा। जिन किसानों को यूरिया खाद के लिए टोकन जारी किया गया है।

उन्हें प्राथमिकता के आधार पर खाद का वितरण किया जायेगा तब जाकर किसान शांत हुए किसानों का आरोप है की समिति के सचिव व चौकीदार द्वारा खाद वितरण में अनियमिता किया जा रहा है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्एसडीएम ने खाद वितरण को सुचारु रूप से करने के लिए राजस्व निरीक्षक की तैनाती किया है। इस संबंध में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने बताया की समिति पर खाद नहीं मिलने पर महिलाओ द्वारा सड़क पर उतरकर हंगामा की सूचना पर पहुंचकर किसानों को खाद दिलाने का आश्वासन देते हुए शांत कराया गया है।

## खबरें एक नजर में

### महिला कि सर्पदंश से मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा रौतेलिया मोहल्ले में गुरुवार को खेत में घास काटने के लिए गई महिला को सर्प ने डंस लिया जिस पर महिला ने घर आकर सर्प डंस की बात परिजनों को बताई और अचेत हो गई। परिजनों द्वारा महिला को मिर्जापुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में उपचार के लिए लेकर गए। जहां पर उपचार के बाद महिला कि हालत में सुधार होने पर महिला को उसके परिजनों द्वारा घर लेकर चले आए। जहां पर शाम को महिला की हालत फिर से बिगड़ने पर परिजनों द्वारा फिर से मिर्जापुर लेकर जा रहे थे की रास्ते में महिला की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के सिकटा गांव के रौतेलिया मोहल्ले निवासी कोमल की 45 वर्षीय पत्नी सपना खेत में घास काटने के लिए गई थीं की सर्प ने डंस लिया। महिला ने घर आकर सर्प डंस की बात अपने परिजनों को बताई और अचेत हो गई। महिला के परिजनों द्वारा महिला को मिर्जापुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में उपचार के लिए लेकर गए। जहां पर महिला की हालत में सुधार होने पर परिजनों द्वारा महिला को घर लेकर चले आए फिर से महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए लेकर जाते समय महिला की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। मृत महिला को दो पुत्री व दो पुत्र है महिला के परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना नहीं दिया गया।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा घायल, रेफर

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के नदिहार बाजार में बाइक के धक्के से साइकिल सवार छात्रा घायल रेफर। जानकारी के अनुसार लक्ष्मीना 16 वर्षीय पुत्री वंश राज निवासी कोनभरहवा किसान इंटर कॉलेज में कक्षा 9 की छात्रा है। स्कूल से छुट्टी होने पर घर जा रही थी की बाइक सवार अभय कुमार 22 वर्षीय पुत्र विजेंद्र निवासी धनसीरिया की टक्कर हो गई जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को राजगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाए गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद लक्ष्मीना को बेहतर इलाज के लिए मिर्जापुर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया और डॉक्टर ने अभय कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया।

### बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर घायल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर सोनगढ़ा गांव के बार्डर पर गुरुवार की रात्रि में बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर युवक का उपचार चल रहा है। थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी प्रवेश कुमार बाइक से बड़ा गांव की तरफ से घर की तरफलौट रहा था कि जैसे ही राजपुर सोनगढ़ा गांव के बॉर्डर पर पहुंचा के भाई का नियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी जिससे बाइक सवार युवक गिरकर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। पहुंचे ग्रामीणों ने बाइक सवार युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा उपचार किया जा रहा है।

### नगर पंचायत चौक की बोर्ड बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत चौक कार्यालय के सभागार में बीते गुरुवार को नगर पंचायत की बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर के विकास कार्यों को गति देना और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराना रहा। इस दौरान सड़क निर्माण, नाली निर्माण, साफ–सफाई व्यवस्था, पथ प्रकाश, डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन तथा यूज़र चार्ज जैसे अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती संगीता देवी ने की। उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता, विकास और मूलभूत सुविधाएं सर्वोच्च प्राथमिकता होंगी। उन्होंने सभी सभासदों और कर्मचारियों से सहयोग की अपील की और कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान पर ईओ ओमप्रकाश यादव, प्रधान लिपिक रमेश चंद समेत नगर पंचायत के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। चर्चा में सभासद नेहा यादव, रंजू देवी, नरोत्तम प्रसाद, गोवर्धन प्रसाद, हरी लाल, हरकेश बहादुर, विजय कुमार मद्धेशिया, आशीष साहनी, पी.के. वर्मा, उर्मिला देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। बैठक के दौरान ईओ ओमप्रकाश यादव ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रस्तावित योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए।

### पितृपक्ष में पितरों को प्रसन्न करना ही मानवता : पंकज

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नौतनवा तहसील अंतर्गत भागीरथपुर के टोला श्रीपति नगर स्थित नौतनवा विधानसभा क्षेत्र के अधिवक्ता व किसान नेता नागेंद्र शुक्ला एडवोकेट के आवास पर भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पहुंचकर उनका कुशल क्षेम जाना। उनके माता–पिता स्वर्गीय श्री पति शुक्ला माता श्रीमती कलावती शुक्ला इकलौता बेटा स्वर्गीय अमिताभ शुक्ला के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान किसान नेता नागेन्द्र प्रसाद शुक्ला एडवोकेट ने अपने सहयोगियों के साथ भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को पुष्पगुच्छ व पंचमुखी हनुमान जी का चित्र भेंट कर कर सम्मानित किया। इसके पश्चात वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि पितृपक्ष में पितरों को खुश करने के लिए हमेशा माता–पिता को खुश रखना चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि माता–पिता जीवन के लिए सर्वोपरि है। पितृ पक्ष में पितरों को खुश करना ही मानवता का धर्म है। इस दौरान नौतनवा तहसीलदार कर्ण सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष समीर त्रिपाठी जितेंद्र सिंह सोलंकी लालचंद चौधरी उमेश जायसवाल फूलचंद मोर्या संजय राय अयोध्या विश्वकर्मा रमेश चौधरी बृजेंद्र श्रीवास्तव महेंद्र जायसवाल की हकीमुल्लाह खान गोलू चौधरी विश्वकोश गुप्ता सुधीर मद्धेशिया सहित स्थानीय पुलिस सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वामी कृपानंद महाराज ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जमालपुर (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड अंतर्गत स्थित बाजार में श्याम उत्सव वाटिका में पूर्वांचल साहू समाज समिति पंजी उत्तर प्रदेश द्वारा 12 अक्टूबर को आयोजित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी महोत्सव स्नेह मिलन व सम्मान समारोह के वाहन को महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री स्वामी कृपानंद महराज जी ने शुक्रवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम सफल बनाने को लेकर बैठक कर रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार गुप्ता युवा उत्तर प्रदेश प्रभारी पूर्वांचल साहू समाज समिति ने किया। उक्त बैठक की अध्यक्षता रामनरेश गुप्ता पूर्व प्रधान परोरवां रहे।

इस मौके पर रतन गुप्ता, दिलीप गुप्ता, भोला गुप्ता, दिनेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, रविशरण गुप्ता, विनय गुप्ता, नन्दलाल गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, राजनारायन कैमी, रविशंकर गुप्ता, नीरज गुप्ता, विकास गुप्ता, विमल गुप्ता, शिवा जी, लालब्रत गुप्ता, सदानंद, गोवर्धन गुप्ता, गोपालदास गुप्ता, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# रामलीला के पांचवें दिन विभिन्न लीलाओं के मंचन ने किया दर्शकों को भावविभोर



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

नगर के गोला साहब राम स्थित रामलीला मैदान में श्री राघवेंद्र रामलीला नाट्य समिति के द्वारा आयोजित इक्कीस दिवसीय रामलीला के पांचवें दिन को विराट रूप कि झांकी,बाल चरित्र गुरूकुल, विश्वामित्र का आगमन व विदाई आदि लीला का मंचन हुआ। जिसमें विराट रूप झांकी में श्रीराम भगवान विष्णु व अन्य विभिन्न देवताओं के रूप दिखाई दिए। वही असुरों से यज्ञ की रक्षा के लिए विश्वामित्र श्रीराम, लक्ष्मण को मांगने के लिए दशरथ के पास पहुचें। दशरथ विश्वामित्र को अपने दिए गए वचन को पूरा करते हुए राम लक्ष्मण को उन्हें सौप दिया। रामलीला में समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय, प्रतीक गुप्ता दशरथ, वेंकटेश्वर पांडेय विश्वामित्र, सामर्थ वैद्य राम, वाचस्पति त्रिपाठी भरत, अश्वनी दुबे लक्ष्मण, लक्ष्य पुजारी शत्रुघन, गोविंद जायसवाल रावण कि भूमिका का सजीव मंचन किया। इस दौरान संरक्षक बचाऊ लाल सेठ, पं0 कैलाशपति त्रिपाठी व्यास, रामजी साहू, अविनाश अग्रवाल डायरेक्टर, रमाशंकर पांडेय, प्रदीप रस्तोगी, मंत्री संजय साहू, पवन जायसवाल, अमित कुमार गुप्ता, अनील गुप्ता, अजय अग्रवाल, प्रभु नाथ पांडेय, राजू गुप्ता, महेन्द्र साहू, डब्लू मिश्रा आदि प्रमुख श्रद्धाभाव से लगे रहे।

## 16 महिलाओं ने अपनाया परिवार नियोजन

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय क्षेत्र के उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को परिवार नियोजन के लिए महिलाओ के बंधयाकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे परिवार नियोजन के लिए कुल 16 महिलाओ ने अपने क्षेत्र के आशा कार्यकर्त्ताओ के माध्यम से पंजीकरण कराया। जिला मुख्यालय से आए सर्जन डॉक्टर संत लाल कि टीम ने परिवार नियोजन के लिए पंजीकरण कराने वाली महिलाओ का सफलता पूर्वक बंधयाकरण किया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की स्वास्थ्य केंद्र परिसर में परिवार नियोजन के तहत बंधयाकरण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे कुल 16 महिलाओ ने परिवार नियोजन के लिए अपने क्षेत्र के आशा कार्यकर्त्ताओ के माध्यम से शिविर में पंजीकरण कराया। जिला मुख्यालय से आए सर्जन डॉक्टर संत लाल द्वारा महिलाओ का बंधयाकरण किया गया है। इस दौरान डॉक्टर निर्मल, एआरओ संतोष गौतम, बीसीपीएम अनिल कुमार, एलटी अनिल पटेल, अखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक सहित किशोर घायल, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**




स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग एफसीआई गोदाम के सामने मैक्स वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक व किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया।

मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक व किशोर की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा गांव निवासी 35 वर्षीय राजेश अपने रिश्तेदार ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मल्लीपुर निवासी 16 वर्षीय मनीष के साथ बाइक से हलिया की तरफ से घर की तरफ लौट रहे थे की जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग मवई कला गांव स्थित एफसीआई गोदाम के पास पहुंचे की मैक्स वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक व किशोर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार व रीना पटेल ने प्राथमिक उपचार करने के बाद युवक के दाहिने हाँथ व किशोर के दाहिने पैर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक व किशोर घायल होकर एम्बुलेंस सेवा वाहन से आये थे प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों घायलों को मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है।

## करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत, मुकदमा दर्ज

**शव रखकर गोरखपुर सोनौली राजमार्ग किया जाम, मुकदमा दर्ज होने के पश्चात खुला जाम, किया अंतिम संस्कार**



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** फरेंदा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 गांधीनगर शनिनचरहिया निवासी एक युवक की मौत करेंट की चपेट में आने से होने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार फरेंदा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नंबर 8 गांधीनगर सनचरहिया निवासी करन पुत्र सुनील उम्र 18 वर्ष का मौत करेंट की चपेट में आने से हो गयी। परिजनों ने बताया कि कमरे में कोई कार्य करने के दौरान बिजली के चपेट में करन आ गया जिसको इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने देखते ही करन को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि करन को सुबह लगभग 8-50 पर इलाज हेतु मृत अवस्था में सीएससी बनकटी लाया गया था। सूचना पाकर फरेंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर शव का पंचायतनामा तैयार कराकर पोस्टमार्टम हेतु महाराजगंज भेज दिया। करन के मौत की जानकारी होते ही परिजनों पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा परिजन रोने बिलखने लगे । उनके आवास पर पहुंच कर लोगों ने ढांढ़स बंधाया ,बताया जा रहा है कि करन बहुत ही मिलनसार लड़का था। लेकिन पोस्ट मार्टम होने के पश्चात जब शव घर पहुचा तो लोगो ने गोरखपुर –सोनौली रोड पर शव रखकर रास्ता जाम कर दिया इसकी भनक लगते ही विभिन्न थानों की फोर्स पहुंच ग्ई साथ ही उनके एडिशन ल एसपी, व उपजिलाधिकारी फरेन्दा भी मौके पर पहुंच कर स्थित को नियंत्रित किया।मुआवजा की मांग तबतक करते जबतक कानूनी कार्रवाई नहीं हुई अंत में कसौधन बर्तन स्टोर के मालिक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के पश्चात ही रास्ता जाम ख़त्म किया उसके पश्चात लोगों ने शव का अंतिम संस्कार किया।

# नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

**डीएम ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश**



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

नेपाल के पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बारिश का असर अब जिले की नदियों में दिखाई देने लगा है। नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ की संभावना बढ़ गई है, जिससे प्रशासन के हाथ-पांव फूलने लगे हैं।

इस परिस्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने पूरी तरह से अलर्ट है। संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने को तैयार जिलाधिकारी ने तैयारी शुरू कर दी है।

आज शुक्रवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बृजमनगंज क्षेत्र का दौरा कर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तटबंधों की निगरानी और मरम्मत कार्य को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

डीएम संतोष कुमार शर्मा ने कहा, इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को आपातकालीन स्थिति के लिए अपनी तैयारियों को अद्यतन रखना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से जल स्तर के बढ़ने से होने वाली समस्याओं के लिए पहले से इंतजाम करने का आह्वान किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने किसानों की फसलों के नुकसान की स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिया कि अगर बाढ़ या जलभराव से किसी किसान की फसल को नुकसान होता है तो उसका तत्काल सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा समय पर प्रदान किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने प्रशासन की टीम को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

### आपदा से निपटने के लिए उपलब्ध कराए जाएं संसाधन

प्रशासन ने जानकारी दी है कि जिले की नदियों के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है और एनडीआरएफ और आपदा प्रबंधन की टीमें पूरी तरह से अलर्ट हैं। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी अप्रत्याशित घटना से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन पहले से ही उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

### जिलाधिकारी महराजगंज ने क्षेत्रवासियों से की अपील

अंत में, जिलाधिकारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे नदियों और जलाशयों की ओर न जाएं, क्योंकि बढ़ते जलस्तर के कारण यह स्थान खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सावधानी और सतर्कता ही इस समय सबसे बड़ा बचाव है। इस समय प्रशासन की पूरी कोशिश यही है कि किसी भी आपदा से बचा जा सके और जनता को सुरक्षित रखा जा सके।

# उपनिबंधक के विरोध में निकाली शवयात्रा




**पुतला फूंकने का प्रयास पुलिस के हस्ताक्षेप से टला**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

नौतनवा तहसील में बीते गुरुवार को उपनिबंधक संदीप गौड़ के खिलाफ एक बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ। स्थानीय अधिवक्ता नागेंद्र शुक्ला ने तहसील परिसर में सांकेतिक शवयात्रा निकाली और उपनिबंधक का पुतला जलाने का प्रयास किया।

बताया जाता है कि किसान नेता नागेन्द्र शुक्ल पिछले 46 दिनों से भ्रष्टाचार के खिलाफ क्रमिक अनशन पर थे और आरोप लगा रहे थे कि उपनिबंधक के कार्यों में अनियमितताएं हो रही हैं। जब शुक्ला ने पुतला दहन का प्रयास किया, तो पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप कर उन्हें हिरासत में ले लिया, जिससे तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई। शुक्ला का कहना था कि जब तक उपनिबंधक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। स्थानीय लोग और अधिवक्ता पुलिस की कार्रवाई पर नाराजगी जता रहे थे। इस घटना से तहसील परिसर में पूरे दिन राजनीतिक हलचल होता रहा।


# पत्रकारों ने विभिन्न मांगों का ज्ञापन केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री को सौंपा



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रेस क्लब ऑफ महराजगंज के अध्यक्ष अमित त्रिपाठी के नेतृत्व में पत्रकारों का एक शिष्टमंडल आज शुक्रवार को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से मुलाकात कर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को रेल मंत्रालय द्वारा पूर्व में दी जा रही सुविधाओं को पुनः बहाल करने की मांग की है।केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को दिए गए ज्ञापन में पत्रकारों की मांग थी कि कोरोना लॉकडाउन से पहले रेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारों को ट्रेनों में 50 प्रतिशत किराए में छूट मिलती थी। जिस पर कोरोना लॉकडाउन के बाद मंत्रालय द्वारा रोक लगा दी गई थी। पत्रकारों की मांग थी कि रेल मंत्री से वार्ता कर पत्रकार हित में पत्रकारों को पूर्व में मिलने वाली सुविधाओं को फिर से बहाल कराने की मांग की है। वहीं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि इस संबंध में जल्द से जल्द रेल मंत्री से मुलाकात कर उनकी मांगों को रखा जाएगा और पत्रकारों को पूर्व में मिलने वाली सुविधाओं को फिर से बहाल कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। अमितेश त्रिपाठी, आशीष शुक्ला, राहुल त्रिपाठी, आशीष सोनी, बृजेश कुमार पांडे, अनुज शुक्ला, मनोज चतुर्वेदी, शत्रुंजय सिंह, अंगद शर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव, जेडी खान भारी संख्या में पत्रकार मौजूद रहें।

# पुलिस चौकी समेत कई घरों में घुसा बाढ़ का पानी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



नेपाल के पहाड़ी इलाकों में पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश का असर अब सीमावर्ती क्षेत्रों पर साफ दिखने लगा है। निचलौल तहसील के ठूठीबारी इलाके के लक्ष्मीपुर खुर्द गांव में बाढ़ का पानी घुसने से हालात बिगड़ गए हैं।

चंदन और भौरहिया नदियों का उफान गांव के लिए बना आफत

गांव के कई घरों तक पानी भर गया है, जिससे लोग जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। हालत यह है कि लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी पूरी तरह जलमग्न हो चुकी है। चौकी परिसर और पुलिसकर्मियों के आवासों में पानी भर जाने से वे भी परेशान नजर आ रहे हैं।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि घरों में रखे सामान पानी में डूब गए हैं। यहां तक कि गांव का सरकारी विद्यालय भी बाढ़ की चपेट में आ गया है, जिसके कारण स्कूल बंद करना पड़ा और बच्चों को घर भेज दिया गया। ग्रामीण बृहस्पति यादव ने बताया कि गांव के पूर्वी हिस्से से गुजर रही झारही नदी पर बना बांध करीब 200 मीटर टूट गया, जिसके कारण बाढ़ का पानी तेजी से गांव में घुस आया। इससे न सिर्फ बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है साथ ही साथ ग्रामीणों की दैनिक जीवनचर्या भी ठप पड़ गई है।

लोग अब ऊंचे स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं। प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य की आवश्यकता महसूस की जा रही है, ताकि बाढ़ पीड़ितों को जल्द से जल्द मदद मिल सके।

# ओवरटेक के चक्कर में भिड़ीं परिवहन की तीन बसें, 29 यात्री घायल



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार सुबह जिले के भिटौली थाना क्षेत्र अंतर्गत अगया पुल के पास बड़ा सड़क हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की तीन सरकारी बसें ओवरटेक की होड़ में आपस में भिड़ गईं। इस हादसे में 29 यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया, गया जहां सभी का इलाज चल रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

अधिकारियों ने चिकित्सकों को निर्देश दिया है कि घायलों के इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस चालक ओवरटेक करने के चक्कर में संतुलन खो बैठे और देखते ही देखते तीनों बसें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि यात्री सीट से उछलकर गिर पड़े और कई को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद यात्रियों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।